स्मारिका 2003

# श्रम आराधना




मा. ठेंगड़ी जी

बरेली अधिवेशन ध्वजारोहण

प्रतिरक्षा अधिवेशन

बरेली अधिवेशन

विश्वकर्मा जी

बरेली अधिवेशन

विधान सभा प्रर्दशन

## भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश

२ नवीन मार्केट, कानपुर

*With Best Compliments From :*

# INSILCO

Degussa Group

**(AN ISO-9001 : 200 & ISO - 14001 COMPANY)**

*Manufacturers of*

**PRECIPITATED SILICA**

**Regd. Office :**
INSILCO LIMITED
A-5, UPSIDC Indl. Area,
Bhartiagram, Gajraula,
Distt. : Jyotiba Phule Nagar,
U.P. - 244223
Tel : (05924)52341-42
Fax : (05942) 52348
E-mail : insilgaj@sancharnet.in

**Head Office :**
Thapar House (3rd Floor)
Central Wing, 124 Janpath,
New Delhi - 110 001
Tel No. : (011) 23742277
Fax No. : (011) 23360033
E-mail : insilco@vsnl.com

4301

राष्ट्र हित ! उद्योग हित ! श्रमिक हित !

# श्रम आराधना 2003

''श्रमिकाणां राष्ट्रभक्तिः राष्ट्रस्योद्योगशालिता ।
उद्योगे श्रम-स्वामित्वं एतत्सर्वार्थ साधनम् ।।''

श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण ! राष्ट्र का औद्योगीकरण !! उद्योगों का श्रमिकीकरण !!!


**सरंक्षक :**
श्री सर्वेश चन्द्र द्विवेदी
श्री गिरीश अवस्थी
श्री अख्तर हुसैन
श्री रामदास पाण्डेय
श्री रामदौर सिंह
श्री देवनाथ सिंह
श्री रमाकान्त शुक्ल

**परामर्शदाता :**
श्री राजेश्वर दयाल शर्मा
श्री सुखदेव प्रसाद मिश्र
श्री घनश्याम दास गुप्त
श्री वीरेन्द्र कुमार
श्री जगदीश बाजपेई
श्री प्रकाश जी
श्री श्रीकान्त अवस्थी

**सम्पादक :**
शिवभूषण सिंह 'सलिल'

**प्रकाशक :**
भारतीय मजदूर संघ, उ. प्र.
2 नवीन मार्केट, कानपुर
दूरभाष : 0512-2304883

**आवरण सज्जा एवं मुद्रक :**
श्री ऋषभ गुप्त
**छाया प्रेस**
8/208, आर्यनगर, कानपुर
दूरभाष : 2292625


## सम्पादकीय

*भारतीय मजदूर संघ बचाव करने वाली संस्था नही अपितु आक्रमण करने वाली संस्था हैं। विजय का विश्वास लेकर आगे बढ़ने वाली संस्था हैं। एक अस्पताल के कार्य के लिए नही अपितु व्यायामशाला के रूप में ट्रेड यूनियन क्षेत्र में इसकी उत्पत्ति हुई है। जहाँ पर स्वस्थ लोगों (राष्ट्र हित, उद्योग हित, श्रमिक हित का चिंतन करने वाले पहलवानों) का निर्माण किया जाता है। जिसकी शक्ति से अन्याय, शोषण एवं भ्रष्टाचार की राह पर चलने वाले राजनीतिज्ञ शासन एवं प्रशासन के लोग डरते हैं।*

*स्मरण रहे! जो भी ट्रेड यूनियन राज्य सत्ता के आधार पर अथवा राजनैतिक दलों के पिछलग्गू बनकर अपनी गतिविधियों का संचालन करती है। वह श्रमिक संगठन राज्य सत्ता अथवा राजनैतिक दल के टूटते ही स्वयं क्षत विक्षत होकर बिखर जाता है।*

*परन्तु जो संगठन याचकों की संस्था न बनकर अपने दम खम पर न्यायपूर्ण मांगों के साथ-साथ श्रमिकों में सहयोग, तादात्म्य, समर्पण, त्याग, तपस्या, बलिदान एवं निष्ठा की भावना विकसित करते हुए राष्ट्रहित, उद्योगहित एवं श्रमिक हित के लिए प्रयत्नशील रहता है। वह संगठन शनैः-शनैः उत्तरोत्तर शून्य से चलकर शिखर को प्राप्त कर लेता है।*

*यही कारण है कि आज भी भारतीय मजदूर संघ शून्य से शिखर पर पहुँचने के बाद भी राष्ट्र, उद्योग एवं श्रमिक हित में उत्तरोत्तर संघर्षशील है।*

*भारतीय मजदूर संघ ने शंखनाद किया है, राष्ट्रीय अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध, विदेशी हस्ताक्षेप को नकारते हुए विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन की काली करतूतों के विरूद्ध राजनैतिक दलों के खिलौने बनकर काम करने वाले श्रमिक संगठनों के विरूद्ध, जो बात-बात पर अनावश्यक रूप से उद्योग बन्दी या हड़ताल अथवा धीमी गति काम से करने वालों को बढ़ावा देते हैं। अब तो रणभेरी बज उठी है। ''युद्धम् देहि ! युद्धम् देहि !!'' का उद्घोष हो चुका है। राष्ट्र भक्त श्रमिकों का अब तो बस एक ही नारा है -*

***''सम्हल के रहना देशद्रोहियों टक्कर हमसे होनी है।***

# राष्ट्रऋषि ने पद्मभूषण लौटाया



*भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक मा. दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने २६ जनवरी, २००३ को भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पद्मभूषण की उपाधि स्वीकार करने से इन्कार करने दिया है। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में पद्मभूषण की उपाधि प्रदान करन के लिए आभार प्रकट करते हुए श्री ठेंगड़ी जी ने अपनी अस्वीकृति व्यक्त की है। श्री ठेंगड़ी जी के अनुसार जब तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार एवं उनके उत्तराधिकारी श्री गोलवलकर 'श्री गुरु जी' को भारत रत्न की उपाधि अर्पित नहीं की जाती, उनके लिए पद्मभूषण स्वीकार करना सर्वथा अनुपयुक्त हैं।* *(सम्पादक)*

***श्रद्धेय ठेंगड़ी जी द्वारा लिखे गये पत्र का हिन्दी अनुवाद***

महामहिम राष्ट्रपति महोदय,<br>राष्ट्रपति भवन,<br>नई दिल्ली

नागपुर<br>28 जनवरी, 2003

परम आदरणीय राष्ट्रपति जी,

आपने 'पद्म भूषण' की उपाधि देकर मुझे जो सम्मान प्रदान किया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ। पर मुझे संदेह है कि मैं इस सम्मान के योग्य हूँ।

मेरे हृदय में आपके लिए अत्यधिक सम्मान है। केवल आपके वर्तमान पद के लिए नहीं, अपितु आपकी व्यक्तिगत महानता के लिए। ऐसी महानता जो अपने से अनभिज्ञ है।

मेरे लिए इस सम्मान को तब तक ग्रहण करना अनुपयुक्त है, जब तक कि श्रद्धेय डॉ. हेडगेवार और श्रद्धेय श्री गुरुजी को 'भारत रत्न' अर्पित नहीं किया जाता।

हार्दिक सद्भावना के साथ,

आपका विश्वासपात्र<br>दत्तोपंत ठेंगड़ी

# अनुक्रमाणिका


| | | |
|---|---|---|
| १. | श्रद्धांजलि - कर्मयोगी का महाप्रयाण | १ |
| २. | संस्मरण यात्रा - मा. दत्तोपंत जी ठेंगड़ी | ३ |
| ३. | भारतीय मजदूर संघ की सफलता के कारण - रामदौर सिंह | २५ |
| ४. | चीन में औद्योगिक सम्बन्धों की सच्चाई - गिरीश अवस्थी | २६ |
| ५. | देश एवं समाज के चिंतक 'स्व. बालादीन जी' - जुग्गीलाल सोनकर | ३७ |
| ६. | भा. म. सं. उ. प्र. का २९वाँ प्रान्तीय अधिवेशन - वीरेन्द्र कुमार | ४१ |
| ७. | सांस्कृतिक संकट से पर्यावरण खतरे में - गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव | ५५ |
| ८. | बदलती नवीन परिस्थितियों में औद्योगिक सम्बन्ध एवं श्रम संघ - सुखेदव प्रसाद मिश्र | ५७ |
| ९. | स्वतंत्रता आन्दोलन में कम्युनिस्टों की काली करतूतें - रामदास पाण्डेय | ७१ |
| १०. | महत्वपूर्ण निर्णय - महेन्द्र पाठक | ७५ |
| ११. | कार्यग्रहण अवधि - सर्वेश चन्द्र द्विवेदी | ७७ |
| १२. | सतर्कता - देवनाथ सिंह | ८५ |
| १३. | सेवा के दौरान मृत्यु और अशक्तता पर देय विशेष लाभ - शिव भूषण सिंह 'सलिल' | ९१ |
| १४. | सेवा एसोशिएशन और संयुक्त सलाहकार तंत्र - श्रीकान्त अवस्थी | ९५ |
| १५. | सफल निर्णय प्रक्रिया के सूत्र- गोविन्द शंकर त्रिपाठी | १०३ |
| १६. | बालिका श्रमिक - दीपक अवस्थी | १०७ |
| १७. | भारत फिर से गुलामी की ओर - अखिलेश पाण्डेय | १०९ |
| १८. | न्यायालय निर्णय - रमाकान्त शुक्ल | १११ |
| १९. | क्या हिन्दुस्तान में खाद्य समस्या फिर से आयेगी ? - एन. के. अवस्थी | ११७ |
| २०. | धारणाधिकार - श्रीमती आशा सक्सेना | ११९ |

## माननीय ठेंगड़ी जी के एक पत्र के कुछ अंश जिसे बड़े भाई जी ने जीवन प्रर्यन्त पालन किया

*"लड़ते-लड़ते वीर गति प्राप्त करना कठिन कार्य है पर सतत् संघर्ष का जीवन जीना और भी दुष्कर है। उदार वृत्ति वाले अधिकांश लोग सर्वोच्च घड़ी के लिये अपना पूरा साहस बटोर कर लक्ष्य के लिये मर मिटेंगे, किन्तु बार-बार और फिर बिना चेतावनी के उस सर्वोच्च घड़ी के लिये साहस जुटाते रहना महान व्रत के लिए जीवन का दायित्व है और इस महान व्रत की जो प्राणो को सुखाने वाली कष्ट साध्य अनिवार्यता है उसी का प्रभाव है कि अनेक लोग असफल हो गये हैं।*

*हमें ऐसा व्यक्ति चाहिये जो यह हृदयंगम कर सके कि जीने में भी उतने ही साहस और वीरता की आवश्ययकता है जितनी कि मरने में। किन्तु हमारे युग में इस संवाद युक्ति ने संभ्रम पैदा कर दिया है। आप से यह नही कहा गया कि आप देश के लिये मरे,वरन कहा गया है कि आप उसके लिये जिए। कायरों की भॉति गिड़गिड़ा कर जीना कोई जीना नही यदि ऐसे घटिया जीवन दर्शन की बात बाहर फैली तो हम शीध्र ही देखेंगे कि यह देश गीदड़ों का देश बन जायेगा जिसमें न तो अन्याय से दृढ़ता पूर्वक लड़ते हुये जीवन की, और नही वीरता पूर्वक मरने की शक्ति रह जायेगी।"*

*With Best Compliments From :*

# HARYANA HANDLOOM EMPORIUM

***Manufacturers & Government Suppliers***
*Bed Sheets, Bed Covers, Tapestry, Towels,*
*Suiting, Shirting, Uniforms,*
*P.V.C. Flooring etc.*

*Opp. Goverdhan Market,*
*Railway Road,*
*Aligarh - 202 001 (U.P.)*
*Phone : 2407144 (Shop), 2402727 (Resi.)*

4714

॥ श्रीः ॥

राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया)

कौशिक आश्रम
४८४/६८, मित्र मंडळ कालोनी
पर्वती, पुणे – ४११ ००६
दूरभाष :– २४४४२५७७



दि. : पौष कृ. १. सं. २०५६.

## संदेश

प्रिय देवनाथ सिंह,

सप्रेम नमस्कार।

भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश के उन्तीसवें वार्षिक अधिवेशन की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं। इस अवसर पर 'श्रम-आराधना' नामक स्मारिका भी प्रकाशित हो रही है जिसमें श्रम जगत की समस्याओं पर रचनात्मक विचार होगा। जन सामान्य में 'श्रम की प्रतिष्ठा' हो, और इस कार्य में आप सब सफल हों, यह सुनिश्चित है। आवश्यकता है अधिक उत्साह एवं सामर्थ्य से काम में जुट जाने की।

इधर मेरी आंखों की ज्योति धीरे-धीरे जा रही है। इसके कारण से अब लिखना-पढ़ना सब बंद है। इसलिए लेख आदि नहीं लिख पाता।

तत्रस्थ सभी कार्यकर्ता बंधुओं को नमस्कार।

तुम्हारा —

रज्जू भैया

**सुरेश राव केतकर**

अ० भा० सह प्रचारक प्रमुख


।। श्रीः ।।


भारती भवन,

५८, राजेन्द्र नगर,

लखनऊ-२२६ ००४ (उ. प्र.)


माघ शु ८, रविवार

दिनांक : गोरखपुर, ६ फरवरी, २००३

## संदेश

श्री देवनाथ सिंह जी,

सप्रेम नमस्कार

दिनांक ४ जनवरी २००३ का पत्र मिला। त्रैमासिक दो दिवसीय अधिवेशन दिनांक २, ३ मार्च २००३ का सम्पन्न हो रहा है। यह पढ़कर आनंद हुआ।

पूर्व नियोजित प्रवास क्रमके अनुसार उसी समय मैं नागपुर में हूँ।

परिणाम अधिवेशन में उपस्थित रहना संभव नहीं।

मेरे अनुपस्थिति के लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ। त्रैमासिक अधिवेशन कार्य को प्रेरणा देने वाला होगा यह विश्वास हैं

अधिवेशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

शेष शुभ।

भवदीय

सुरेश

सुरेश

श्री देवनाथ सिंह जी

महामंत्री

भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश

२, नवीन मार्केट

कानपुर - २०८ ००१ (उ० प्र०)

दूरभाष : ९१-११-६१०३४९५, ६१७८९९२
फैक्स : ९१-११-६१९५५२७
तार : हिन्दूधर्म
Phones : 91-11- 6103495, 6178992
Fax : 91-11-6195527
E-Mail : vhpnews@mantraonline.com
jaishriram@vsnl.in
Gram : 'HINDUDHARMA'

# विश्व हिन्दू परिषद VISHVA HINDU PARISHAD

Registered under Societies Registration Act 1860 No. S 3106 of 1966-67 with Registrar of Societies, Delhi
संकट मोचन आश्रम, (हनुमान मन्दिर) सेक्टर-६, रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली- ११० ०२२ (भारत)
SANKAT MOCHAN ASHRAM, RAMAKRISHNA PURAM-VI, NEW DELHI-110 022 (BHARAT)

वि.हि.प./१५बी/२००३ दिनांक : २७ जनवरी, २००३



## संदेश

बन्धुवर श्री देवनाथ सिंह जी

जय श्री राम।

मनीषियों ने श्रम के बारे में कहा है **"श्रमेव परमधर्म"** तथा **"श्रमेण कार्यम् सिद्धयते"**। इस प्रकार श्रमिक जहां कार्यलीन हो धर्म का अधिष्ठाता है, वहीं उसके द्वारा कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर राष्ट्र उन्नत और स्वाभिमानी देशों की श्रेणी में खड़ा होता हैं। यश अर्जित करता है।

भारतीय मजदूर संघ इसी प्रेरणा के अन्तर्गत श्रमिक वर्ग को समुन्नत, समृद्ध तथा आध्यात्मिक रूप से यशस्वी बना उसे राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर बढ़ाने में एक श्लांघनीय कार्य कर रहा है।

प्रभु के श्री चरणों में विनम्र विनती है कि अधिवेशन के माध्यम से संघ अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हों।

भवदीय

अशोक सिंहल

(अशोक सिंहल)
कार्याध्यक्ष

श्री देवनाथ सिंह जी (महामंत्री)
भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश
२, नवीन मार्केट, कानपुर - २०८ ००१ (उ० प्र०)

ॐ

# विश्व हिन्दू परिषद

तार : हिन्दूधर्म
दूरभाष : ६१७८६६२
६१०३४६५
फैक्स : ६१६५५२७

संकट मोचन आश्रम, (श्री हनुमान मन्दिर) रामकृष्णपुरम, सेक्टर-६,
नई दिल्ली-११००२२

वि.हि.प./१६-बी/२००३ दिनांक : १० फरवरी, २००३



## संदेश

स्नेही श्री देवनाथ सिंह जी,

जय श्री राम!

आपका दिनांक ०४ जनवरी, २००३ का पत्र प्राप्त हुआ। यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश का २६वां त्रैवार्षिक दो दिवसीय अधिवेशन दिनांक २ व ३ मार्च २००३ को सम्पन्न होने जा रहा है।

बीसवीं शताब्दी में मजदूर आन्दोलन एक वैश्विक विषय बन गया है, परन्तु साम्यवादी मजदूर आन्दोलन ने जीवन के अन्य पक्षों की उपेक्षा की। ऐसे समय में भारतीय मजदूर संघ ने भारत की परम्परा और संस्कृति के मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए मजदूर आन्दोलन को नया आयाम दिया। निश्चय ही इस प्रयास की सतत सफलता की कामना हम सभी करते हैं।

शेष शुभ।

भवदीय

डॉ० प्रवीणभाई तोगड़िया
महामंत्री

प्रति,

श्री देवनाथ सिंह जी
भारतीय मजदूर संघ कार्यालय,
नवीन मार्केट, कानपुर - २०८ ००१ (उ. प्र.)

दूरभाष - ०५२२-२२३६२१४
फैक्स - ०५२२-२२३६६१६

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

डी/२, पार्क रोड-६, लखनऊ



## संदेश

प्रिय बन्धुवर,

शिव भूषण सिंह 'सलिल' जी

सादर नमस्कार !

भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश अपने २६वें त्रैवार्षिक अधिवेशन के उपलक्ष्य में ''श्रम आराधना'' स्मारिका को छाप रहा है।

वर्तमान समय में राष्ट्र, उद्योग एवं श्रमिक जिस विषम परिस्थितियों में है। उसका एक मात्र कारण विदेशी संस्कृति एवं कार्य पद्धति को स्वीकार करने वाले तथा कथित बामपंथी श्रमिक नेताओं के हृदय में राष्ट्र प्रेम की भावना का न होना है।

इस स्थिति को देखकर भारतीय मजदूर संघ द्वारा मजदूर, श्रमिक क्षेत्र में सकारात्मक पहल से रचनात्मक दिशा प्राप्त होगी। इस दिशा में आप सबके द्वारा किया जा रहा प्रयास सार्थक होगा।

इसी शुभकामनाओं के साथ -

भवदीय

अधीश कुमार

(अधीश कुमार)
अ. भा. सह प्रचार प्रमुख

॥ ॐ ॥

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ


पूर्वी उत्तर मध्य क्षेत्र

संघ कार्यालय : केशव भवन

84/113 कारवालो नगर, कानपुर दूरभाष : 0512-2521300, 2521301




## संदेश

प्रिय बन्धुवर,

श्री शिव भूषण सिंह 'सलिल' जी

सादर नमस्कार।

मुझे ज्ञात हुआ है कि भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश अपने २९वें त्रैवार्षिक अधिवेशन के उपलक्ष्य में "श्रम आराधना" स्मारिका का प्रकाशन करने जा रहा है। यह जानकर प्रसन्नता हुई।

इस अंक में जो पठनीय सामग्री आप देने जा रहे हैं उससे मजदूर संगठनों एवं समाज को प्रेरणा मिलेगी तथा उनके अन्तःकरण में राष्ट्र भावना का दीप प्रज्वलित होगा।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित -

अशोक कुमार बेरी

(अशोक जी बेरी)

क्षेत्र प्रचारक

पूर्वी उत्तर मध्य क्षेत्र

डॉ० साहिब सिंह
**Dr. SAHIB SINGH**

सत्यमेव जयते

श्रम मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली - 110 001
MINISTER OF LABOUR
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI - 110 001

दिनांक : २३ जनवरी, २००३



## संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसननता है कि भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश आगामी २ एवं ३ मार्च २००३ को अपने २६वें दो दिवसीय अधिवेशन के अवसर पर "श्रम आराधना" नाम स्मारिका का प्रकाशन करने जा रहा है। जिसमें मुख्यतया वर्तमान श्रमिक व राष्ट्रीय समस्याओं व उनके समाधान से संबंधित लेखों का समायोजन किया जायेगा। स्मारिका प्रकाशन के माध्यम से श्रमिकों की समस्याओं के समाधान करने का भारतीय मजदूर संघ का यह प्रयास निश्चय ही सराहनीय है।

उक्त स्मारिका के सफल प्रकाशन हेतु मेरी शुभकामनाएं।

(साहिब सिंह)

श्री देवनाथ सिंह (महामंत्री)
भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश
२, नवीन मार्केट, कानपुर - २०८ ००१, (उत्तर प्रदेश)

विजय गोयल
राज्य मंत्री
VIJAY GOEL
Minister of State

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री कार्यालय
नई दिल्ली - 110 011
PRIME MINISTER'S OFFICE
New Delhi - 110 011

DONO-215/MOS/PMO

दिनांक : २० जनवरी, २००३



# संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि **भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश** का **२६वां त्रैवार्षिक अधिवेशन** बरेली में आयोजित किया जा रहा है और इस अवसर पर **'श्रम आराधना'** नामक स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की भूमिका सराहनीय मानी हुई है। श्रम कल्याण के विभिन्न उपायों से श्रम को अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित किया जा सकता हे। श्रमिकों को अधिकार के साथ कर्त्तव्य का आभास कराए जाने के काम के माहौल को सुचारू बनाने में सहायता मिलती है। मशीनीकरण के इस युग में श्रम की गरिमा को बनाए रखने की आवश्यकता है।

अधिवेशन की सफलता और स्मारिका के सफल प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं स्वीकार करें।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

(विजय गोयल)

श्री देवनाथ सिंह (महामंत्री)
भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश
२, नवीन मार्केट, कानपुर - २०८ ००१, (उत्तर प्रदेश)

**केशरी नाथ त्रिपाठी**

संख्या : /अ वि स/

विधान भवन
लखनऊ

दिनांक : १८ जनवरी, २००३

## संदेश

मुझे यह जानकर अतीव हर्ष हुआ कि भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश का २६वाँ त्रैवार्षिक अधिवेशन का आयोजन दिनांक २-३ मार्च २००३ को बरेली में किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रकाशित की जाने वाली स्मारिका 'श्रम आराधना' में वर्तमान श्रमिक व राष्ट्रीय समस्याओं व उनका समाधान कारक विचारोत्तेजक लेखों का प्रकाशन निश्चय ही श्रमिकों के लिये उपयोगी एवं महत्वपूर्ण होगा।

मैं उक्त अधिवेशन के सफल आयोजन तथा स्मारिका 'श्रम आराधना' के सार्थक प्रकाशन हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(केशरी नाथ त्रिपाठी)
अध्यक्ष, विधान सभा, उ. प्र.

श्री देवनाथ सिंह,
महामंत्री,
भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश
२, नवीन मार्केट,
कानपुर - २०८ ००१, (उत्तर प्रदेश)

## राम प्रकाश त्रिपाठी



मंत्री
उत्तर प्रदेश

दूरभाष : कार्यालय : 2238124
फैक्स : 2238805
निवास : 2239829
फैक्स : 2237134

विधान भवन
लखनऊ
सहकारिता विभाग


सं०-४०७/वी०आई०पी०/२००३ दिनांक : लखनऊ, २५ फरवरी, २००३

## संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश का २६वाँ त्रैवार्षिक अधिवेशन दिनांक ०२ व ०३ मार्च, २००३ को सम्पन्न होने जा रहा है।

आशा है कि इस अवसर पर प्रकाशित होने वाली स्मारिका "श्रम-आराधना" जनोपयोगी होगी।

**अधिवेशन की सफलता हेतु मेरी शुभकामनाएं**

(राम प्रकाश त्रिपाठी)

श्री देवनाथ सिंह,
महामंत्री,
भारतीय मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश
२, नवीन मार्केट,
कानपुर - २०८ ००१, (उत्तर प्रदेश)

**अजय राय**
राज्य मंत्री, सहकारिता

मंत्री
उत्तर प्रदेश

कार्यालय : 2235447
दूरभाष : सी. एच. : 2233515
आवास : 2235100

६१, नवीन भवन,
लखनऊ

सं०-२६०/वी०आई०पी०/एस.एम./सह.२००२

दिनांक : ३ मार्च, २००३

## संदेश

प्रिय महोदय,

भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के २६वें त्रैमासिक अधिवेशन के दिनांक २ मार्च को उद्घाटन समारोह का आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

खेद है कि विधान सभा सत्र के दौरान अधिक व्यस्त होने के कारण मैं इस अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित न हो सकूँगा।

कृपया समारोह की सफलता की शुभकामनायें स्वीकार करें।

(अजय राय)
राज्य मंत्री सहकारिता

श्री रमाकान्त शुक्ल,
अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ उ. प्र.
२, नवीन मार्केट, कानपुर

# श्रद्धाञ्जलि

## कर्मयोगी का महाप्रयाण

६५ वर्षीय भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रान्तीय मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री अम्बिका प्रसाद जी का गत २२ मार्च २००३ को प्रातः ७.१५ बजे लखनऊ मेडिकल कालेज अस्पताल में स्वर्गवास हो गया। १२ अगस्त २००२ को कानपुर स्थित भारतीय मजदूर संघ कार्यालय के पास शिक्षक पार्क (नवीन मार्केट) के बाहर मरियमपुर अस्पताल की अनियंत्रित एम्बुलेन्स ने श्री अम्बिका जी को कुचल दिया था। कई महीने रीजेन्सी एवं मरियमपुर अस्पताल में चिकित्सा हेतु रहने के बाद उन्हें लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जहाँ उनका महाप्रयाण हो गया।



सुल्तानपुर जनपद के सराय अंचल गोलबारा में सन् १६३८ में जन्में अम्बिका जी की प्रारम्भिक शिक्षा गांव में ही हुई। बाद में डी.ए.वी. कालेज कानपुर से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् श्री अशोक सिंघल जी की प्रेरणा से १६६५ में वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने। उ. प्र. के विभिन्न जिलों में जिला प्रचारक रहे श्री अम्बिका जी को १६८८ में संघ की योजनानुसार भारतीय मजदूर संघ के कार्य का दायित्य सौंपा गया। मा. अम्बिका जी ने इलाहाबाद एवं कानपुर को केन्द्र बनाकर भारतीय मजदूर संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वाहन किया। वर्तमान समय में स्वास्थ्य को देखते हुए बरेली अधिवेशन में भा.म.सं. की प्रदेशीय कार्यकारिणी में सम्मानित सदस्य बनाया गया था।

रास्ते चलते अपरिचित व्यक्ति को अपना बनाने में निपुण कार्यकताओं की छोटी-छोटी समस्याओं की चिंता रखने वाले, स्पष्टवक्ता, छल कपट से दूर रहने वाले श्री अम्बिका प्रसाद सिंह को भारतीय मजदूर संघ परिवार अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। ओ३म् शान्तिः! ओ३म् शान्ति!! ओ३म् शान्तिः!!!

---

### राष्ट्र

*"वस्तुतः समाज राजनैतिक ढाँचे से परे कुछ और है। समाज के अन्तर्गत वे सब सामाजिक संस्थाएं भी आती है, जहाँ और जिनके द्वारा वैयक्तिक जीवन प्रभावित होता है। जैसे परिवार, विद्यालय, मन्दिर, विधान-मण्डल, संसद व कार्यपालिका। इनमें से कोई संस्था शेष में से अलग रह कर निर्वाह नहीं कर सकती। ये सब और ऐसी ही अन्य संस्थाओं को मिलाकर एक जीवमान परिपूर्ण इकाई बनती है। जिसे 'राष्ट्र' कहा जाता है।*

*– भगिनी निवेदिता*

*तन समर्पित मन समर्पित और यह जीवन समर्पित*

*With Best Compliments from :*

# GANNON DUNKERLEY & CO., LTD.

*Merchants Engineers & Contractors*

***Regional Office :*** *EROS APARTMENTS (7th Floor) 56, Nehru Place, New Delhi - 110019*

GRAM : "SUBSTANCE"
PHONE : 26422747
26442846
26227597

CIVIL ENGG. DIVN.
E-mail : gannondl@giasdl01.vsnl.net.in
Fax. : 91-11-6471255

**Registered Office :** Chartered Bank Building, M.G. Road, Fort, Mumbai-400001
**Branch Office at :** Ahemdabad- Banglore-Culcutta-Coimbatore-Hyderabad-Madras

6002

*With Best Compliments from :*

# SIMPLEX CONCRETE PILES (INDIA) LTD.

REGISTERED OFFICE
**12/1 NELLIE SENGUPTA SARANI, CALCUTTA-700087, INDIA**
PHONE: 033-2528371-72-73-74, FAX. : 033-24475945, 2447931
**Website : www.simplexconcrete.com**

## BRANCHES

**NEW DELHI**
Vaikunth, 82-83, Nehru Place
New Delhi-110 019
Phone : 26432515, 26436818
Fax. : 011-26465869, 26227982

**MUMBAI**
Alankar Market, Plot No.-16
Sector-24, Turbhe, Navi
Mumbai-400 705
Ph.: 24938412, Fax. : 022-24961833

**CHENNAI**
2, Casa Major Road,
Egmore, Chennai- 600 008
Ph. : 28261666, 28261865
Fax. : 044-28262804

BE IT CONSTRUCTION OF SUPER THERMAL POWER PROJECTS, GAS BASED POWER PROJECTS, GIANT FERTILIZER PLANTS, PETRO-CHEMICAL COMPLEXES, REFRINERIES, MARINE STRUCTURES, HIGH SILOS AND TALL CHIMNEYS, COMPLEX UNDERGROUND STRUCTURES, WATER/EFFLUENT TREATMENT PLANTS, HOUSING, ROADS, BRIDGES & GLYOVERS, SPECIALIZED FOUNDATIONS INVOLVING VARIOUS TYPES OF PILES AND GROUND IMPROVEMENT, CROSS COUNTRY PIPELINES, SIMPLEX HANDLES IT ALL WITH THE DEXTERITY OF A LEADER PROVIDING THE ENTIRE GAMUT OF SPECIALISED SERVICES AND SOPHISTICATED TECHNIQUE

**Site Office : Hindalco Project Division**
**P.O. Renukoot, Dist.-Sonebhadra-U.P. Pin.-231217**

6003



# संस्मरण यात्रा

*- मा. दन्तोपंत जी ठेंगड़ी*

*आज सामाजिक-राजनैतिक क्षेत्र में श्री दत्तात्रेय बापूराव (दत्तोपंत) ठेंगड़ी सर्व-परिचित व्यक्तितत्व हैं। अपने विस्तृत अनुभव, दूरदर्शिता, गहन-चिंतन एवं मजदूरों-किसानों तथा कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु जीवन समर्पण के कारण आपकी पहचान समाज के शिखर पुरुष के रूप में है। १० नवम्बर, १९२० को महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी तालुका में जन्में श्री ठेंगड़ी जी अब तक १०० से अधिक पुस्तक-पुस्तिकाएं लिख चुके हैं। १५ वर्ष की आयु में स्वाधीनता संग्राम में शमिल होकर श्री ठेंगड़ी जी ने अपने जीवन की जो दिशा चुनी आज अनेकानेक मुकाम हासिल करने के उपरांत भी वे इसी किशोरवय ऊर्जा एवं लगन से उस लक्ष्य की ओर चलायमान हैं। १९४२ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बनने के बाद से विभिन्न संगठनों में सक्रिय रहने एवं अनेकानेक महापुरुषों के सान्निध्य में कार्य करने के फलस्वरूप भी मा. ठेंगड़ी जी की जीवन यात्रा को अनुभवों की एक असीम श्रृंखला कहा जाए तो सर्वथा उचित होगा। विभिन्न विचारधाराओं से जुड़े लोग, चाहे वे कम्युनिस्ट हों अथवा कांग्रेसजन, श्री ठेंगड़ी जी की साधना, सादगी और स्पष्टवादिता के कायल हैं और सभी देशवासी 'राष्ट्रऋषि' श्री ठेंगड़ी जी के समर्पित जीवन के प्रति अगाध श्रद्धा एवं सद्भाव रखते हैं।*

*जीवन यात्रा के आठ दशक से अधिक पूरे कर चुके इन कर्मठ विचारक का जीवन दर्शन सभी राष्ट्रभक्त लोगों के हेतु प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा। ऐसे महापुरुष की जीवन यात्रा के कुछ संस्मरण, देश के नागरिकों को प्रेरणा प्रदान करने के लिए उपलब्ध हो सकें, इस उद्देश्य से प्रयास किया है। पाठकों के लाभ हेतु 'संस्मरण यात्रा' के अंतर्गत प्रेरणादायी संस्मरणों का संकलन एवं प्रकाशन करने का प्रयास किया गया है। - सम्पादक*

## द्राविड़ी प्राणायाम-१

मैं इन्टक में था। उस समय पुराने मध्यप्रदेश के गृहमंत्री श्री द्वारका प्रसाद जी मिश्र के साथ घनिष्ठ संबंध थे। घर के बच्चे के समान। वैसे तो वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से हिंदुत्व के बिंदु पर सहमत थे किन्तु नाराज इसलिए थे कि संघ के स्वयंसेवक कांग्रेस के वालन्टियर के समान काम नहीं करते। उनके ही कारण मेरा इन्टक में प्रवेश हुआ। उनके बच्चे के समान मेरी आयु थी। मैं कभी भी उनके निवास पर जा सकता था और उनके पास पहुँच सकता था। एक दिन सुबह मैं उनके यहाँ गया। वे बाहर नहीं आए थे, टेबल पर नाश्ता लग रहा था तब तक मैं अखबार पढ़ने लगा। थोड़े ही समय में वे बाहर आए और मुझे नाश्ते के लिए टेबल पर बुला लिया।

बोलने लगे कहो भाई आज के समाचार पत्र पढ़े क्या? मैंने कहा हाँ पढ़े। कहने लगे, उसमें डॉ. डेकाटे द्वारा मेरे खिलाफ बहुत कुछ लिखा गया है। मैंने कहा वह भी मैंने पढ़ा है। फिर उन्होंने हाथ के आर्विभाव द्वारा आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा, आश्चर्य है। इतने दिन से राजनीति में है लेकिन राजनीति जानते नहीं। मैंने पूछा इसका मतलब क्या है? वे कहने लगे ऐसा है कि राजनीति में किसी-न-किसी की टांग खींच कर उसको नीचे लाने का काम करना पड़ता है। किंतु इसके लिए सीधा सरल रास्ता छोड़कर लोग द्राविड़ी प्राणायाम करते हैं। उस व्यक्ति के खिलाफ भाषण देना, लेख लिखना, प्रचार करना, कानाफूसी करना आदि यह सब कार्य व्यर्थ है।

मैंने पूछा, सीधा प्राणायाम कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा कि इस तरह विरोधी प्रचार करने में समय और शक्ति लगाने की आवश्यकता नहीं। सरल मार्ग यह है कि

*घर-घर धूम मचायेंगे - माल स्वदेशी लायेंगे।*

# RENUPOWER SYMBOLISES

- Leadership in Power Generation
- Maximum Availability
- Highest Plant Load Factor
- Planned Economic Working
- Safety of Plant and Personnel
- Productivity per Excellence
- Opportunity for National Service
- Job Satisfaction to all Employees
- Resource conservation
- Accredited with ISO-9002, ISO-14001

# HINDALCO INDUSTRIES LIMITED

## (RENUSAGAR POWER DIVISION)

**WORKS :**
P. O. : Renusagar - 231218
Distt. : Sonebhadra (U.P.)

**REGD OFFICE :**
Century Bhawan
Dr. Annie Besant Road
Mumbai - 400 025

**PHONE** : Anupara
(STD-05446)-272502-272504 (4 Lines)
277161-277163 (3 Lines)
**FAX** : (STD-05446) 272382, 277164
**E-mail** : hindal.rsgr@rmj.sprintinrpg.ems.vsnl.net.in
**GRAM** : Renupower, Renukoot

6005

पूर्वाग्रह न रखते हुए इस बात को अंदाज लेना कि उसकी वास्तविक योग्यता क्या है? यह अंदाजा लेते समय आपका मन पूर्वाग्रह दोष से मुक्त रहना चाहिए।

एक बार ठीक से उसकी योग्यता का आकलन कीजिए कि वह किस पोस्ट के योग्य है। उसके पश्चात् वह जिस पोस्ट के योग्य है उस पोस्ट से कई गुना ऊँची पोस्ट पर उसकी नियुक्ति कर दीजिए, उसको आनंद ही होगा। बड़ी खुशी से वह इस पोस्ट पर कार्य करने लगेगा। आप कुछ मत कीजिए, केवल तमाशा देखते रहिए। ढ़ाई-तीन साल के अंदर ही वह खुद ही आपने आप नीचे गिर जाएगा।

यह बात सुनकर मुझे लगा कि एक अभिनव दृष्टिकोण आज मैंने प्राप्त किया है।

## द्राविड़ी प्राणायाम्-२

पं. द्वारका प्रसाद जी मिश्र जानते थे कि मैं संघ का प्रचारक हूँ। इसी कारण वे मानते थे कि मेरे साथ बात करने में संकोच करने की आवश्यकता नहीं। इसका अपने साथ मतभेद हुआ तो भी यह विश्वासघात नहीं करेगा और कोई भी प्राईवेट बात प्रकट नहीं करेगा।

एक बार उन्होंने बताया। तुम्हारे संघ पर जो ban प्रतिबन्ध लगा था (गांधी जी की हत्या के बाद) उसकी अवधि एक वर्ष की थी। उसके पश्चात ban automatically खत्म हो जाता। फिर आप लोग शाखा लगा सकते थे। जवाहर लाल जी सब गृहमंत्रियों की सलाह लेना चाहते थे कि ban समाप्त होने दे या फिर से नोटीफिकेशन करके ban जारी रखे। मुझे भी सलाह के लिए बुलाया गया। मैं यह सोच कर ही गया कि इस बार पंडित जी को जानबूझ कर चिढ़ाना है। पंडित जी ने जैसे ही प्रश्न पूछा मैंने कहा, ''पंडित जी! आप हम लोगों की राय क्यों लेना चाहते हैं?आपने मनमें तो तय किया है कि RSS को बढ़ावा देना।'' पंडित जी गुस्सा हो गए और बोलने लगे, ''मैं RSS को बढ़ावा देना चाहता हूँ?मैं तो उसे खत्म करने के पक्ष में हूँ।'' मैंने कहा,''देखिए, आपने हजारों लोगों को कारावास में डाला। हजारों परिवार बर्बाद हो गए। ये सब लोग पहले से संघ के समर्थन में नहीं थे। प्रत्यक्ष संघ वालों की संख्या इतनी नहीं थी। आपके द्वारा ऐसे लोगों को जेल में डालने के कारण वे अब संघ के नजदीक हो गए और आपके खिलाफ। इस तरह आपने संघ को बढ़ावा ही दिया है।''

इस पर मेरे मन में एक बात आई। मैं पूछने वाला था। इतने में और लोग अंदर आ गए और हमारी बातचीत वहीं रुक गई।

पाँच-छह दिन के बाद मैंने मौका देखकर वह सवाल उठाया। मैंने कहा,''उस दिन आपकी बात अधूरी रह गई। मेरे मन में एक प्रश्न आया था। मैं पूछ नहीं सका।'' मिश्र जी ने कहा, ''तुम्हारा प्रश्न क्या था?'' मैंने कहा, ''किसी भी संस्था को खत्म करना हो तो जवाहरलाल जी ने जो रास्ता लिया वह छोड़ कर और क्या रास्ता हो सकता है?'' वे हंसने लगे और कहा कि यह रास्ता द्राविड़ी प्राणायाम के समान ही है।'' 'द्राविड़ी प्राणायाम' यह शब्द मैं मिश्र जी से दूसरी बार सुन रहा था। मैंने वही सवाल किया, यह द्राविड़ी प्राणायाम है तो सरल प्राणायाम क्या है?उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था को इसतरह कुचलने का प्रयास किया तो उनके कार्यकर्ताओं की जिद्द और बढ़ेगी और अन्य लोगों का समर्थन भी उसको मिलेगा।

रास्ता ऐसा होना चाहिए कि जो मानस शास्त्र के अनुकूल हो। संस्था को कुचलने के बजाए ऐसी व्यवस्था करो जिसके कारण उस संस्था में comfort-loving cadres और status-conscious leaders का निर्माण हो। यह आसानी से हो सकता है। उस संस्था के कार्यकर्ताओं को ज्यादा सुविधाएं दो। धीरे-धीरे वे सुविधाभोगी बन जाएंगे। वैसे ही नेताओं को status-

*भारत माँ की जय का मतलब, नर-नारी का अपमान न हो।*

*With Best Compliments from :*

# MODERN OVERSEAS

*Kothi No. 1, Banna Devi, G. T. Road,*
*Aligarh - 202 001 (U.P.) India*

# Modern Lock Mfg. Co.

*Ratan Lal Street, Madar Gate, Aligarh - 202 001 (U.P.) India*
*Voice : (O) 2409126, 2406967, 2420354 (R) 2502605, 2409288*
*Fax. : 0571-2405105, 2420154*
*E-mail : modlock@nde.vsnl.net.in*

4702

शुभकामनाओं सहित

# माहेश्वरी इन्टरप्राइजेज

C-24, इण्डस्ट्रियल स्टेट, अलीगढ़ - 202 001 (भारत)
फोन - 0571-2402841

4703

*With Best Compliments from :*

# LOOK & TOOL INDIA

*C-10, Industrial Estate, Aligarh-202 001*
*Ph. : 2402846, 2403827, 2408618*

4701

conscious बनाना भी आसान है। उन्हें कहो, पार्टी में तुम्हारी कद्र नहीं हो रही। वास्तव में तुम्हारी ही योग्यता प्रेसिडेण्ट या जनरल सेक्रेटरी बनने की है। किसी को भी यह बताया कि पार्टी में सबसे कार्यवान व्यक्ति वह ही है, तो यह बात उसको जँच जाएगी। ये दोनों बातें आसानी से हो सकती है और फिर आप कुछ मत कीजिए। संस्था दिन प्रतिदिन नीचे गिरती जाएगी।''

यह दृष्टिकोण भी मेरे लिए (ठेगड़ी जी) अभिनव ही था।

सन् १९७६ में आचार्य धर्माधिकारी जी से बातचीत हो रही थी। उन्होंने कहा कि, ''सन् १९४७ में स्वराज्य प्राप्ति के पश्चात काँग्रेस सत्ता में आई। उन्होंने सद्‌भावना से सोचा कि महात्मा जी के रचनात्मक कार्य में लगे हुए लोग भी अपने ही हैं। (उस समय 'सर्वोदय' संज्ञा नहीं निकली थी।) हम सत्ता में हैं तो उनकी सहायता करनी चाहिए। इसलिए उन्होंने हम लोगों को साधन-सुविधा देने का विचार किया। आचार्य विनोबा भावे, जयप्रकाश जी, मैं (धर्माधिकारी जी), हम सबने सोचा कि हमने अपनी ओर से सुविधाओं की माँग नहीं की। तो भी सरकार यदि खुद पहल करके सुविधाएं देती है तो लेने में क्या हर्ज है?हमारे पास कर्मठ कार्यकर्ता हैं। साधनों के अभाव में उनके काम की गति धीमी हो जाती है। अब सुविधाएं मिलेंगी तो काम और तेजी से बढ़ेगा।

किंतु प्रत्यक्ष अनुभव दूसरा ही आया। उदाहरणार्थ, एक कर्मठ कार्यकर्ता को मोटर दी गई। कुछ दिन तक तो उसकी कर्मठ आदतें कायम रहीं। किंतु धीरे-धीरे वह मोटर का आदी हो गया। पहले उसे चार किलोमीटर दूरी पर किसी काम के लिए जाना होता और कोई वाहन वहां उपलब्ध नहीं होता तो वह चार किलोमीटर पैदल चल कर जाता था और काम पूरा करता था। अब मोटर की आदत लगने के बाद ऐसा होने लगा कि एक किलोमीटर दूरी पर ही कोई सभा है और उसी समय उसकी मोटर का टायर पंक्चर हो गया तो वह कहने लगा कि अब मैं सभा के लिए नहीं जा सकता, क्योंकि टायर पंक्चर हुआ है। साधनों के कारण काम कितना बढ़ा इसमें संदेह है। किंतु हमारे अच्छे कार्यकर्ताओं की कर्मठता नष्ट हुई यह निःसंदेह है। अब हम हमारी गलती महसूस करते हैं लेकिन अब देर हो गई।

## 'सखाराम, मेश्राम का दामाद'

विदर्भ के शेड्‌यूल्ड कास्ट्स फेडरेशन के प्रमुख नेताओं के साथ मेरे घनिष्ठ संबंध थे। उनमें से एक श्री सखाराम मेश्राम और मैं एक वर्ष दिनांक १४ अप्रैल को पूजनीय बाबा साहेब अंबेडकर जी के बारे में (उनके जन्मदिन निमित्त) भाषण देने के लिए नागपुर से पुलगांव जा रहे थे। ट्रेन में मेश्राम ने कहा कि ''हम हमेशा एक-दूसरे के बारे में सभा में अच्छा बोलते हैं। किंतु मैं सोचता हूँ कि इस बार पुलगांव में हम एक-दूसरे के खिलाफ भाषण देंगे- मजा आएगा।'' पुलगांव मेरे गांव आर्वी से केवल २२ मील दूरी पर है और वहां के सब लोग मुझे अच्छी तरह जानते हैं। सभा में मंच पर हम दो ही बैठे थे। श्री मेश्राम और मैं। अध्यक्ष के नाते श्री मेश्राम ने प्रास्ताविक में उच्चवर्णियों पर, खासकर ब्राह्मणों पर जोर देकर टीका की और बोलते समय उन्होंने धर्मशास्त्रों से कई श्लोक उद्‌घृत किए। श्री मेश्राम संस्कृत के विद्वान थे।

पुलगांव के लोग जानते थे कि मैं ब्राह्मण हूँ। इस कारण उन्हें आनन्द आया। इसके बाद मैं क्या बोलता हूँ उसकी उत्सुकता से प्रतीक्षा हो रही थी।

भाषण के प्रारंभ में १५-२० मिनट में केवल पूजनीय बाबा साहेब के जीवन के बारे में बोला। क्योंकि उनका जन्मदिन मनाने के लिए सभा भी। उसके पश्चात श्री मेश्राम के भाषण का उल्लेख करते हुए मैंने कहा कि शास्त्र के अनुसार वर्ण गुणकर्म विभागशः होते हैं। इसी आधार पर क्षत्रिय विश्वमित्र राजर्षि से ब्रह्मर्षि हो सके। पूज्य अंबेडकर जी का जन्म महार परिवार में हुआ। उनका

**उठो जागो अपने लक्ष्य की ओर बढ़ो।**

*With Best Compliments from :*

## Bhilai Engineering Corporation Limited

**Works & Regd. Office :**
HANTHKHOJ INDUSTRIAL AREA
BHILAI-490026 (CHHATTISGARH)
Ph. : ++91-788228-5001, 5002, 5003, 5004, 5005, Fax.:++91-7882881140, 2381141
E-mail : becltd@bom6,vsnl.net.in • Website : www.bec.group.com

**Please Reply to :**
POST BOX NO. - 31, BHILAI-490 001
(CHHATTISGARH) INDIA

Receiptant of ISO-9002 Engaged in Import Substitution of Machinery Earlier Being Imported Specialised in High Grade Iron Castings upto 30 ton Single piece and SG Iron Casting upto 8 ton Single Piece. Presently doing a challenging job of erection of Bucyrus/BE MLW-2000-24/96 walking dragline at Singrauli area on behalf of Bharat Earth Movers Ltd. for Northern Coal Field Ltd. a subsidary of Coal India Ltd.

**BRANCH OFFICE :**

**CALCUTTA :** (Phone : 033=2827606, 2823372 Fax. : 033-2827061)
**MUMBAI :** (Phone : 022-2043647, 2871724, 2844208, Fax : 022-2873611
**NEW DELHI :** (Phone : 011-26217142, 26127150, 26434987, 26468857, Fax. : 011-26445819, 26419076)
**CHENNAI :** (Phone : 044-2302040, Fax. : 044-2301703)

6004

प्रथम विवाह भी महार जाति में ही हुआ। दुर्भाग्य से सौ. रमाबाई की अकाल मृत्यु हुई। किंतु जीवन के उत्तरार्ध में उन्होंने ब्राह्मण स्त्री से विवाह किया और ब्राह्मण जाति ने भी उनको आनंद से अपनी लड़की दी। कारण जीवनभर की तपश्चर्या के कारण वे भी गुणकर्म विभागशः ब्राह्मण हो गए थे। आपने अभी सखाराम मेश्राम का भाषण सुना। उन्होंने धर्मशास्त्रों से कितने श्लोक उद्धृत किए। मैंने भी धर्मशास्त्र का इतना अध्ययन नहीं किया है। इसलिए मैं गुणकर्म विभागशः श्री मेश्राम को ब्राह्मण ही मानता हूँ। कोई कहेगा कि यह केवल बोलने की बात है। वैसा नहीं। मैं यहाँ घोषणा करता हूँ कि मैं अबतक अविवाहित हूँ और सखाराम मेश्राम की लड़की के साथ ही विवाह करूँगा। (वे मुझसे उम्र में बड़े थे) इस घोषणा पर सभी ने तालियाँ बजाईं। मैं जानता था कि सखाराम को कन्या नहीं है। मेरे पश्चात समारोप के भाषण में मेश्राम ने कहा कि ठेंगड़ी जी ने जो ऑफर की है उसके लिए मैं उनका आभारी हूँ। किंतु उनको यह बताने में मुझे दुख होता है कि मुझे लड़की नहीं है। तो भी ठेंगड़ी जी को निराश नहीं होना चाहिए। उनकी दृष्टि से मैं कोशिश जारी रखूँगा।''

यह सारा वृत्त पूजनीय श्री गुरूजी के पास पहुँचा। तब से श्री गुरूजी मुझे मजाक में 'सखाराम मेश्राम का जामाता' कहने लगे।

## उपेक्षा से बढ़ेगी संस्था

धर्मान्तरण के एक दिन पूर्व नागपुर के श्याम होटल में पूजनीय बाबासाहेब अंबेडकर दिनभर विदर्भ के अपने प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठे थे। सन् १९५२ से ही उनको लगने लगा था कि अब ज्यादा दिन वे जीवित नहीं रहेंगे। इस कारण अपने सारे विचार अपने अनुयायियों के सामने रखने की उनकी इच्छा थी।

''बातचीत में एक वृद्ध अनुयायी ने प्रश्न किया ''बाबा साहेब! मैंने अपने जीवनकाल में कई संस्थाओं का निर्माण होते हुए देखा। ये संस्थाएं कुछसमय तक बड़ी होती गई और बाद में घटती गई। कुछ तो नष्ट ही हो गई। तो मैं जानना चाहता हूँ कि ऐसा क्यों होता है- संस्थाएं बढ़ती क्यों हैं और घटती क्यों हैं।''

बाबा साहेब ने कहा कि तुम्हारे प्रश्न का उत्तर मैं क्या दूँ? उत्तर तो २४०० साल पूर्व स्वयं भगवान बुद्ध ने ही दिया है। उन्होंने कहा है कि जहाँ 'उपेक्षा' है वहाँ काम बढ़ते जाना है और जहाँ 'उपेक्षा' नहीं है वहाँ काम घटते जाना है।

वास्तव में उपेक्षा याने उदासीनता। इस कारण हम सब लोगों को लगा कि यह शायद बाबा साहेब की slip of tongue है। बाबा साहेब यह समझ रहे थे। उन्होंने हंस कर कहा, तुम लोग समझतेहोंगे कि यह slip of tongue है। किंतु ऐसा नही है। यहाँ भगवान ने 'उपेक्षा' शब्द का प्रयोग technical अर्थ में किया है। कोई संस्था या कार्य आरंभ होता है उस समय किसी का भी उधर ध्यान नहीं जाता। लोग उसके प्रति उदासीन रहते हैं तो भी थोड़े लोग उस काम को करते ही जाते हैं। इस कारण काम थोड़ा बढ़ता है, तो उसकी दखल लेना लोगों के लिए बाध्य हो जाता है। वे उस स्थिति में कार्यक्रम का उपहास मात्र करते हैं। उपहास के कारण कई कार्यकर्ता काम छोड़ देते हैं तो भी बाकी कार्यकर्ता निश्चय के साथ काम को आगे बढ़ाते हैं। काम और बढ़ता है तो बाहर से विरोध प्रारंभ होता है। विरोध के बावजूद ये लोग काम करते रहते हैं। इसके कारण वे विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं और यश का प्रसार होता है।

यह समय है जब कार्यकर्ताओं के मानसिक परिवर्तन की संभावना का निर्माण होता है। जिन्होंने त्यागपूर्वक, बड़े कष्ट सहते हुए लगातार काम किया उनके मन में भावना आती है कि काम के बढ़ने में मेरा कितना हिस्सा है, मेरा कितना श्रेय है, यह प्रकाशित किया जाए। यह crisis of credit sharing है। इसमें सभी लोग अपना-अपना

वह देश नही अच्छा, जिसमे होता अपमान पसीने का।



**Where there's energy, there's HP**

**Powering marine engines, propelling airplanes, energizing industries, mechanizing agriculture igniting stoves, lighting lanterns ... HP is synonymous with energy in India.**

For the last 25 years and more, Hindustan Petroleum has meant different things to different people. For some it represents an abundant supply of Petrol & Diesel. For others it stands for the easy availability of LPG and lubricants. Thousands of others see in it an *inexhaustible* reservoir of Kerosene and other petroleum products for meeting their energy needs. For all of them HP signifies an ever-radiant source of energy. Energy that is making a big difference to millions of lives. In the new millennium HP is all set to unveil an exciting new phase in its growth. Diversifying into Oil Exploration and Production, Power Generation, *Renewable Energy ventures* and much more. Confident of creating a future full of energy. Confident of enriching the lives of millions.



हिन्दुस्तान पेट्रोलियम

HP

*Future full of energy*

• PETROL • DIESEL • LPG • KEROSENE • AVIATION FUEL • NAPHTHA • FURNACE OIL • BITUMEN
• LOW SULPHUR HEAVY STOCK • LUBES & GREASES • SOLVENTS • INDUSTRIAL SPECIALTIES

6201

credit और श्रेय कितना है, यह दिखाने की होड़ में लग जाते हैं। ऐसे समय मूल प्रवर्तक कार्यकर्ता credit sharing की यदि उपेक्षा करते हैं तो काम आगे बढ़ता है और ये मूल प्रवर्तक कार्यकर्ता यदि credit-sharing की स्पर्धा में दौड़ने लगते हैं - उपेक्षा नहीं करते - तो काम घटने लगता है। इस Technical अर्थ में भगवान बुद्ध ने "उपेक्षा शब्द का यहाँ प्रयोग किया है।"

## गांधी जी का तम्बू

सन् १९३४ दिसम्बर में वर्धा में गांधी आश्रम के सामने ही वर्धा जिले का संघ का शिविर था। मुझे भी उसमें रहने का सौभाग्य मिला। उस शिविर में महात्मा जी के आने के पश्चात् जो बात हुई वह सर्वविदित है। किंतु एक महत्वपूर्ण बात सर्वविदित नहीं है।

शिविर का उद्घाटन सर मोरोपंत जोशी ने किया था। शिविर के लिए जगह कांग्रेस के कोषाध्यक्ष श्री जमनालाल बजाज ने दी थी। वह जगह गांधी आश्रम से लगी हुई थी। उद्घाटन के समय जमनालाल जी वर्धा में नहीं थे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जानकी देवी बजाज उद्घाटन के लिए उपस्थित थी और मंच पर ही थी। उद्घाटन सभाप्त होने के पश्चात सब लोग मंच के नीचे आए। श्रीमती जानकी देवी बजाज ने मा. अप्पाजी जोशी को पूछा कि क्या हम आपकी कुछ और सहायता कर सकते हैं?मा. अप्पाजी ने कहा कि आपकी ही सहायता से तो यह शिविर खड़ा हुआ है। श्रीमती जानकी देवी ने कहा कि यह तो ठीक है किंतु और भी कुछ सहायता की आवश्यकता हो तो निःसंकोच बताइए। इस पर मा. अप्पाजी आधा मिनट चुप रहे और फिर कहा कि एक बात मन में है किंतु यह बोलना कहाँ तक उचित होगा, मैं नहीं जानता। श्रीमती जानकी देवी ने कहा, आप संकोच मत कीजिए जो मन में है, वह बताइए। मा.अप्पाजी ने कहा कि कल हमारे परम पूजनीय डॉक्टर हेडगेवार जी यहाँ आने वाले हैं। उनसे मिलने के लिए बहुत लोग आएंगे। सबके साथ डॉक्टर जी को कहाँ बैठाना , यह प्रश्न हमारे सामने है क्योंकि शिविर में उसके लिए उपयुक्त जगह नहीं है। मुझे लगा कि आपके आश्रम में महात्मा जी के लिए एक बड़ा तम्बू है जिसमें बैठकर महात्मा जी आने वाले लोगों के साथ बातचीत करते हैं, वह तम्बू दो दिन के लिए हमें मिलेगा तो सुविधा होगी। श्रीमती जानकी देवी ने कहा कि मैं गांधीजी से पूछती हूँ। ऐसा बताया गया कि गांधीजी ने कहा कि दो-दिन की बात है, हम अपने हॉल में ही बैठ सकते हैं। डा. हेडगेवार जी के लिए आवश्यक है तो यह तम्बू भेज दिया जाए। उसी दिन शाम को गांधीजी के कहने पर श्रीमती जानकी देवी बजाज ने गांधीजी का तम्बू डाक्टर जी के लिए संघशिविर में भेज दिया।

## बंदा बैरागी का समाजवाद

एक बार श्री गुरुदयाल सिंह ढिल्लो ने मुझे कहा, "मैं संघ को अच्छी तरह से जानता हूँ। आपके कार्यक्रम भी मैं देखते रहता हूँ। आपके बौद्धिक वर्ग के कई रिपोर्ट भी मैंने पढ़े हैं। आपका सिद्धांत ठीक है। किंतु इस सिद्धांत को आधुनिक परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में आप लोग ठीक ढंग से क्यों नहीं रखते?" मैंने कहा, "ठीक ढंग से रखने का प्रयास तो रहता ही है। मैं आपकी बात नहीं समझ सका।" श्री ढिल्लो ने कहा, "देखो! उदाहरण के लिए बताता हूँ। आपके बौद्धिक में फतेहसिंह - जोरावर सिंह के आत्मबलिदान का विवरण किया जाता है। यह ठीक है। यह बताना ही चाहिए। किंतु साथ-साथ यह बात भी क्यों नहीं बताते कि यूरोप में जिस समय सोश्यलिज्म की संकल्पना का जन्म भी नहीं हुआ था उस समय हमारे पंजाब में बंदा बैरागी ने भूमिहीन मजदूरों में जमीन का पुनर्वितरण किया था। He redistributed land among landless labourers। यह बताने से प्रभाव अधिक होगा।"

वास्तव में, मैं इस बात को जानता ही नहीं था।

*भारत की धरती पुण्य भूमि, है मुकुट त्यागने वालों की।*

*With Best Compliments from :*

# JITENDRA UDYOG

*Manufacturer of :*
*All Kinds of Quality Locks*

## कोणार्क तालों के निर्माता

*86, Durga Puri, (Patel Nagar) Aligarh - 202 001*
*Ph. : 2410940, 2410950, 2410960*

4716

## मार्क्सवाद में वेदान्त

सी.पी.आई की किसान सभा के उस समय कें जनरल सक्रेटरी श्री भोगेन्द्र झा ने मुझे कहा,"आप अपनी बात अच्छे ढंग से क्यों नहीं रखते?मैं जानता था कि भोगेन्द्र झा ने हमारे शास्त्रों का अध्ययन मुझसे अधिक किया है। उन्होंने कहा कि कम्युनिज्म के basic tenets में भी प्रमुख dialecticism है। आप यह क्यों नहीं बताते कि मार्क्स के dialecticism से हिंदू dialecticism अधिक शास्त्रीय है। मार्क्स का dialecticism तीन stages में है जबकि हिंदू dialecticism चार stages में है।"

इसके कुछ महीने बाद अपने दामाद श्री देशपांडे की पुस्तक की प्रस्तावना लिखते समय श्री श्रीपाद अमृत डांगे ने लिखा कि dialecticism से लेकर मार्क्सिज्म के कई basic tenets- they can be traced to vedanta.

## राष्ट्रीय श्रम दिवस

भारतीय मजदूर संघ ने राष्ट्रीय श्रम दिवस के नाते परंपरागत विश्वकर्मा दिवस मनाने का निर्णय किया। दिल्ली में १९६७ में एन.डी.एम.सी में यह उत्सव मनाया गया। प्रमुख अतिथि के नाते श्री हनुमंथैया ही थे। वे उस समय केन्द्रीय मंत्री थे। वक्ता के नाते मैंने प्रास्ताविक किया। उसमें यह बताया कि विश्वकर्मा दिवस ही राष्ट्रीय श्रम दिवस है इसलिए १ मई को उत्सव न मनाते हुए हम विश्वकर्मा दिवस मनाते हैं। इसके बाद आज की पद्धति के अनुसार हमने मांग की कि भारत सरकार को विश्वकर्मा दिवस को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करनी चाहिए।

मेरे पश्चात भाषण करते हुए श्री हनुमंथैया जी ने कहा कि विश्वकर्मा दिवस को राष्ट्रीय दिवस मानना यह मुझे स्वीकार है। किंतु ठेंगड़ी जी का भाषण सुनकर मुझे आश्चर्य हुआ। मुझे बताया गया था कि ठेंगड़ी जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक हैं। इसलिए उनके विचार भी हिंदू संस्कृति के अनुकूल होंगे, ऐसा मैं मानता था किंतु अपने भाषण में ठेंगड़ी जी ने कहा कि विश्वकर्मा दिवस को राष्ट्रीय दिवस के नाते भारत सरकार को मान्यता देनी चाहिए और उस दिन सार्वजनिक छुट्टी घोषित करनी चाहिए। मैं उनसे पूछना चाहता हूँ यह बात अपनी परंपरा के अनुकूल है क्या?किसी भी दिवस का महत्व सरकारी मान्यता पर है ऐसा हम मानते हैं क्या?हम शताब्दियों से विजयादशमी, वसंतोत्सव आदि मनाते आ रहे हैं। यह किसी सरकारी नोटिफिकेशन के कारण है क्या?कुंभ मेला में लाखों लोग आते हैं। क्या वे सरकारी नोटिफिकेशन के कारण आते हैं?सच्चाई इसकी विपरीत है। सरकार ने २६ जनवरी, १५ अगस्त और २ अक्टूबर को अधिकृत रूप से मान्यता दी और उन दिनों सार्वजनिक छुट्टी भी घोषित की। क्या इन तीनों दिन जनता उत्साह पूर्वक उत्सव मनाती है?तो सरकार से मान्यता मांगना हमारी संस्कृति के अनुकूल नहीं है। मान्यता परंपरा की चाहिए, जनता की चाहिए।

उनका भाषण सुनकर हमने जो बात आज के श्रमक्षेत्र की पद्धति के अनुसार कही थी उसको दोहराना बंद किया।

## आत्म चरित्र क्यों?

आपातकाल में मुझे लोक संघर्ष समिति के सचिव के नाते विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं से मिलना पड़ता था। अवश्य ये भेंटें गुप्त रूप से ही की जाती थी। इसी प्रयास के अंतर्गत संगठन कांग्रेस के अध्यक्ष श्री अशोक मेहता से बार-बार मिलना पड़ता था। हर मुलाकात के समय वे निकट भूतकाल की राजनैतिक घटनाओं के बारे में जानकारी देते थे, जिससे मैं तब तक अनभिज्ञ होता था। उनकी बातें सुनने के बाद एक बार मैंने उनसे कहा, "मेहता जी, आप आत्म-चरित्र लिखिए; क्योंकि ये सारी बातें जन-साधारण के पास पहुँचना आवश्यक हैं। जनता, इन महत्वपूर्ण बातों को जानती ही नहीं।"

मेरे यह बोलने के बाद, वे चौंक कर मेरी तरफ देखने

*हमारा राष्ट्रीय श्रम दिवस - विश्वकर्मा जयन्ती।*

*With Best Compliments from :*

LAXMI®

# Laxmi Locks

***Manufacturer & Suppliers of Builders Hardware***

4/3, Johnson Compound, Jail Road, ALIGARH - 202 001
Phone : 0571-2504520, 2409837, Fax. : 91-571-2502651

4711

*With Best Compliments from :*

# ASHA INDIA

**5/498-A, Shakri Nagar, Gultar Road, Aligarh-202 001**
**Ph. : (O) 0571-2520418, 2510416 (R) 0571-2403932, 2406844**

4706

*With Best Compliments from :*

# Shri Balaji Engineering Works

**Mfrs. & Exporter : Power Presses, Knuckle Joint, Shearing Machines & Press Brake**

**B. O. : J-8, Sec.-41, Noida-201304 Te. : (Fax.) : 91-457451**

***Works :** D-83, Industrial Estate Aligarh-202 001 (India)*
***Tel. :** (Fax.) : 91-571-402025, 502609 Cable : Kamleshwar*
***E-mail :** balaji@shribalaji pressers.com , **Website :** www.shribalaji presses.com*

4708

*With Best Compliments from :*

# Mascot Metal Manufacturer

(A Govt. of India recognised Export House)
15-D, Samad Road, Aligarh-202001 (India)
**Manufacturers & Exporters of :** Brass, Iron & Aluminium, Architectural Fitting & Handicrafts
**Factory :** D-11 (A) Industrial Estate, Aligarh-202 001
**Phone :** 91-571-2401305, 2403869, 2402008, **Fax. :** 91-571-2400589, 2403869
**E-mail :** cara@vsnl.net, **Visit at :** www.mascotmetal.com
**Mobile :** 91-98370-25502

4709

लगे। उन्होंने पूछा, क्यों भाई तुम आर एस एस के प्रचारक हो ना। मैंने हाँ कहा। उन्होंने कहा, आत्मचरित्र लिखना, यह परंपरा के अनुकूल है क्या?आत्मचरित्र को छोड़ो, किंतु चरित्र भी वेदों की ऋचाओं के दृष्टाओं का उपलब्ध नहीं है। इतनी ऋचाएं हैं। एक भी ऋचा के दृष्टा का चरित्र भी उपलब्ध नहीं है। उपनिषदकारों के चरित्र उपलब्ध हैं क्या?वास्तव में हमारी परंपरा यह है कि स्वयं आत्मविकास करना, आत्मविकास का श्रेष्ठ फल समाज के चरणों में अर्पण करना और धरती से निकल जाना। यह हमारी परंपरा है। तुम आर एस एस के प्रचारक होते हुए भी ऐसी बात कर रहे हो, यह आश्चर्य है।

श्री अशोक मेहता जी से यह बात सुनकर मुझे आश्चर्य हुआ। यह सारी बातें हमने परम पूजनीय श्री गुरूजी से सुनी थीं किंतु श्री अशोक मेहता एक प्रगतिशील समाजवादी होने के कारण यह बात कहेंगे, ऐसी कल्पना भी मैं नहीं कर सकता था।

## कम्यून नहीं फिर भी कम्युनिस्ट

१९८५ में भारतीय मजदूर संघ का प्रतिनिधि मण्डल चीन गया। उसमं ५ लोग थे। जैसे ही हम बीजिंग के हवाई अड्डे पर उतरे, वैसे ही 'चाईनीज फेडरेशन ऑफ लेबर' के पदाधिकारियों ने हमारा स्वागत किया और पूछा कि इस दौरे में आप कौन सा दुभाषिया पंसद करेंगे'; हिन्दी या अंग्रेजी?हमने कहा - हिन्दी। उनको आश्र्चय और आन्नद हुआ। उन्होंने बताया कि हिन्दुस्तान से कई प्रतिनिधि मण्डल आते हैं और वे अंग्रेजी दुभाषिए की ही मांग करते हैं। आपका पहला प्रतिनिधि मण्डल है जो हिन्दी दुभाषिए की मांग कर रहा है। इसलिए हम आपका अभिनन्दन करते हैं। दुभाषिए के नाते हमारे साथ लीशिंग को दिया गया। किंतु ३-४ दिन के बाद हमें प्रतीत होने लगा कि हिन्दी दुभाषिए की मांग करना शायद हमारी गलती थी; क्योंकि लीशिंग का हिन्दी का ज्ञान हम लोगों से ज्यादा था। शब्दों का उच्चारण ठेठ वाराणसी का था और हम जब बात कहते थे, तब हम कई बार हिन्दी की बजाय उर्दू या अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग करते थे। यह बात उसको खटकती थी। वह आश्चर्य व्यक्त करता था कि आप सरल हिन्दी में क्यों नहीं बोल सकते। वह अच्छी हिन्दी बोलता था। उदाहरण के लिये उसको किसी घटना के बारे में प्रश्न पूछा तो वह कहता था इसके विषय में मैं आपको कल रहस्यस्फुट करूँगा। इतनी अच्छी भाषा हम नहीं बोल सकते थे।

भारतीय मजदूर संघ के विवेक के विषय में चीनी प्रतिनिधियों को पूरी और अद्यावत जानकारी थी। हम एक कारखाने का निरीक्षण कर रहे थे। एक जगह हमने एक साइनबोर्ड देखा, वह चीनी भाषा में था। हमने पूछा कि इसमें क्या लिखा है ?उन्होंने बताया कि वही, जो आप भारतीय मजदूर संघ में कहते हैं - वर्क्स इंस्ट्रेस्ट विद इन द फ्रेमवर्क ऑफ नेशनल इंट्रेस्ट।

उनके पदाधिकारियों ने यह कहा कि बीएमएस की सूत्रत्रयी उन्हें पंसद है। नेशनलाइज्ड द लेबर, लिबराइज्ड द इंडस्ट्री एण्ड इंडस्ट्रियलाइज्ड द नेशन' यह बात हम अच्छी मानते है; किन्तु इस समय जनमानस में यह डालना कठिन है क्योंकि अब तक हम लोगों को दूसरी तरह की बातें बता रहे थे। आप राष्ट्रीय श्रम दिवस मनाते हैं। यह बात भी हमें अच्छी लगती है। हम भी चीन में इसी तरह का राष्ट्रीय श्रम दिवस प्रारंभ करना चाहते हैं; किन्तु अब तक मई दिवस को ही प्रचलित करने के कारण यह नई बात किस तरह ढंग से लोगों को बताना, यह प्रश्न हमारे सामने है।

चीन में एक भी कम्यून अस्तित्व में नहीं था; फिर भी राज्य के नाम में आपने कम्यूनिस्ट शब्द क्यों रखा ? यह प्रश्न हमने किया। उन्होंने बताया कि हम मार्क्सिज्म कम्यूनिज्म को कालबाह्य मानते हैं; किंतु उसको मानने वाले देश में कितने हैं, इसका हमें पता नहीं। माओत्से तुंग

*भारत माता की जय बोलो तो भारत की पहचान बनो।*

*शुभकामनाओं सहित :-*

## एन.ई.रेलवे इम्पलाइज मल्टी स्टेट प्राइमरी को-आपरेटिव बैंक लि०, गोरखपुर

### पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा को-आपरेटिव बैंक

### अंशधारकों (सदस्यों) को रु० ४०,०००/- (चालीस हजार) तक की ऋण सुविधा उपलब्ध

### बैंक का प्रगति विवरण (रकम लाख में)

कार्यकारी पूंजी - लगभग ३७ करोड़ रु०

जमा राशि - लगभग २२ करोड़ रुपये

| विवरण/वर्ष | १६६३-६४ | १६६६-६७ | १६६६-२००० | २०००-२००१ |
|---|---|---|---|---|
| अंशों से प्राप्त सूची | ३६४.३८ | ४६२.६८ | ५८५.१२ | ६६६.११ |
| सुरक्षित कोष | ६८.३७ | १०६.०२ | १५४.०२ | १५४.०२ |
| अन्य कोष | ५६.६० | ६४.३६ | ६१.५६ | ६४.६६ |
| निजी पूंजी | ४७६.११ | ५६०.६८ | ८००.७३ | ८८२.७५ |
| निक्षेप (जमा) | १३१६.५३ | १७४४.४१ | १६८४.६६ | २१८७.४१ |
| भुगतान हुआ ऋण | १२८३.६८ | १५५५.३६ | २०१६.५० | ३०१६.७४ |
| वसूल हुआ ऋण | १२३७.४५ | १५७४.७० | १६६५.४५ | २४७६.५६ |
| बैंक की जमा पूंजी | ४४३.६६ | ७८६.४० | १७०६.६५ | १२१५.८३ |
| कार्यरत पूंजी | १८५५.७१ | २३६८.४४ | ३२८०.५८ | ३६७२.३० |
| लाभ | ४६.६८ | ६१.३८ | ५४.८६ | ५५.०२ |
| सदस्य संख्या | ६७४१३ | ६६६६० | ६८५६७ | ६६५०३ |
| बचत खाता संख्या | ११105 | ११८२८ | १६६६७ | १७८४० |

**कमरूद्दीन**
अध्यक्ष

**बृजेश कुमार सिंह**
उपाध्यक्ष

**प्रहलाद सिंह**
सचिव

**संचालक मण्डल के सदस्यगण** - सर्वश्री कृष्ण नन्द चौबे, आशुतोष नारायण द्विवेदी, उमेश सिंह, कृष्णा सिंह, आसिफ सुल्तान, महेन्द्र प्रसाद ओझा, संतोष कुमार पाण्डेय, जय शंकर सिंह, राम शेर सिंह

2306

की पत्नी और उनकी गैंग ऑफ फोर इस समय जेल में हैं। किंतु उनको मानने वाले कितने हैं, यह हम नहीं जानते। हमने राज्य के नाम से कम्युनिस्ट शब्द हटाया तो उसी का मुद्दा बनाकर हमारे खिलाफ बवंडर खड़ा किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में जनता में से कितने लोग हमारे साथ रहेंगे और कितने उनके साथ, यह हम नहीं जानते। इसलिए हम खतरा मोल नहीं लेना चाहते।

## तीसरा मार्ग

फिर भी, यह कार्यग्रहण अवधि का वेतन केन्द्र सरकार के उन स्थायी कर्मचारियें को नहीं देय होगा जिन्होंने तीन साल की लगातार और नियमित सेवा पूरी न की हो, यदि वे प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम स्वरूप नियुक्ति हों। [नियम ४(४)]

(६) वे सरप्लस कर्मचारी जिन्हें सरप्लस कर्मचारियों के नियोजन की योजना के अधीन एक पद से दूसरे पद पर स्थानान्तरित किया जाये। [नियम ४(२)]

(७) वे कर्मचारी जिन्हें संवर्ग में पद समाप्ति पर डिस्चार्ज (कार्यमुक्त) करके एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में नियुक्त किया जाए, यदि पुराने पद पर रहते हुए ही आदेश मिले हों। यदि कार्यमुक्ति के बाद नये पद पर नियुक्ति हो तो बीच के ब्रेक की अवधि को बिना वेतन की कार्यग्रहण अवधि माना जा सकता है, यदि यह अवधि ३० दिन से अधिक न हो और संबंधित कर्मचारी ने कम से कम तीन साल की लगातार सेवा पूरी कर ली हो।

[ नियम ४(३) ]

**२. अस्थायी स्थानान्तरण :**

१८० दिन से कम के अस्थायी स्थानान्तरण पर कर्मचारी को किसी प्रकार का कार्यग्रहण समय देय नहीं है। केवल मार्ग मे लगने वाला वास्तविक समय दिया जायेगा जैसाकि यात्रा या दौरे के मामले में दिया जाता है। [नियम ४(१)]

**३. अवधि की शुरूआत :**

पुराने पद का चार्ज छोड़ने पर अवधि शुरू होती है। यदि प्रातः काल चार्ज छोड़ा जाए तो उसी तारीख से और

*ले आँख मीच अन्याय देख वह खून नही है पानी है, जिसको हिन्दी से प्यार नही वह कैसा हिन्दुस्तानी है।*

*With Best Compliments from :*



सुश्री मायावती
मुख्यमंत्री, उ0 प्र0



मा0 प्रधान मंत्री आश्रय भवनों का कब्जा पत्र देते हुए



मा0 श्री लालजी टण्डन
मंत्री, आवास, नगर विकास, उ0 प्र0

मा0 प्रधानमंत्री जी के क्षेत्र में
मा0 मुख्यमंत्री एवं मा0 मंत्री आवास
एवं नगर विकास, उत्तर प्रदेश के दिशानिर्देशन में
लखनऊ के अतुलनीय विकास में अग्रसर

# गोमतीनगर विस्तार
# G-N EXT
## For Generation Next
## का आवंटन शीघ्र



बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर स्मारक का नया स्वरूप



अम्बेडकर रैली स्थल, जेल रोड का निर्माण कार्य अंतिम चरण में



बेगम हजरत महल पार्क



अवध अपार्टमेन्ट, गोमतीनगर

**भूखण्डों का विवरण :**

| भूखण्ड श्रेणी | भूखण्ड कोड | क्षेत्रफल (वर्ग मी.) | आवंटन दर (प्रति वर्गमी.) (ला. रु0 में) | अनुमानित लागत (ला. रु0 में) | पंजीकरण धनराशि | अवशेष भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | 06 | 450 | 3000/- | 13.5 | 1.00 | अवशेष धनराशि 12 समान त्रैमासिक किश्तों में 15 प्रतिशत ब्याज सहित देय |
| बी | 07 | 300 | 3000/- | 9.0 | 0.75 | |
| सी | 08 | 200 | 3000/- | 6.0 | 0.50 | |



फैजाबाद रोड से अमौसी एयरपोर्ट तक अमर शहीद पथ



अलीगंज स्पोर्टस स्टेडियम

- ✦ G-NEXT में NRI's को शतप्रतिशत आवंटन सुविधा
- ✦ लगभग 23 किमी. अमर शहीद पथ का निर्माण प्रगति पर
- ✦ हरदोई रोड योजना का पंजीकरण शीघ्र
- ✦ कैसरबाग में पार्किंग स्थल एवं आवासीय व व्यवसायिक निर्माण शीघ्र
- ✦ अम्बेडकर वृहद रैली स्थल जेल रोड का निर्माण प्रगति पर
- ✦ अवध अपार्टमेंट गोमतीनगर में आवंटन हेतु कुछ फ्लैटस उपलब्ध



आश्रय भवन



नवीन मछली मंडी, हरदोई रोड

● अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जनसम्पर्क अधिकारी एम0 वासिल से नवीन प्राधिकरण भवन में तथा फोन नं0. 2397177, 2303624 2303133 अथवा 2703623 पर प्राप्त की जा सकती हैं।




**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

3001

यदि दोपहर बाद चार्ज छोड़ा जाये तो अगली तारीख से यह अवधि शुरू होती है।

**४. अवधि के दिन :**

सभी स्थितियों मे यह अवधि कर्मचारी के पुराने मुख्यालय से जोड़ी जाएगी-

**(१) उसी स्टेशन पर :** जब स्थानान्तरण उसी स्थान पर हो या जब स्थानान्तरण होने पर निवास स्थान एक जगह से दूसरी जगह पर न बदला हो तो कार्यग्रहण अवधि एक दिन तक ही सीमित होती है। इस प्रयोजन के लिए ''उसी स्टेशन'' का अर्थ वह क्षेत्र है जो उसी नगरपालिका या निगम के क्षेत्राधिकार में पकड़ता हो। इसमें उपनगरीय नगरपालिकाएं तथा नामित नगरपालिका के निकट वाले अधिसूचित छावनी क्षेत्र भी शामिल हैं।

**(२) एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पर :** यदि स्थानान्तरण में स्टेशन या निवास स्थान बदल जाए तो कार्यग्रहणा अवधि इस प्रकार दी जाती है। (सीधे मार्ग से और यात्रा से साधारण तरीके से)-

| *पुराने तथा नये मुख्यालय के बीच की दूरी* | *स्वीकार्य कार्यग्रहण समय* | *जब लगातार २०० कि.मी. से अधिक की सड़क यात्रा हो* |
|---|---|---|
| (i) १००० कि.मी. या कम | १० दिन | १२ दिन |
| (ii) १००० कि.मी. से अधिक | १२ दिन | १५ दिन |
| (iii) २००० कि.मी. से अधिक | १५ दिन/हवाई जहाज द्वारा यात्रा करने पर अधिकाधिक १२ दिन | १५ दिन |

**[नियम ५(४)]**

**(३) किसी दूर स्थिति इलाके के स्टेशन को या उस स्टेशन से स्थानान्तरण :** कार्यग्रहण अवधि में अतिरिक्त समय उस अवधि में और जोड़ा जायगा जो उपर्युक्त (२) के अनुसार देय है। शर्त यह है कि मार्ग में सामान्य से अधिक समय लगता हो जिसका कारण परिवहन की या दूसरी समस्यायें हों। [ नियम ५(५) और उसकी परिशिष्ट ]

**५. अवकाश पहले या बाद में :**

यदि कार्यग्रहरण अवधि के पहले अवकाश पड़ता हो तो अवधि बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है। यदि अवकाश अवधि के बाद में पड़ता हो तो यह अवधि अपने आप बढ़ गई मानी जाएगी। [ नियम ५ (४)]

**६. वेतन वृद्धि के लिए गणना :**

(१) मूल पद पर जिस पद का उस अवधि में वेतन दिया जा रहा हो, उसमें कार्यग्रहण अवधि को वेतन वृद्धि के लिए जोड़ते हैं। [ एफ. आर. २६ (ई)]

(२) कार्यग्रहण अवधि के शुरू होने से पहले, जिस पर कर्मचारी था उस पर छुट्टी के अंतिम दिन, उस पद के वेतनमान में वेतनवृद्धि के लिए कार्यग्रहण अवधि का समय जोड़ा जाएगा। जब उस छुट्टी के तुरंत बाद वह अवधि शुरू हो रही हो।

**[ एफ. आर. २६ (ई)(ii)]**

(३) अपने निवेदन पर स्थानान्तरण में यात्रा की अवधि, जिसे छुट्टी के रूप में नियमित न किया गया हो, वेतनवृद्धि, छुट्टी या पेंशन के लिए नहीं जोड़ी जाएगी और उसे ''डियेस नान'' 'डियेस नान' माना जाएगा। [ एफ. आर. २६ ]

**७. शेष अवधि को छुट्टी खाते में जमा करनाः**

यदि कार्यग्रहण अवधि का पूरा उपयोग नहीं किया जाता तो वास्तव में उपयोग में लाए दिन घटाकर शेष दिन कर्मचारी के छुट्टी खाते में अर्जित अवकाश के रूप में

*हमने रचाया खून देकर भारत माँ की टोलियाँ। हमने वतन की आन पर सीने में झेली गोलियाँ।।*

*With Best Compliments from :*

ACC
SURAKSHA

सदैव रक्षा
ए सी सी सुरक्षा

भारत की नं. 1 सीमेन्ट

सल्फेट और क्लोराइड से

कंकरीट में दरारों से

सरिये में जंग लगने से

अब
संभव है
सुरक्षा

वायुमंडल में उपस्थित
हानिकारक गैसों से

सीमेन्ट के कंकरीट से
अलग होने से

## ए सी सी टिकरिया सीमेन्ट वर्क्स

टिकरिया इन्डस्ट्रियल एरिया,
पो : गौरीगंज, जिला : सुल्तानपुर (उ० प्र०)

3302

फोन नं : 05368-244279 फैक्स नं. : 05368-244479 ई-मेल : tikaria@acccement.com

जमा कर दिये जाते हैं, बशर्ते अर्जित अवकाश सामान्य जमा सीमा से अधिक न होने पाए। अब इस अवधि के बदले मे विशेष आकस्मिक छुट्टी देने की सुविधा समाप्त हो गई है।

[ नियम ६(१) ]

**८. छुट्टी या अवकाश के साथ जोड़ना :**

कार्यग्रहण अवधि को कार्यालय के अवकाश अथवा अपनी किसी तरह की छुट्टी के साथ (केवल आकस्मिक छुट्टी लेकर) जोड़ सकते हैं।

[ नियम ६(२) ]

**९. इस अवधि का वेतन और भत्ते :**

इस अवधि को ड्यूटी माना जाएगा और पिछले पद के वेतन और भत्तों के हिसाब से भुगतान किया जायेगा। सवारी भत्ता और स्थायी यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। स्टीमर छूटने की प्रतीक्षा का समय भी भुगतान का एक कारण हो सकता है। आगे १३(ग) देखें।

**१०. बीच मार्ग में दूसरा स्थानान्तरण :**

(१) यदि कोई कर्मचारी स्थानान्तरण पर बीच मार्ग में हो और जहां उसे शुरू में स्थानान्तरित किया गया था उसके बजाय किसी अन्य स्थान पर जाने का निर्देश दिया जाये तो वह स्थानान्तरण आदेश प्राप्त करने की तारीख तक पहले ही उपयोग की गई कार्यग्रहण अवधि का पात्र भी होगा। साथ में संशोधित स्थानान्तरण आदेशों की प्राप्ति की तारीख के बाद से नये सिरे से पूरा कार्य ग्रहण अवधि का पात्र भी होगा।

(२) कार्यग्रहण की नई अवधि उस स्थान से जोड़ी जाएगी जहां पर उसने संशोधित आदेश प्राप्त किये थे।

[ नियम ६(३) ]

**११. अपने अनुरोध पर स्थानान्तरण :**

अपने अनुरोध पर स्थानान्तरण के मामले में कार्यग्रहण समय की कोई सुविधा नहीं मिलती। किन्तु कर्मचारी को नियमानुसार देय छुट्टी स्वीकृति की जा सकती है। यदि चार्ज सौंपने के बाद तुरंत अवकाश आ जाये और कोई अवकाश समाप्त होने पर नये पद का कार्यभार ग्रहण कर ले तों यह अवकाश की अवधि के रूप में ही मानी जाएगी और इस अवधि का वेतन नये विभाग/दफ्तर से दिया जाएगा। जहां उसने कार्यभार ग्रहण किया है।

[ कार्मिक विभाग का का. ज्ञा. सं. १६०११/१६/८६ इस्टे (भत्ते), दिनांक १५.१२.८८ ]

**१२. कार्यग्रहण अवधि का समय बढ़ाना :**

कार्यग्रहण अवधि के साथ आकस्मिक छुट्टी को छोड़कर किसी भी प्रकार की छुट्टी और नियमित छुट्टी की अवधि जोड़ी जा सकती है। निश्चित सीमा के आगे कार्यगृहण अवधि को विभागाध्यक्ष अधिकतम ३० दिन तक बढ़ा सकते हैं। ३० दिन से अधिक होने पर मामला मन्त्रालय को भेजा जाता है। अवधि को बढ़ाते समय यह ध्यान रखा जाए कि करीब ८ दिन का समय तैयारी के लिए और उचित समय यात्रा के लिए मिल जाए। नियम ५(५) हड़ताल, प्राकृतिक आपदा आदि से यदि यात्रा के रास्ते में रूकावट आई हो तो इसका भी ध्यान रखा जाए। स्टीमर छूटने की प्रतीक्षा का समय भी एक कारण हो सकता है। नियम ५(४) ,

**१३. कार्यग्रहण अवधि बढ़ाने की परिस्थितियां :**

(क) जब सरकारी कर्मचारी यात्रा के साधारण तरीके इस्तेमाल करने में असमर्थ हो गया हो और अपनी मेहनत के बावजूद उसे नियमानुसार मिलने वाले समय से अधिक यात्रा में लगाना पड़ा हो।

(ख) जब इस अवधि को बढ़ाना जन सुविधा की दृष्टि से जरूरी समझा जाय या इससे उस सार्वजनिक खर्च में बचत होती है जो अनावश्यक या पूर्णतः औपचारिक स्थानान्तरण में होते है।

(ग) जब किसी विशेष मामले में नियमों का प्रभाव बहुत कठोर रहा हो, उदाहरण के लिए, कर्मचारी की कोई गलती नहीं थी किन्तु उसका स्टीमर छूट गया अथवा यात्रा

*भला हो जिसमें देश का वह काम सब किये चलो, संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो।*

*With Best Compliments from :*

# Unnao Distrilleries & Breweries Ltd.

***Factory :*** *Shekhpur, Unnao - 209 801 (U.P.)*
*Ph. : 2823520, 2823901*
*Fax : 0515-2823706*

Regd Office : 424, 4th Floor City Centre,
The Mall, Kanpur • Phone : 2362361

3401

के दौरान वह बीमार पड़ गया।

**१४. कार्यग्रहण अवधि समाप्त होने पर रूक जानाः**

जो सरकारी कर्मचारी कार्यग्रहण अवधि के बाद रूक जाता है और तुरंत नया पद ग्रहण नहीं करता, उसे अवधि समाप्त होने पर कोई वेतन या छुट्टी का वेतन पाने का हक नहीं होगा और वह अवधि अकार्य दिन (डियेस नान) मानी जायेगी तथा उसके कारण अगली वेतनवृद्धि की तारीख आगे बढ़ जायेगी। इसे जानबूझ कर ड्यूटी से अनुपस्थित रहना भी माना जा सकता है जिससे यह एफ. आर. १५ के प्रयोजन के लिए कदाचार होगा। ऐसी अवधि को पेंशन के लिए अर्हक सेवा में नही जोड़ा जाता है।

एफ. आर. १०८

**१५. स्थानान्तरण रद्द हो जाने पर :**

जब कर्मचारी ने अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया हो किन्तु उसके बाद अपने नये पद काकार्यभार ग्रहण न किया हो और इस बीच उसका स्थानान्तरण आदेश रद् कर दिया जाए तो पुराने पद को छोड़ने और नये पद का भार ग्रहण करने के बीच की अवधि को कार्यग्रहण अवधि माना जाएगा। [सी एण्ड ए.जी. डी. (१)]

## *राष्ट्र का अपमान देवता का अपमान*

*'मैं अपने राष्ट्र के अपमान को अपने देवता का अपमान मानता हूँ। मै बहुत शक्तिवान भी नही हूँ। अपने लहू के अतिरिक्त अपनी माता को मैं और क्या समर्पित कर सकता हूँ। इसलिए, मातृभूमि की सेवा में अपना रक्त बहा रहा हूँ। मेरे लिए भारतमाता की सेवा ही श्रीराम व श्रीकृष्ण की सेवा है, इसलिए इसके लिए मैं अपने प्राण न्योछावर कर रहा हूँ। मुझे इस पर गर्व है। मेरी यह चाह है कि जब तक भारत माता स्वतंत्र नही हो जाती, बार-बार भारत में मेरा जन्म हो। मैं बार-बार भारत के लिए अपने प्राणों का बलिदान करना चाहता हूँ। ईश्वर मेरी चाह पूरी करें।*

*- मदन लाल ढ़ींगरा*

*(१७ अगस्त पैटोन विले जेल (इंग्लैण्ड) में फांसी के पूर्व)*

*''विशाल राष्ट्र-भवन का निर्माण असंख्य समर्पित व्यक्तियों के बलिदान तथा तिल तिल कर अपने को गलाने से ही संभव है। नाम, मान-सम्मान व सुख-वैभव की कामना से विरत एवं प्रखर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत संगठित कार्यकर्ताओं के अनुशासन पूर्ण परिश्रम से ही राष्ट्र का रथ वैभवपूर्ण गन्तव्य की ओर अग्रसर होगा।''*

*- राम नरेश सिंह 'बड़े भाई जी'*

*''सत्य कहने और सुनने का साहस करो।''*

*- महात्मा गांधी*

*हमने जिस दौर को चाहा है, बदल डाला है। हम जिस दौर को चाहेंगे, बदल डालेगे।।*

*With Best Compliments from :*

# Alaknanda River Adventures

***Registered Office :***

*3/6, Race Course, Dehradun - 248 001*

*Tel. : 0135-621680, 621784*

*E-mail : aradventures@yahoo.com*

**THE ADVENTURE :**

The river Ganges, which flows out of the lap of the Himalayas, leaves the mountains and flows on the plains, The Ganges in its untamed and turbulent from gushes over the craggy mountainsides and in Rishikesh, It changes into a serene, calm river.

Flowing beneath the shadows of thick green forest, the beauty of Ganges attracts the tourists who come here.

**CAMPING :**

Stay in beautiful, cozy deluxe Safari **Tents** -- twin sharing.
Surrounded by **Mountains on all side** & by the side of river **Ganga** - these camps are located on a vast sand beach-**a total natural scenic beauty.** Away from the road, one has to get down the mountain steps to reach the spot--porter boy carry the luggage for you.
Separate tents for bathing and toilets.
Separate tents housing Kitchen and Dinning
**Bon-Fire** arrangement during night.
Lighting thro' **Kerosene lamps** only-which adds to naturainess.
Hear the sound of **birds, barking deers, and the splashing water.**
Evening filled with **dance, and music** in the camp.
Vast space on sand bed to play volleyball or other games
**Phone Calls** can be received at the site.

---

hand --- otherwise just think -- we avoid planning such a adventure trip with family & friends)
**RAFTING :** The group has two imported rafts with experienced guide who will take you thro' the rafting tour. You need not known swimming and just need to be above 12 years of age to enjoy the thrill.

With life jacket & helmet for each individual there are 6 different grades of ride. Grade 1 being the mildest-almost flats, placid stretch of water and grade 6 being most difficult. Upto grade 2 is very safe and provides enough adventure for beginners.

Rafting on the first day is 10 m while on the 2nd day it is 12 Kms. from Shivpuri to Munni ki reti is Rishikesh in the fresh, clean flowing water of the Ganga.

**EXCURSION :**

Other things included in the adventure during the daytime is Trekking in the moutains, **Rock climbing** at the site itself, visit to a small nearby **Village** and ofcourse the **Laxman and Ram Jhoolas** at Rishikesh.

3005



# सतर्कता

- देवनाथ सिंह,
प्रदेश महामंत्री-भा.म.स.उ.प्र.

**१. सतर्कता क्या है ?**

सतर्कता सावधान और चौकस रहने की स्थिति है। समाज में और खासकर सरकारी महकमें में जो भ्रष्ट आचरण बढ़े हैं, उनके कारण सतर्कता संगठन एक महत्वपूर्ण विभाग बन गया है। सतर्कता विभाग प्रबन्ध और प्रशासन का एक शक्तिशाली और अमोघ तथा अक्षय मित्र बन गया है। कभी-कभी उसकी स्थिति बहुत प्रसन्नता वाली नहीं होती। सतर्कता का प्रभव नीचे दिये गये माध्यमों से बहुत ही सकारात्मक, निर्माण करने वाला और उत्प्रेरक हो सकता है।

(क) कार्याविधि के जटिल होने या उसके प्रति लापरवाही बरतने पर पहले से खतरे की घंटियां बजाना

(ख) उद्देश्यों को प्रयोजनपूर्ण और प्रभावी प्राप्ति के लिए मार्गों में जैसे संकेत के बोर्ड लगाकर, पथ प्रशस्त करना।

(ग) स्थितियों को सही बनाने के प्रयत्न और साधारण रूप से रोग निरोधक दवा सरीखा काम करना।

(घ) भ्रष्ट और दुष्ट व्यक्तियों को समाप्त करना।

**२. अधिकार और मार्ग निर्देशन : निम्नलिखित कानून :**

(i) दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टेब्लिशमेण्ट एक्ट, १९४६

(ii) भ्रष्टाचार निवारण कानुन, १९४७

(iii) केन्द्रीय सतर्कता आयोग, १९६४

(iv) भ्रष्टाचार जांच समितियां : कृपालिनी समिति १९५५, संथानम समिति १९६४, प्रशासनिक सुधार आयोग १९७०

**४२.३. सतर्कता संगठन के उद्‌देश्य :**

बुनियादी उद्‌देश्य तो भ्रष्टाचार समाप्त करना है। दूसरे उद्‌देश्य है :

(i) सभी स्तरों पर कार्यकलापों में कार्यक्षमता के साथ-साथ मर्यादा बनाये रखने और कतर्व्यनिष्ठा कायम करने में प्रबंध की सहायता

(ii) प्रबंध के लिए एक सेवा संगठन के रूप में कार्य करना और गलत हिस्सों की पहचान करने में मदद करना, न्यायपूर्ण तटस्थ और तेजी से जांच करना, कार्यविधियों में गुणात्मक सुधारों के सुझाव देना और सरकारी कोष के रिसाव को रोकने में मदद करना।

(iii) निष्पक्ष रूप से और तुरंत शिकायतों की जाच-पड़ताल करना और यह करने में सुनी हुई बातों, पक्षपात, दबाव या प्रलोभन से तनिक भी ढुलमुल न होना।

(iv) नियमित और अचानक जांच, धावे, निरीक्षण आदि अपने आप में सी. बी. आई. के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में करना जिससे गलत व्यवहारों, भ्रष्टाचार, अधिकारों के दुरूपयोग और दूसरी अनियमितताओं के मामले खोजे जा सकें।

(v) गुप्त सूचनायें प्राप्त करने के माध्यमों का विकास करना ताकि भ्रष्टाचार घूस, गलत व्यवहार, अधिकारों के दुरूपयोग, दुराचरण आदि का पता चले और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हो सके।

(vi) प्रबंध को इस दिशा में जागरूक बनाना कि वह सतर्कता को एक लगातार चलने वाला प्रबंध कार्य माने और यह कि वे जब चाहें, इस संगठन का आवश्यकतानुसार इस्तेमाल कर सकें।

*निमार्णों के पावन युग में हम चरित्र निर्माण न भूलें।*

*शुभकामनाओं सहित :–*

राष्ट्रीकृत बैंकों से १% अधिक व्याज मिनी बैंक के समस्त सम्मानित ग्राहकों को २९वें प्रान्तीय सम्मेलन की हार्दिक शुभकामनाओं

# मिनी बैंक

साधन सहकारी समिति लि० लालपुर

वि० खण्ड – महमूदाबाद, जनपद–सीतापुर

शाचीस कुमार श्रीवास्तव
प्रशासक/ए.डी.ओ.सी.

देव शर्मा
जिला सहा. निबन्धक,
सह. समितियां उ. प्र० सीतापुर

राम जीवन वर्मा
सचिव

3102

*शुभकामनाओं सहित :-*

# मे. जयसवाल स्टील्स

बरहज – देवरिया

2403

*With Best Compliments From :*

# TISHA MINERALS

116, 117, 118 UPSIDC Industrial Area,
Bharwa Sumerpur,
Distt. : Hamirpur - 210 502 (U.P.)

1103

*शुभकामनाओं सहित :–*

# रोजा शुगर वर्क्स (प्रो० द अवध शुगर मिल्स लि०)

जिला – शाहजहांपुर, रोजा – २४२४०६

**सफेद दानेदार चीनी के निर्माता**

रजि० आफिस : द अवध शुगर मिल्स लि०
हरगांव, जिला–सीतापुर (उ.प्र.)

हेड आफिस : ९/१, आर.एन. मुखर्जी मार्ग
कोलकाता–७००००१

4101

(vii) जो लोग ईमानदार, कार्यक्षमता से पूर्ण व कानून मानने वाले हैं, दुर्भावनापूर्ण शिकायतों से उनकी रक्षा करते हुए उनके हाथ मजबूत करना और उन लोगें को सौम्यता से सुधारना जिनसे कोई वास्तविक चूक हो जाये।

**४. सतर्कता विभाग के प्रमुख कार्य : तीन हैं : -**

(i) **शिक्षात्मक :** प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सतर्कता बुलेटिन आदि से

(ii) **निवारक (रोकथाम) :** नियमों, कार्यविधियों आदि में सुधार से

(iii) **जांच** : गहरी छानबीन करके अपराधी की पहचान करना और कराना। अनुशासन की कार्यवाही तो कार्यकारी अधिकारी को ही करनी होती है।

**५. केन्द्रीय सतर्कता आयोग :**

इसकी स्थापना भारत सरकार ने १९६४ में गृह मंत्रालय के संकल्प सं. २४/७/६४ ए. वी. डी. दिनांक ११.२.६४ के माध्यम से की। संथानम समिति ने जो भ्रष्टाचार निवारण के लिए बनाई गई इसके लिए सिफारिश की थी। अन्य संस्थाओं जैसे उच्चतम न्यायालय, संघलोक सेवा आयोग, कन्ट्रोलर एवं आडिटर जनरल की भांति यह आयोग एक साविधिक संस्था नहीं बनाया गया। इस तरह संस्थाओं की अधिकार सीमा और कार्यो में संशोधन के लिए संसद का कानून बनता है। असाविधिक संस्था में सरकार ही एक आदेश से इनमें परिर्वतन कर देती है। आयोग स्थापित करने का मुख्य प्रयोजन यह था कि देश में सतर्कता को मजबूत किया जाय। संकल्प की जो भावना है उसके अनुसार आयोग सरकार से स्वतंत्र है।

**६. आयोग की संरचना :**

यह एक व्यक्ति का आयोग था जिसके प्रधान रहे केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त। इन्हें राष्ट्रपति अपने अधिपत्र से मुहर सहित हस्ताक्षर करके नियुक्त करते रहे। यह नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होती थी जिसे दो वर्ष तक और बढ़ाया जा सकता था। अब इसमें परिर्वतन हुआ जिसे आगे दिया जा रहा है। इनकी सहायता के लिए यह रचना की गई थी :- एक सचिव (भारत सरकार के पदेन संयुक्त सचिव), ब्रांच ब्रांच अधिकारी (निदेशक/उप सचिव), तीन अनु. सचिव. विभागीय जांच के लिए ग्यारह कमिश्नर (उप-सचिव/निदेशक स्तर के), ८ तकनीकी परीक्षक, ६ सहायक तकनीकी परीक्षक, ५ तकनीकी सहायक (जो आयोग को किसी तकनीकी मामले में सतर्कता की दृष्टि से सलाह दे सकें)।

**७. अधिकार क्षेत्र :**

वे सभी मामले जिनमें केन्द्र सरकार की कार्य-पालक (एक्जीक्यूटिव) शक्तियों का प्रयोग होता है जैसे, केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी, एन डी. एम. सी., एम. सी. डी., पब्लिक संस्थान, राष्ट्रीयकृत, बैंक, पोर्ट ट्रस्ट, बीमा कम्पनी, कोआपरेटिव और अन्य समितियां जो केन्द्र सरकार से अनुदान पाती हों, स्वायत्त और अन्य संस्थायें।

**८. कार्य :**

आयोग के कार्य सलाहकार के है। जैसे संघ लोक सेवा आयोग के होते हैं। यद्यपि वे अनुशासन अधिकारी को बाध्य नहीं करते, किन्तु ऐसा नहीं कि उन्हें हल्केपन से लिया जाय। यदि आयोग की सलाह के अनुसार कार्य न हो तो उसके कारण तुरंत उसे सूचित करने पड़ते हैं। वे सभी मसले जिनमें सलाह नहीं ली गई, सलाह स्वीकार नहीं की गई या उसके कार्य नही हुआ वार्षिक रिर्पोट में शामिल किये जाते हैं जो संसद के दोनों सदनों की जाती है। दंड के मामलों में आयोग के अधिकार है : जांच शुरू करना, जांच करवाना, शिकायतों को सीधे अपने नियंत्रण में लेना, सी.बी. आई. से कोई मामला रजिस्टर करके जांच करने को कहना, मंत्रालय आदि को कोई मामला सौप कर जांच करके रिर्पोट देने के लिए कहना आदि। शिकयातों के

*श्रम से सरिता चलते-चलते सागर तक पा लेती है, श्रम से उषा अन्धकार पर सहज उजाला कर देती है।*

*With Best Compliments from :*

**WIMCO**

*Manufactuters of High Quality Safety Matches of Renowned Brands :*

**"Homelites"**

**"Tekka-Karborised"**

**"Ship-Karborised"**

**Deer & Tigar"**

**"Rising Sun"**

**"Horse Head Red"**

**"Chief"**

**WIMCO LIMITED**

Clutterbuckganj Bareilly - 243 502 (U.P.)
Phone : 2480225, Fax : 0581-2480252

4204

विभिन्न मामलों में आयोग से परामर्श करना होता है।

**६. उच्चतम न्यायालय का निर्णय केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त का सी.बी.आई. आदि पर नियंत्रण :**

१८.१२.९७ के उच्चतम न्यायालय के आदेश ने उच्च स्तरों पर भ्रष्टाचार की जांच करने वाली संस्थाओं को स्वायत्तता दी है। इसके पीछे जो सिद्धांत है वह न्याय के सामने बराबरी का बुनियादी सिद्धांत है : आप कितने भी ऊँचे हो, कानून आपके ऊपर हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश के महत्वपूर्ण पहलू ये हैं:

(१) केन्द्रीय सतर्कता आयोग को साविधिक (स्टेटुटरी) संस्था का स्तर दिया जाय। वह सी.बी. आई. के कार्यों का पर्यवेक्षण करेगा। सी.बी.आई. के कार्य के लिए सरकार उत्तरदायी रहेगी पर आयोग उसके कार्यों पर नजर रखेगा। सी.बी.आई. मामले के बारे में आयोग को रिर्पोट देगी।

(२) कन्द्रीय सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति एक समिति करेगी जिसमें प्रधान मंत्री, गृहमंत्री और विपक्ष के नेता होंगे। वे केबिनेट सेक्रेटरी द्वारा प्रस्तुत एक नामिका पर विचार करेंगे जिसमें उत्कृष्ठ सिविल कर्मचारियों और अन्यों के नाम होंगे जिनकी कर्तव्यनिष्ठा अनिद्यं हो। समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति नियुक्ति करेंगें।

(३) निदेशक सी.बी. आई. की नियुक्ति एक समिति करेगी जिसके प्रधान केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त होंगे और सदस्य गृह सचिव तथा सचिव (कार्मिक) ये नियुक्ति के लिए नामिका तैयार करेंगें। निदेशक का चुनाव केबिनेट की नियुक्ति समिति करेगी। उसकी कार्यावधि दो वर्ष होगी।

(४) उच्चस्तरों पर भ्रष्टाचार की जांच करने वाली संस्थाओ को स्वायत्तता रहेगी और वे संयुक्त सचिव तथा उच्चस्तर के अधिकारियों के विरूद्ध बिना मंत्रालय/ विभागाध्यक्ष की अनुमति के जांच शुरू कर सकेंगी और अरोप पत्र जारी कर सकेंगी।

**४२.१०. राष्ट्रपति का अध्यादेश - नये केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति :** हाल में ही प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और विपक्ष के नेता की समिति की सस्तुंति पर राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति के अध्यादेश सं. १५(१९९८) दिनांक २५.८.९८ के तहत यह नियुक्ति हुई है और नये नियम बनाये गये हैं। आयोग में अध्यक्ष के अलावा अधिकतम चार और सदस्य होंगे। इन चार में तीन सतर्कता आयुक्त हो सकते हैं जो आयोग के सदस्य होंगें। एक सदस्य कार्मिक पदेन होगा। अध्यादेश में आयोग के कार्यो और शक्तियों का भी वर्णन है। इसमें प्रमुखतः १९८८ के प्रवधान भी शामिल किये गये हैं जिनकी चर्चा पहले ही की गई है। आयोग विशेष पुलिस इस्टेबलिशमेंण्ट निदेशालय के कार्यो की देख-रेख के अलावा उनकी नियुक्तियों में भी शामिल होगां। इस अध्यादेश पर उच्व्तम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार विचार-विर्मश चल रहा है।

२७ अक्टूबर १९९८ को राष्ट्रपति ने एक नया अध्यादेश जारी करके पिछले अध्यादेश को संशोधित कर दिया है। इस नये अध्यादेश में उच्चतम-न्यायालय के मार्ग निर्देशों का ध्यान रखा गया है। अब, मुख्य सतर्कता आयुक्त के अलावा तीन आयुक्त और होंगे इनमे से दो गैर-ब्यूरोक्रेट होंगे और एक ब्यूरोक्रेट होगा। ये वित्त, विधि, सतर्कता और जांच के मामर्लो में एक्सपर्ट होगें। मुख्य सतर्कता आयुक्त सी.बी.आई. के कार्यो को देखेगें। उनके अलावा गृह सचिव (कार्मिक) मिलकर सी.बी.आई. के निदेशक का नाम प्रस्तावित करेंगें।

२५.८.९८ और उसके बाद ८.१.९९ के अध्यादेशो की अवधि समाप्त हो गई है। सरकार ने अभी कोई बिल पास करने की कार्यवाही नही की है। किन्तु आयोग को यथावत् कार्य करते रहने दिया गया है।

*विपदाओं से डरे बहुत पर आस नही घटने दी है, प्राण दिये हंसते-हंसते पर बात नही झुकने दी है।*

With Best Compliments From :

## ZILA SAHKARI BANK LTD. MEERUT

H. O. : WESTERN KUTCHERY ROAD, MEERUT

**BANK PROGRESS AT A GLANCE (31.3.2002)**

| S. No. | Particular | Year 2002 (Amt. in lacs) |
|---|---|---|
| 1. | Branches | 41 |
| 2. | Share Capital | 743.02 |
| 3. | Deposites | 30487.01 |
| 4. | Working Capital | 38748.55 |
| 5. | Loan & Advances | 16342.19 |
| 6. | Profit | 1181.65 |

**Main Features :**

1. Deposits covered by Insurance.
2. Best Customer Service through 41 Branches
3. Locker Facility available at most Branches
4. Crop. Loan facility to farmer through Kishan Credit Card.
5. Facility of Consumer Durable Loan, Higher/Technical Education Loan Composit Loan through Pd. Deen Dayal Sah. Swa Roggar Yojna.
6. Full control & Supervision of R.B.I./Nabard & State Govt.

4501

**INDRA JEET SINGH**
General Manager

**CH. DHRAM VEER SINGH**
Chairman

With Best Compliments From :

bp

## BHAWANI PRINTERS

**Deals in :**

Screen Printing, Offset Printing, Computer Design

Mahaddipur, Gorakhpur - 273008,
Ph. : 0551- (O) 2202710 (R) 2203069

2303

शुभकामनाओं सहित :–

राष्ट्रीकृत बैंकों से १% अधिक व्याज मिनी बैंक के समस्त सम्मानित ग्राहकों को २६वें प्रान्तीय सम्मेलन की हार्दिक शुभकामनाओं

## मिनी बैंक

साधन सहकारी समिति लि० गुलरामऊ
वि० खण्ड – महमूदाबाद, जनपद–सीतापुर

एस. के. श्रीवास्तव
प्रशासक/ए.डी.ओ.सी.

देव शर्मा
जिला सहा. निबन्धक,
सह. समितियां उ. प्र० सीतापुर

पी. एन. पाण्डेय
सचिव

3101

# सेवा के दौरान मृत्यु और अशक्तता पर देय विशेष लाभ - अशक्तता पेंशन/परिवार पेंशन

*- शिव भूषण सिंह 'सलिल'*



१. **मृत्यु और अशक्तता की परिस्थितियों** को पांच वर्गो में बांटा गया है-

**वर्ग 'ए' - प्राकृतिक कारणों से मृत्यु या अशक्तता** जिसे सरकारी सेवा से नहीं जोड़ा जा सकता है। जैसे, हदय अथवा किडनी की बीमारी, कोई लम्बी बीमारी, दुर्घटना जो ड्यूटी पर न हो।

**वर्ग 'बी'** - ऐसे कारणों से मृत्यु या अशक्तता जो सरकारी सेवा से उत्पन्न हुए या बढ़े हुए स्वीकार किये जाएं, जैसे, काम के विरोधी वातारण, मौसम की कठिन परिस्थतियों या व्यावसायिक (आकुपेशनल) रोग के परिणााम स्वरूप मृत्यु या अशक्तता।

**वर्ग 'सी'- काम करते समय दुर्घटना के कारण मृत्यु या अशक्तता** जैसे, सरकारी वाहन या सार्वजनिक यातायात से, अथवा सर्विस हवाई जहाव से ड्यूटी पर यात्रा अथवा समुद्र पर दुर्घटना अथवा ड्यूटी पर बिजली लगने से।

**वर्ग 'डी'** - ड्यूटी करते समय अथवा अन्यथा आतंकवादीयों, असमाजिक तत्वों आदि की हिंसा के कारण मृत्यु या अशक्तता।

**वर्ग 'ई'** (क) उग्रवादियों या असमाजिक तत्वों आदि के खिलाफ कार्यवाही मे या उनके हमलें में और (ख) अन्तराष्ट्रीय युद्ध या सीमा के झगड़ों और युद्ध सरीखी स्थितियों में दुश्मन की कार्यवाही आदि के कारण मृत्यु या आशक्तता। इनमें उग्रवादियों की कार्यवाही, सुरंग फटने, अथवा अगवा कर लेने ओर हथियारों के साथ प्रशिक्षण अभ्यास आदि शामिल होगें।

२. इन परिस्थितियों में वर्तमान प्रावधानों में संशोधन के लिए पांचवे वेतन आयोग की सिफारिशों पर विचार करते हुए सरकार ने निर्णय किये हैं। वर्ग 'ए' के मामले वर्तमान प्रावधानों के अनुसार निपटाने जाएंगे। अन्य वर्गों के लिए विशेष भुगतान होंगे।

**३. परिवार पेंशन :**

**(क) वर्ग 'बी' व 'सी' विधवा को असाधारण पेशन की दर**

(i) यदि मृत कर्मचारी पेशन वाले पद पर नहीं था तो मूल वेतन का ४० प्रतिशत जा १,६५० रू० से कम न हो।

(ii) यदि मृत कर्मचारी पेंशन वाले पद पर था तो मूल वेतन का ६० प्रतिशत जो २,५०० रू० से कम न हो।

बच्चों को भी इसी दर पर परिवार पेशन मिलेगी। आश्रित **माता/पिताः भाई/बहन** आदि को इससे आधी दर पर परिवार पेशन दी जाएगी।

**(ख) वर्ग 'डी' और ई-**

(i) वर्तमान उदार पेंशन योजना के अनुसार परिवार पेंशन का भुगतान होगा।

(ii) यदि विधवा जीवित न हो तो बच्चों को मूल वेतन के ६० प्रतिशत या कम से कम २५०० रु० परिवार को पेंशन मिलेगी।

(iii) यदि कर्मचारी अविवाहित अथवा विधुर था और बच्चें भी नहीं थे तो माता पिता दोनों को मूल वेतन का ७५ प्रतिशत और यदि दोनों में से एक जीवित हो तो मूल वेतन का ६० प्रतिशत मिलेगा।

**(४) अशक्तता पेशन :**

(क) वर्ग 'बी' और 'सी' -

*अपने हित का लोभ नही - सर्वहित एक समान है, त्याग तपस्या बलिदानों का - बिन्दु अमर महान है।*

*With Best Compliments From :*

# V. N. DYERS & PROCESSORS (P) LTD.

BARGADWA, GORAKHPUR - 273 007
Phone : 2260214, 2260489
Fax : 0551-2260663

2301

*शुभकामनाओं सहित :—*

# दी प्रतापपुर सुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि०

प्रतापपुर - २७४७०३, देवरिया (उ० प्र०)
फोन नं. : ०५५६६-२८५०२३, २८५०२६ फैक्स : ०५५६६-२८५०८६

प्रतापपुर चीनी मिल ''श्रम आराधना'' स्मारिका के माध्यम से २६वें प्रान्तीय अधिवेशन २००३ के पावन अवसर पर मिल में कार्यरत समस्त श्रमिकों एवं कर्मचारियां तथा मिल में गन्ना आपूर्ति करने वालो कृषकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है। देवरिया जनपद की प्रतापपुर ही एकमात्र चीनी मिल है जिसने वर्ष २००१-२००२ का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य का भुगतान कृषकों को कर दिया है।

वर्तमान पेराई सत्र २००२-२००३ में गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। मिल में दिनांक १५ जनवरी, २००३ तक १३-१७ लाख कुन्तल गन्ना पेराई करके १-११ लाख बोरे शुद्ध एवं दानेदार चीनी का उत्पादन किया है चीनी का परता ८-३६ प्रतिशत है।

एक सौ वर्ष पुरानी प्रतापपुर चीनी मिल, सफेद दानेदार एम-३१ ग्रेड के चीनी उत्पादकों में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। आगामी बसन्तकाल (फरवरी-२००३) में समस्त किसान भाई अधिक से अधिक क्षेत्र में शीघ्र पकने वाली प्रजाति कौ० श० ८४३६ गन्ना बावग कर गौरवान्वित हों।

| | |
|---|---|
| **बी. के. माहेश्वरी** | **पी. के. लोहिया** |
| महाप्रबन्धक (संगठन) | वाईस प्रेसीडेन्ट (मिल्स) |

2401

(i) पेंशन नियमों के अनुसार सामान्य पेंशन और ग्रेज्युटी के अलावा अशक्तता पेंशन जो १०० प्रतिशत अशक्तता के लिए मूल वेतन के ३० प्रतिशत के बराबर होगी।

(ii) यदि अशक्तता का प्रतिशत १०० से कम हो तो अशक्तता पेंशन तो वर्तमान नियमों के अनुसार अनुपात में कम हो जायेगी किन्तु यदि स्थायी अशक्तता ६० प्रतिशत से कम न हो तो कुल पेंशन (यानी सामान्य पेंशन और उपर्युक्त क (1) में देय अशक्त्ता पेंशन मिलाकर) मूल वेतन के ६० प्रतिशत या २,५०० रू० के कम नहीं होगा।

(ख) वर्ग 'डी' -

(i) अशक्तता पेंशन जिसमें अंश और अशक्तता अंश दोनों शामिल होगें। **सेवा अंश** सेवानिवृत्ति की सामान्य तिथि तक की सेवा और अशक्तता की तिथि के वेतन के आधार पर देय पेंशन और ग्रेज्युटी के बराबर होगा और आशक्त अंश सामान्य परिवार पेंशन के बराबर होगा। किन्तु शर्त यह है कि सेवा और अशक्तता दोनों के अंश मिलाकर १०० प्रतिशत अशक्तता के लिए अंतिम वेतन के ८० प्रतिशत से कम नहीं होगें।

(ii) अशक्तता का प्रतिशत कम होने पर अशक्तता अंश वर्तमान नियमों के अनुसार अनुपात में कम हो जायेगा।

(ग) वर्ग 'ई' -

(i) अशक्तता पेंशन का **सेवा अंश** उपरोक्त (ख) (१) के सेवा अंश के बराबर होगा और अशक्तता अंश अंतिम वेतन के बराबर होगा किन्तु शर्त यह है कि सेवा और अशक्तता दोनों के अंश मिलाकर १०० प्रतिशत अशक्तता के लिये अंतिम वेतन से अधिक नहीं होगें।

(ii) अशक्तता का प्रतिशत कम होने पर अशक्तता अंश वर्तमान नियमों के अनुसार अनुपात में कम हो जाएगा।

(५) (i) अशक्तता अंश निकालने के लिए अशक्तता या कार्य की असमर्थता को नीचे लिखे तरीके से निश्चित किया जाएगा-

| मेडिकल बोर्ड द्वारा निश्चित अशक्तता का % | अशक्तता अंश निकालने के लिए % |
|---|---|
| ५०% से कम | ५० |
| ५०% और ७५% के बीच | ७५ |
| ७५% और १००% के बीच | १०० |

(i) मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा यदि कर्मचारी उच्चतर अधिकारी को अपील न करे।

**४. पुराने १९९६ के पहिले के मामलों में अशक्तता पेंशन और परिवारा-पेंशन का फिर से निर्धारण -**

३.२.२००० के उपर्युक्त आदेशों में १९९६ से पहिले के मामलों मे अशक्तता पेंशन और परिवार पेंशन के फिर से निर्धारण की व्यवस्था की गई थी। इस बारे में विचार करने के बाद यह निर्णय किया गया है, कि १९९६ के पहिले मामलों में पेंशन या परिवार पेंशन को २७.१०. १९९७ के का. ज्ञा. सं. ४५/८६/९७-पी. एण्ड डब्लू (ए) (भाग ii) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार फिर से निर्धारित किया जायेगा। १०.२.१९९८ के का. ज्ञा. सं. ४५/८६/९७-पी.डब्लू (ए) (भाग iii) में दिए गए लाभ भी इस वर्ग की पेंशन और परिवार पेंशन पर दिये जाऐगें। इसका अर्थ यह हुआ कि पहिले यह निर्धारण १.१.८६ को अथवा उसके बाद की तारीखें को (जो उस मामले में लागू हों) किया जायेगा। तब अन्त में १.१.९६ को नियमानुसार समेकित किया जाएगा। इस प्रकार समेकित की हुई राशि को उपर्युक्त (३.२.२००० के) आदेशों के अनुसार विभिन्न वर्गों के लिए परिवार पेंशन और अशक्तता पेंशन के निर्धारण में प्रयुक्त किया जायेगा। इन सभी मामलों में, जहाँ न्यूनतम मूल-वेतन पर निर्धारित प्रतिशत की बात की गई है यह मूल वेतन १.१.९६ से संशोधित वेतन मानों के न्यूनतम के आधार पर गिना जाएगा, जो कर्मचारी के अन्तिम पद पर प्रयुक्त होता हो। [पेंशन विभाग, का. ज्ञा. सं. ४५/२२/९७-पी. एण्ड पी. डब्ल्यू. (सी.) दिनांक ११.९.२००१]

*पूंजीवाद और साम्यवाद यह, अधूरी चिंतन धारा। एकात्म मानव दर्शन से ही, सत्य विकाश हमारा।।*

*With Best Compliments From :*




# PAN PARAG

GUTKHA PAN MASALA MAWA

1009



# सेवा एसोशिएशन और संयुक्त सलाहकार तंत्र

*- श्रीकान्त अवस्थी, प्रदेश मंत्री-भा.म.स.उ.प्र.*

**१. सेवा एसोशिएशन की मान्यता के नियम :**

केन्द्रीय सिविल सेवा (सर्विस एसोशिएशन की मान्यता) नियम, १९९३ में दिये गये हैं ये नियम रेल और रक्षा मंत्रालयों को छोड़कर अन्य सभी केन्द्रीय कर्मचारियों और रक्षा विभाग के सिविल कर्मचारियों के सर्विस एसोशिएशन पर लागू होते हैं। ये भारत सरकार के गजट जी.एस.आर. सं. ६८६ (इ) दिनांक ५.११.९३ को प्रकाशित हुए।

**२. मान्यता की शर्तें :**

(i) सरकार को एक प्रार्थना-पत्र दिया जायेगा जिसमें मेमोरंडम आफ एसोसिएशन, संविधान, उपनियम, पदाधिकारियों के नाम, कुल सदस्य संख्या और वे दूसरी सूचनायें होगी जो सरकार मांगे।

(ii) उद्देश्य - सदस्यों की सामान्य सेवा हितों की अभिवृद्धि होगा।

(iii) एसोसिएशन केन्द्रीय रूप से संगठन/मंत्रालय/विभाग के लिए संगठित हो और जिस वर्ग के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करे उनकी कुल संख्या के कम से कम १५ प्रतिशत सदस्य अवश्य हों।

[का. सं. २/१४/९८ जे. सी. ए० दिनांक २३.९. २००२]

(iv) कर्मचारी जैसे  ही उस वर्ग का सदस्य नहीं रहेगा वैसे ही एसोसिएशन की उसकी सदस्याता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

(v) जो कर्मचारी नौकरी में है वे एशोसिएशन के सदस्य और पदाधिकारी होंगे।

(vi) एसोसिएशन किसी जाति, जनजाति या धार्मिक हितों या उनके ग्रुपों के हितों की रक्षा के लिए काम नहीं करेगा।

(vii) कार्य समिति सदस्यों में से ही नियुक्ति होगी।

(viii) एसोासिएशन की निधि सदस्यों के चंदे और सरकार के अनुदान से ही बनेगी और उसका खर्च केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए होगा।

**३. मान्यता कायम रहने की शर्तें :**

इसके लिए एसोसिएशन को इन शर्तों का पालन करना होगा।:

(i) सदस्यों के सामान्य हितों के अलावा किसी दूसरे विषय पर प्रतिवेदन या डेपुटेशन नहीं भेजें जायेंगे।

(ii) किसी एक कर्मचारी के सेवा मामलों के हितों के लिये मदद नहीं की जायेगी।

(iii) कोई राजनैतिक निधि नहीं रखी जायेगी। न ही किसी राजनैतिक दल या उसके सदस्यों के विचारों का प्रचार किया जायेगा।

(iv) सभी प्रतिवेदन सरकार के सचिव, विभाग/कार्यालय/संगठन के प्रधान को उचित माध्यम से प्रस्तुत किये जायेगें और उनमें कोई अशोभनीय या असम्मान जनक भाषा का उपयोग नहीं होगा।

(v) प्रत्येक वर्ष १ जुलाई के पहले साधारण वार्षिक बैठक के बाद सदस्यों पदाधिकारियों की सूची, नियमों और आडिट किये हुए लेखा विवरणों की नवीनतम प्रतिलिपि सरकार को उचित माध्यम से प्रस्तुत की जायेगी।

*भोजन आधा पेटकर, दुगुना पानी पीउ। तिगुना श्रम, चौगुनी हंसी, वर्ष सवा सौ जीउ।।*

शुभकामनाओं सहित :-




1010

(vi) अपने संविधान और उपनियमों का पालन किया जायेगा।

(vii) संविधान/उपनियमों में संशोधन सरकार की स्वीकृति से होगा।

(viii) कोई मैगजीन/पत्रिका/बुलेटिन आदि बिना सरकार की अनुमति के न तो शुरू की जायेगी न छपेगी।

(ix) यदि ऐसा कोई प्रकाशन भारत सरकार के हितों मे न हो और सरकार निर्देश दे तो उस प्रकाशन को तुरंत बन्द कर दिया जायेगा।

(x) एसोसिएशन किसी विदेशी संस्था से पत्र व्यवहार आदि नहीं करेगां- जो भी पत्र-संपर्क होगा वह सरकार के माध्यम से होगा, जिसे सरकार रोक सकेगी।

(xi) वह न तो स्वयं ही और न अपने सदस्य को कोई ऐंसा काम करने देगा जो केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम १९६४ के प्रावधानों के विरूद्ध हों।

**४. सदस्यता की जांच की चेकआफ पद्धति :**

(१) मान्यता की दृष्टि से सर्विस एसोसिएशन की सदस्यता की जांच वेतन विलों की जांच के द्वारा उस अन्तराल या तरीके से की जायेगी जिसे सरकार निर्धारित करे। कर्मचारी की लिखित सहमति से ही एसोसिएशन का चंदा वेतन से वसूल किया जायेगा। जब तक कर्मचारी लिखकर मना न करे चंदे की वसूली होती रहेगी।

[ सी. ए. जी. परिपत्र सं. एन./२६/६८ सं. २५७ एन. जी. ई./जे. सी. एम./३४/६८ दिनांक ६.६.१९६८,

(२) यदि सरकार किसी समय इस बात की जांच करना चाहे कि एसोसिएशन की सदस्यता पर्याप्त नहीं है तो वह विशेष जांच का निर्देश दे सकती है।

**४क. कर्मचारी ऐसोसिएशनों की मान्यता की स्थिति** की समीक्षा करने के बाद यह अनुदेश दिए गये हैं कि ऐसे सभी एसोसिएशन की सदस्यता के पुनर्सत्यापन की कार्यवाही शुरू की जाए जिनकी मान्यता की प्रारम्भिक अवधि पूरी हो चुकी है, या अगले ६ महीने में पूरी हो जायेगी। मान्यता प्राप्ति के लिए निर्धारित तारीख तक नए आवेदन मंगाए जाए। निर्धारित प्रक्रिया ६ माह के भीतर पूरी कर ली जाए। जब तक कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती संयुक्त परामर्शदायी तंत्र (विभागीय परिषद या कार्यालय परिषद) की कोई बैठक कार्योजित नहीं होगी।

[ कार्मिक और प्रशि. विभाग. का. ज्ञा. सं. २/१३ ९८-जे. सी. ए. दिनांक २४.५.२००१ ]

**५. मान्यता वापिस लेना :**

यदि सरकार की राय में मान्यता प्राप्त एसोसिएशन किसी शर्त का पालन न करे तो उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर देकर मान्यता वापिस ली जा सकती है।

**६. छूट :**

किसी एसोसिएशन के बारे में नियमों की किसी आवश्यकता को छोड़ सकती है या उसमें छूट दे सकती है ओर इस छूट की सीमा और शर्त तय कर सकती है।

**७. संयुक्त सलाहकार तंत्र :**

इस तंत्र की शुरूआत हिटले काउन्सिल स्कीम के आधार पर १९६६ मे हुई। २८ अक्टूबर, १९६६ को केन्द्रीय मंत्री श्री गुलजारी लाल नन्दा ने उद्घाटन किया। इस तंत्र का उद्देश्य यह है कि सरकार और कर्मचारियों के संगठनों के बीच अच्छे संबध और सहयोग का वातावरण बने जिससे सार्वजनिक सेवाओं की कार्यक्षमता बढ़ाई जा सके। इसमें कर्मचारियों की नौकरी की शर्तो, काम की परिस्थितियों और कार्यक्षमता में सुधार से संबंधित मसलों पर विचार किया जाता है। इसमें केवल सिद्धांतों की बात होती है व्यक्तिगत मसलों की नहीं। यह तंत्र विभिन्न मंत्रालयों में राष्ट्रीय, विभागीय ओर रीजनल तीन स्तरों पर काम करता है।

**(१) संयुक्त विभागीय काउन्सिल :** यह मंत्रालय या

*उत्तरं यत् समुद्रस्य, हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्। वर्ष तद् भारतं नाम भारतीयत्र संततिः।।*


With Best Compliments From :
आर. एच. एल. का वादा ।
खर्चा कम, मजबूती ज्यादा ।।
RHL
TOR - 40 (सरिया)
3402

विभाग के स्तर पर है। सरकारी पक्ष में ५ से १० तक सदस्य होते हैं और कर्मचारी पक्ष में मान्यताप्राप्त एसोसिएशनों के २० से ३० सदस्य। इसकी बैठक चार महीने में एक बार होती है।

**(२) संयुक्त राष्ट्रीय काउन्सिल :** यह केन्द्रीय सरकार के स्तर पर केबिनेट सेक्रेटरी की अध्यक्षता में गठित है। सरकारी पक्ष में विभिन्न मंत्रालयों के २५ सदस्यों और कर्मचारी पक्ष में सभी मंत्रालयों के मान्य फेडरेशनों के ६० सदस्य। सरकारी पक्ष में गृह, श्रम, संचार, रक्षा और रेल मंत्रालयों के सचिव शामिल होते हैं। मान्य फेडरेशन अपने सदस्य नामित करते हैं, जो तीन वर्ष के लिए होते हैं।

**(३) पंच फैसला (आरबिट्रेशन) :** यदि इन स्तरों पर कोई फैसला न हो तो मध्यस्थता की सीमा में आने वाले विषयों को पंच फैसले के लिए दिया जाता है। पंचों के बोर्ड में तीन सदस्य होते हैं। एक सदस्य सरकारी पक्ष द्वारा प्रस्तुत पांच व्यक्तियों की नामिका से होगा और एक सदस्य राष्ट्रीय काउंसिल के कर्मचारी पक्ष द्वारा प्रस्तुत इसी आकार की नामिका से लिया जाएगा। अध्यक्ष एक निष्पक्ष व्यक्ति होगा। केन्द्रीय श्रम मंत्री इन तीनों को नामित करेंगे। पंच फैसले की शर्तें सभी पर बाध्य होगी केवल संसद को ही इस मामलों में सर्वोच्च अधिकार है। वही सिफारिशें बदल सकती हैं।

८. **विभागीय परिषदों की बैठकें** चार मास में एक बार होगी इनमें विचाराधीन विषयों की कार्यसूची बैठक से कम से कम ३० दिन पूर्व जारी की जाएगी। अध्यक्ष की अनुमति से कार्यसूची से बाहर के विषयों पर भी बात हो सकती है। तय कर लिए गये मामलों पर अगले १२ महीने तक दोबारा कार्यसूची पर नहीं लाया जायेगा। यदि किसी मामले पर सहमति नहीं हो पाती तो ऐसा मामला मध्यस्थता-बोर्ड को सौपा जा सकता है जिसमें सरकार द्वारा तीन सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। इस बोर्ड का अध्यक्ष कोई स्वतंत्र व्यक्ति होगा। सदस्यों के लिए तीन सूचियां बनाई जाती हैं और प्रत्येक सूची में से एक व्यक्ति लिया जाता है । एक बार घोषित कर दिया गया फैसला अथवा निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। केवल संसद ही ऐसे निर्णय में परिर्वतन कर सकती है अन्यथा यह तीन वर्ष तक लागू रहेगा।

९. **रीजनल या कार्यालय स्तर पर** सर्वोच्च अधिकारी कांउसिल का अध्यक्ष होगा। सदस्यों की संख्या कर्मचारियों की कुल संख्या के आधार पर तय की जायेगी। यह काउंसिल रीजनल/स्थानीय समस्याओं पर विचार करेगी। इसकी बैठकें दो माह में एक बार अवश्य होगी।

**१०. युनियन कार्यो के लिए सुविधायें :**

**(१) कार्यालय परिसर में बैठकें :** कार्यालय /कारखाने के सुरक्षित क्षेत्र से बाहर खुले स्थान पर करने की अनुमति दी जा सकती है। कार्यालय/कारखाने के अन्दर भी अनुमति दी जा सकती है यदि उससे काम में कोई व्यवधान न पड़े और पर्याप्त जगह सुलभ की जा सके।

**(२) कार्यालय परिसर में नोटिस बोर्ड** लगाने की सुविधा मान्यता प्राप्त एसोसिएशनों को दी जाती है जिसमें वे विभिन्न निर्धारित मामलों में अपने नोटिस लगा सकते हैं।

**(३) यूनियन/एसोसिएशन पदाधिकारियों को पूर्णकालिक बाहय सेवा** की सुविधा दी जा सकती है यदि ऐसा निवेदन प्राप्त हो। तीन वर्ष की अवधि तक बाहय सेवा की शर्तों के अनुसार अनुमति दी जा सकती हैं और विशेष सूरतों में यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है।

[ श्रम मंत्रा. का. सं. १८/२१/६० एल. आई. दि. ५.६.१९८१ ]

**(४) युनियन पदाधिकारी का मुख्यालय स्थानान्तरण** किया जा सकता है यदि यह संभव हो। यदि इसमें फील्डड्यूटी से छूट की जरूरत पड़े तो यह सुविधा केवल मुख्य पदाधिकारी महासचिव और कार्य समिति के

*'छुआ छूत अगर पाप नहीं तो दुनियां में कोई पाप नहीं' - प. पू. बाला साहब देवरस*

# दि इण्डियन बुड प्रोडक्टस कं. लिमिटेड

मशीन द्वारा निर्मित शुद्ध कत्था एवं कच के निर्माता

की ओर

से

हार्दिक शुभकामनाएँ

**सेल्स आफिस :**
२८४/८५, कटरा पीरान
तिलक बाजार, खारी बावली,
दिल्ली - ११० ००६
दूरभाष : ०११-२३६२००६२, २३६१७६८३
फैक्स : ०११-२२६४००६२

**वर्क्स :**
नैनीताल रोड, इज्जत नगर
बरेली - २४३ १२२ (उ. प्र.)
दूरभाष : ०५८१-२४१००६२, २४१०१६२
फैक्स : ०५८१-२४१०८४६
ई-मेल : iwpcl@del.vsnl.net.in
Website : www.iwpkatha.com

4203

एक सदस्य तक सीमित रहेगी। यदि किसी विभाग में इस बारे में निश्चित नियम उपलब्ध हो तो उनका पालन किया जायेगा। [गृह मंत्रा. का. ज्ञा. सं. २६१३/६६-ई (बी) दि. ८.४.१९६६]

(५) **जे. सी. एम. के पदाधिकारी मुख्य प्रशासनिक कार्यालय से अधीनस्थ कार्यालय में स्थानान्तरित नही किये जायेगें।** [कार्मिक विभाग, का. ज्ञा. सं. २७(७)/८८-सी. एस. IV दिनांक १६.८.१९८८]

(६) **विशेष आकस्मिक छुट्टी** - इन लोगों को दी जा सकती है : (१) मान्यता प्राप्त यूनियनों के पदाधिकारियों को कैलेंडर वर्ष में २० दिन तक, (२) मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय फेडरेशनों की बैठकों में शामिल होने के लिए बाहरी स्टेशनों के डेलीगेटों और कार्यसमिति सदस्यों को १० दिन तक, (३) सभी मान्यताप्राप्त यूनियनों आदि के स्थानीय डेलीगेटों और कार्यसमिति सदस्यों को ५ दिन तक।

[ गृह मंत्रा. का. ज्ञा. सं. २७/३/६६-ई (बी) दि. ८.४.१९६६ ]

(७) **सुविधायें केवल मुख्य यूनियन/एसोसिएशन आदि** को जो मान्यता प्राप्त हों। उनकी शाखाओं आदि की कानूनी हैसियत न होने से शाखाओं के पदाधिकारियों आदि को सुविधायें नही दी जायेगी।

[ कार्मिक विभाग का. ज्ञा. सं. ८/१६/८१-जे. सी. ए. दि. २२.६.१९८१,

(८) **उन सरकारी आदेशों और परिपत्रों की प्रतियां** जो कर्मचारियों के लिए सामान्य लाभ या दिलचस्पी के होते हैं, संयुक्त सलाहकार तंत्र के राष्ट्रीय समिति सदस्यों (कर्मचारी पक्ष) को दी जाती है। यह निर्णय किया गया है कि कार्मिक और प्रशि. विभाग की विभागीय समिति के कर्मचारी पक्ष को भी यह प्रतियां दी जाएगी। वित्त मंत्रालय आदिर्भ की विभागीय समितियों के सदस्यों को आदेशों की प्रतियां देने की व्यवस्था करेंगे।

[ कार्मिक व प्रशि. विभाग, का. ज्ञा. सं. २/३/९८-सी. एस. (IV) दि. १४.८.१९९८ ]

(९) **राष्ट्रीय या विभागीय परिषद-संयुक्त सलाहकार समिति** के कर्मचारी पक्ष वाले सदस्य वातानुकूलित ३ टियर से राजधानी में और वातानुकूलित २ टियर से दूसरी ट्रेनों में **यात्रा कर** सकेंगे।

[डाकतार विभाग, का. ज्ञां. सं. ८/२/२००१ जे.सी.ए. दिनांक ८.५.२००१ ]

**११. सेवा संघ की सदस्यता का चंदा वेतन-बिल से काटने की प्रक्रिया :**

२.१२.६३ के का. ज्ञा. सं.। ६(४)६३/टी. ए. /१००६ द्वारा चंदे की वेतन बिल से कटौती की प्रक्रिया बनाई गई थी। बाद में २५.६.६६ के का. ज्ञा. से स्पष्ट किया गया कि चेक या बैंक खाते द्वारा वेतन पाने वाले कर्मचारी अपना सदस्यता चंदा रोकड़िया के पास जमा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में कई कमियां देखी गई, जिन्हें दूर करने के लिए यह निर्णय किया गया है कि वेतन-बिल पर यह पृष्ठांकन किया जाए कि सदस्यता चंदे के लिए कर्मचारी संघ को अदा की जाने वाली राशि के लिए आहरण अधिकारी के पक्ष में संघ को भेजने के लिए चेक दिया जाए अथवा श्रेणी 'क' का चेक संघ के पक्ष में दिया जाएं । इस प्रकार कटौती की गई राशि कर्मचारियों की सूची के साथ संघ को दे दी जाए। संघ को कटौती की राशि तभी भेजी जाएगी जब सभी वेतन-बिल व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों को सौप दिए जाएंगे और उसके लिए निर्धारित रजिस्टर में प्राप्ति दर्ज कर दी जाएगी।

[वित्त मंत्रा. व्यय विभाग, का. ज्ञा सं. ६(४) ६३/टी. ए.भाग ii/४, दिनांक ६.१.२००१]

*जाग जाग रे जीव जगत में, क्या न तुझे अब भी सूझा, उसे हृदय से लगा, न जिसका कोई भी अपना दूजा।।*

*शुभकामनाओं सहित :-*

# किसान ....,
# हमारी उन्नति के साथी



# विश्व व्यापी भविष्य की ओर अग्रसर

भारत में हरित क्रांति की अग्रदूत एवं देश को उर्वरकों के उत्पादन के मामले में आत्म निर्भर बनाने के लिए वर्षों तक कार्य करने के उपरान्त इफको नाइट्रोजीनस व फास्फोटिक उर्वरकों के उत्पादन व विपणन के क्षेत्र में विश्व की अग्रणीय संस्था के रूप में उभर कर सामने आई है।

किसानों की खुशहाली के लिए कार्य करते हुए तीन दशक से भी अधिक समय का सफर तय करने के बाद इफको उर्वरकों के उत्पादन में विश्व की अद्वितीय संस्था बन चुकी है।

इफको की बहुआयामी योजना विजन २००० पूरी हो चुकी है। यह योजना उत्कृष्टता के लिए गये अथक प्रयासों से पूर्ण की गई है। इस योजना के अंतर्गत, आवंला, फूलपुर, कलोल, तथा कांडला संयंत्रों की क्षमता का विस्तार अनुमोदित लागत व निर्धारित समय के भीतर कर लिया गया है।

इफको ने अपने विकास के ऊँचे शिखर पर पहुँचने के लिए अब एक और पंचवर्षीय योजना मिशन २००५ बनायी है। इस योजना के अंतर्गत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने, नये संयत्रों की स्थापना करने, विदेशों में संयुक्त उद्यम स्थापित करने, विविधीकरण करने व हर स्तर पर सहकारिता आंदोलन को सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है।

इफको ने सामान्य बीमा क्षेत्र में प्रवेश करने के प्रयोजन से जापान की टोकियों मैरी एण्ड फायर इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन कर हस्ताक्षर किये है।

**इफको**

**इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड**

**आँवला इकाई : बरेली - २४३४०३**

**वेबसाइट : http://www.iffco.nic.in**

4207

**प्रगति में सहायक**



# सफल निर्णय प्रक्रिया के सूत्र

- गोविन्द शंकर त्रिपाठी, सह वित्त सचिव, भा.म.सं., उ. प्र.

श्रम संघों के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया काफी अधिक महत्व रखती है। निर्णय के लिए जाते समय अत्यन्त सावधानी बहुत आवश्यक हैं ज्वलन्त मुद्दों पर भी निर्णय लिए जाते समय उनके दूरगामी परिणामों के बारे में ध्यान रखा जाना चाहिए। मनुष्य का जीवन विभिन्न कठिनाइयों से घिरा हुआ है। दैनिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मनुष्य एक श्रमिक के रूप में अपने कार्यक्षेत्र में भी अनेक खतरों एवं विपत्तियों से जूझता रहता है। यह सर्वविदित है कि हमारा समाज असमान एवं विभाजित है। समाज में विभिन्न श्रेणी के लोगो के बीच सामाजिक संदेश और सूचनाऐं उपलब्ध नही हो पाती हैं। स्त्री-पुरूष, विभिन्न जातियों समुदायों, और श्रेणियों में विभक्त लोगों में भिन्न-भिन्न प्रकार की सोच होना स्वाभाविक है। ऐसे में श्रम संघों में कार्य करने वाले व्यक्तियों, पदाधिकारियों का उत्तरदायित्व अहम हो जाता है। निर्णय लेना, निर्णय के पश्चात उस पर कार्य (क्रियान्वयन) तथा उसकी देखभाल कर समीक्षा करना भी अत्यन्त आवश्यक है।

**निर्णय के प्रकार** - निर्णय कई प्रकार लिए जाते हैं। श्रम संघ पदाधिकारियों द्वारा, कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा अथवा आम सभा के माध्यम से। निर्णय विभिन्न प्रकार से होते हैं जैसे अधिकारिक निर्णय, अल्पमत का निर्णय, बहुमत का निर्णय और एक मत निर्णय।

**एक मत का निर्णय** - इन सभी में एक मत निर्णय अत्यन्त श्रेष्ठ होता है। एक मत निर्णय सबसे अच्छा होता हुआ भी अधिकांश स्थितियों में व्यावहारिक नहीं हो पाता है। कारण स्पष्ट है कि विभिन्न प्रकार की सोच अथवा विचारधाराओं के बीच एक मत होना आज की परिस्थितियों में बड़ा मुश्किल कार्य है। फिर भी निर्णय लिए जाते समय एक मत की ओर जाने की कोशिश की जानी चाहिए। शिक्षा के आधार पर, संयुक्त समाज से आने वाले लोगों में विचार भिन्नता होती है। यही विचारों में अन्तर एक मत निर्णय को प्रभावित करती है।

**बहुमत का निर्णय** - ऐसे में बहुमत का निर्णय सभी को मान्य होता हैं किन्तु बहुमत का निर्णय लेते समय यह ध्यान रखना भी अत्यन्त आवश्यक है। कि बहुमत के विरूद्ध कुछ अल्पमत के लोग भी होंगे। अल्पमत के लोग अपनी बात शायद दृढ़तापूर्वक न कह पा रहे हों। किन्तु उनकी बात को भी धैर्य पूर्वक समझने की कोशिश की जावे और उन्हें बहुमत के विचारों, परिणामों के बारे में समझाने की कोशिश की जा सकती है। यद्यपि अल्पमत वाले पूर्णतः सहमत न भी हुए तब भी कुछ अंश तक बहुमत के निर्णय को मानेगे। भले ही हृदय से न मानें, फिर भी वह कहेंगे कि ठीक है बहुमत का निर्णय ठीक है। ऐसी स्थिति में अल्पमत वाले नगण्य हो जावेंगे। यदि १-२ व्यक्ति शेष भी रह जाते है तो निर्णय प्रक्रिया में रूकावट नहीं बनेंगे। अल्पमत वालों की स्थिति कमजोर होगी और वह निर्णय के पालन में मदद नहीं करेंगे तो किसी भी प्रकार की बाधा भी नहीं डालेंगे। अतः निर्णय एक मत की ओर करने का प्रयास किया जाना चाहिए, अन्यथा अधिक से अधिक बहुमत का निर्णय होना ही चाहिए।

**अल्पमत के निर्णय** - अल्पमत के निर्णय नहीं लिए जाने चाहिए। क्योंकि न तो वे प्रभावी होते है और न ही उनका पालन होता है।

**सावधानी** - कुछ लोगो की तो निर्णय प्रक्रिया में दिलचस्पी नही होती है। ये वे लोग होते है जो जिम्मेवारी से बचना चाहते है। निर्णय लिए जाते समय न पक्ष में

*पथ का अंतिम लक्ष्य नही है, सिंहासन चढ़ते जाना, सब समाज को लिए साथ में आगे है बढ़ते जाना*

*With Best Compliments From :*

# जिला सहकारी बैंक लि० मुजफ्फर नगर

माननीय श्री जसवन्त सिंह, वित्त मंत्री, भारत सरकार ने जिला सकहारी बैंक, लि०, मुजफ्फरनगर को 'नाबार्ड' भारत सरकार द्वारा वर्ष २०००-०१ हेतु प्रथम पुरस्कार ''बेस्ट परफोरमेन्स एवार्ड' से ६ नवम्बर, २००२ को अलंकृत किया। माननीय श्री हुकुम सिंह मंत्री एवं माननीय श्री रामप्रकाश त्रिपाठी, सहकारिता मंत्री, उ० प्र० सरकार के कुशल नेतृत्व एवं मार्ग निर्देशन में बैंक के संचालक मण्डल एवं कर्मचारी/अधिकारियों के अथक परिश्रम, कार्य के प्रति समर्पण एवं निष्ठा के फलस्वरूप यह एवार्ड बैंक को निरन्तर दूसरे वर्ष प्राप्त हुआ है, जो कि एक अनूठा कीर्तिमान है।

## बैंक कार्य- व्यवसाय प्रगति की तुलनात्मक झलक

| विवरण | | धनराशि | |
|---|---|---|---|
| | ३१.३.२००० | ३१.३.२००१ | ३१.३.२००२ |
| अंश पूंजी | ५४६.८६ | ५७०.६५ | ५७२.४६ |
| रक्षित कोप | ५१५.६८ | ५५४.७६ | ७४२.१७ |
| अन्य कोष | २३१६.६० | २८२८.५५ | ३७२८.७३ |
| निजी पूंजी | ३३७६.७४ | ३६५३.६६ | ५०४३.३६ |
| जमा अमानतें | २२६१७.०० | २४५६७.४३ | २६६६३.६० |
| उ० प्र० सहकारी बैंक | २२६१७.०० | २४५६७.४३ | २६६६३.६० |
| एवं अन्य संस्थाओं का लगा ऋण कार्यशील पूंजी | २६५६०.२३ | ३०००८.०३ | ३२६३०.४३ |
| **बैंक का लगा ऋण** | | | |
| अल्पकालीन | ७५५६.७६ | ६३३०.१४ | ११५१०.६८ |
| मध्यकालीन | ६२८.२५ | ८००.१४ | ७२८०.०६ |
| अन्य | ३५६.४६ | ३७६.०२ | ३८८.६६ |
| शुद्ध लाभ | ३०३.६२ | ४०४.७२ | ४४७.७१ |
| शाखाएं (विस्तार पटल सहित) | ३६ | ३६ | ३७ |

4401

**कुंज बिहारी अग्रवाल**
**सभापति**

**रामपाल सिंह**
**सचिव/महाप्रबन्धक**

*शुभकामनाओं सहित :–*

## हर प्रकार की साड़ियों का अनुपम संग्रह

# राज रतन

## रिटेल शो रूम

पुरानी दाल मंडी, निकट कैनरा बैंक,
नयागंज, कानपुर
दूरभाष : २३५७८६३, २३१६६६०

1002

विचार रखते हैं न विपक्ष में किन्तु निर्णय हो जाने के पश्चात् अन्यन्त्र निर्णय के दोषों पर चर्चा करते हैं। ऐसे लोग निर्णय के क्रियान्वयन पर असर डालते हैं। स्वयं की मदद करना तो दूर, भारी रूकावटें डालते हैं। ऐसे व्यक्तियों से अत्यन्त सावधान रहने की आवश्यकता है। निर्णय प्रक्रिया के दौरान ऐसे व्यक्ति से अवश्य ही विचार रखने को कहा जाना चाहिए, अन्यथा वह निर्णय लेने के पश्चात इधर उधर अन्यावश्यक चर्चा करेगा कि मुझसे पूँछा ही नही गया और गलत ढंग से निर्णय लिया गया। ऐसे लोग अनेक प्रकार की बाधाऐं उत्पन्न करते हैं। अतः निर्णय प्रक्रिया के समय सभी उपस्थित लोगों की सहभागिता आवश्यक है।

**अधिकारिक निर्णय** - एक और प्रकार का निर्णय होता है यह अधिकारिक निर्णय कहा जाता है। किसी व्यक्ति, पदाधिकारी को निर्णय करने का अधिकार प्रदान करना अथवा किसी के द्वारा स्वयं निर्णय किए जाने का अधिकार ले लेना इस प्रक्रिया में आता है। यह अत्यन्त दोषपूर्ण ढंग है। बलात निर्णय कुछ अंश तक ही प्रभावी रह सकते हैं, हमेशा के लिए नहीं। अतः इस दोषपूर्ण तरीके से श्रम संघों को बचना चाहिए। भले ही अधिकारिक निर्णय लिया गया हो फिर भी इस पर चर्चा कर सभी को सहभागिता करानी चाहिए तभी उनका सही क्रियान्वयन प्रभावी होगा।

**अधिकारिक निर्णय से सहभागी निर्णय की ओर** - ज्वलन्त मुद्दों पर स्थिति को गंभीरता को देखते हुए अधिकारिक रूप से निर्णय त्वरित ढंग से लिए जाते हैं, और उन्हें स्थिति की चर्चा करके सामान्य रूप से सहभागी निर्णय बनाया जाता है।

**निर्णय प्रक्रिया** - निर्णय प्रक्रिया प्रारम्भ करते हुए सूचनाओं का आदान प्रदान प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। पक्ष-विपक्ष के विचारों का पूर्ण रूप से समझा जाना चाहिए। जो भी प्राप्त विचार हो उनका सारांश कर अन्त में मूल्यांकन आवश्यक है। इस बीच सभी की भागेदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस हेतु अच्छा वातावरण के साथ प्रोत्साहन दिया जाना भी आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति किसी कारण विचार नहीं रख रहा है। तो उसे प्रोत्साहित कर बोलने की प्रेरणा दी जावे। विपक्षी तर्कों पर विचार किया जाना एवं आवश्यकतानुसार समझौता किया जाना भी आवश्यक है। कार्यवाही पर पूर्ण नियंत्रण ही निर्णय प्रक्रिया का अनुरक्षण हैं निर्णय प्रक्रिया का क्रियान्वयन एवं अनुरक्षण दोनों ही महत्वपूर्ण है। किसी एक भी अनुपस्थिति से निर्णय एकाकी रह जाता है।

अतः हम कह सकते हैं कि निर्णय प्रक्रिया प्रजातांत्रिक ढंग से, एक मत की ओर ले जाने की कोशिश की जावे, तभी निर्णय सफल होगा, निर्णय प्रक्रिया में अन्ध भक्तों को साथ न रखे बल्कि उनको प्रोत्साहित कर मौलिक सुझावों हेतु प्रेरणा प्रदान कर अनुकूल बनावें। निर्णय प्रक्रिया में सभी की भागेदारी, अच्छे वातावरण का निर्माण कर, समझौता करते हुए सभी प्रकार की सूचनाओं के आदान प्रदान के साथ-साथ समस्त विचारों का सारांश एवं उनका मूल्यांकन करते हुए निर्णय किया जावे। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान पूरे समय समस्त कार्यवाही पर नियन्त्रण रखा जावे। यही सफल निर्णय का सूत्र है।

---

*मेरे साहसी युवको, यह विश्वास रखो कि तुम्ही सब कुछ हो-महान कार्य करने के लिए इस धरती पर आये हो। गीदड़ घुड़कियों से भयभीत न हो जाना-नहीं; चाहे वज्र भी गिरे, तो भी निडर होकर खड़े हो जाना और कार्य में लग जाना।*

**- स्वामी विवेकानन्द**

*धरती पर सुख शान्ति बढ़ाओ देकर निज श्रम शक्ति, मानवता का अर्थ यही है और यही प्रभु भक्ति।।*

श्रेत्रों में काम करती हैं। जहाँ न तो उनके कार्यों का नियत समय ही होता है और न ही कोई अवकाश दिवस। उन्हें शारीरिक एवं मानसिक शोषणों का नित्य प्रति शिकार होना पड़ता है।

ज्यादातर बालिका श्रमिक साक्षर नहीं होती हैं, इस कारण उन्हें कम मजदूरी वाले कमर तोड़, काम मिलते हैं। लड़कियों के लिए बाहर का काम जोखिम भरा होता है उन्हें हमेशा मर्दों का शिकार बनने का खतरा होता है वे प्रायः छेड़खानी एवं बलात्कार का शिकार होती हैं, अर्थात् वे सदैव दोहरे शोषण का शिकार होती हैं।

बाल श्रमिकों की समस्याओं के निवारण हेतु वैसे तो अनेकानेक अधिनियम प्रतिपादित किए गए हैं, किन्तु वे इच्छाशक्ति और मानवीय उपेक्षा के चलते मात्र कुछ दस्तावेज बनकर ही रह गये हैं।

आखिर बालिकाओं एवं बालिकों के शोषण की चिन्ता किसकी है ? ये सभी उस समाज की है जो हर पल एक नई विश्व व्यवस्था विकसित करने की बात करता है जिसमें अन्याय और गैर बराबरी न्यूनतम होगी, पर जिस समाज की बालिकाएं ही उदास हैं और उनके पास भविष्य का कोई रूपहला सपना नहीं है। वह समाज किसी भी ऐसी व्यवस्था का निर्माण करने में सफल होना तो दूर आंशिक रूप से भी सफल नहीं हो सकता।

ये बालिका श्रमिक सभ्य समाज के उन सभी के लिए चिंता का विषय है जो मानव अधिकारों एवं मानवीय मूल्यों के हितैषी हैं। ये बालिकाएं उन सभी की संवेदनाओं को झकझोरती हैं जो असमानता की खिलाफत करते है, और समानता जिनका उद्देश्य हैं कोई भी समाज बालिकाओं को दर किनार करके किसी भी प्रकार के बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं कर सकता।

नयर सहस्त्राब्दि में बालिकाओं की आत्म प्रतिभा में सकारात्मक बुद्धि एवं विकास की महती आवश्यकता है, यह प्रतिभा भावी मातृशक्ति हेतु सुकुमार भूमिका को प्राप्त करने की पूंजी होती है। विकासात्मक पहलुओं में सुधार एवं संशोधन निसंदेह बालिका श्रमिकों का असामायिक श्रम बाध्यता से मुक्त कर सुखद एवं उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ाएगा।

## जीवन का उद्देश्य

*हम अपना सम्पूर्ण ध्यान और शक्ति अधर्म की शक्तियों पर विजय प्राप्त करने के अंतिम लक्ष्य पर केन्द्रित कर उस मार्ग पर चलने का निश्चय करें। धर्म की शक्तियों की अन्तिम विजय की कसौटी पर हमको प्रत्येक वाह्यतः अच्छे या बुरे लगने वाले कार्य की परीक्षा करनी चाहिए। केवल वही अच्छा और सराहनीय है, जिसके द्वारा पुण्यात्माओं और धर्मात्माओं को विजय प्राप्त होती है और विजयी व्यक्तियों और महापुरूषों के उदाहरण और शिक्षाएँ अपने सही स्वरूप में विजय की आवश्यक संकल्प-शक्ति की हमें प्रेरणा दे सकती हैं तथा धर्मस्थापना के अर्थात् सारे संसार में धर्म की प्रतिष्ठापना के मार्ग में, जो युगों से हमारे राष्ट्रीय जीवन का उद्देश्य रहा है, वे हममें सही विवेक जागृत कर सकती हैं।*

**– मा० स० गोलवलकर 'श्रीगुरु जी'**

रोको इन शूल-बबूलों को, मधुमास न फिर विकने पाये। भारत मां का अपमान न हो, उद्यान न फिर लुटने पाये।।



# बालिका श्रमिक : स्थिति का एक ऑकलन

- दीपक अवस्थी, एम.ए.,एल.एल.बी

भारत की अधिकांश बालिकाएं आज बिना सुख सुविधाओं एवं संसाधनों की अनुपलब्धता के बीच बड़ी हो रही हैं, वे केवल बड़ी होने के लिए बड़ी हो रही है, क्योंकि यह प्रकृति का नियम है। उनकी आखों में आशा की बजाय निराशा छायी हुई है, उनके हाथों में कलम और खिलौनों के स्थान पर जूंठें बर्तन या बुनाई का ताना बाना हैं। कहीं पर ये अपने अस्तित्व को पिघले हुए काँच में झुलसा रही हैं तो कहीं आँख खुलते ही इन्हें झाँडू और पोंछा पकड़ा दिया जाता है सभ्य समाज के मुखौटे वाले इस बाल बचपन को अपने मनोरंजन और एय्यासी के लिए उपयोग कर रहे हैं।

१९९१ की जनगणना के अनुसार देश की ८४ करोड़ ६० लाख जनसंख्या में २६ करोड़ बच्चे हैं, जिनका ३७ प्रतिशत अंश १८ वर्ष से कम आयु का है। प्रति वर्ष १ करोड़ ३० लाख लड़के एवं लड़किया भारत की जनसंख्या में जुड़ जाते हैं। सभी तरह के व्यवसायों में मुख्य श्रमिक की हैसियत में लड़कियों का प्रतिशत लड़कों की तुलना में अधिक है। जिसमें उत्तरोत्तर वृद्धि होती जा रही है। एक ऑकलन के अनुसार विश्व में लगभग २५ करोड़ बाल श्रमिक है जिसमें से १० करोड़ से अधिक भारत में ही हैं। भारतीय श्रम मंत्रालय द्वारा किए गये सर्वेक्षक के अनुसार भारत में बाल श्रमिकों का ३० प्रतशत खेतिहर मजदूर तथा शेष कल-कारखानों एवं घरेलू श्रमिकों के रूप में कार्य कर रहे हैं, जिनमें से अधिकांश गुलामों सा जीवन जीने को बाध्य है, फिरोजाबाद के काँच उद्योग, शिवकाशी के माचिस उद्योग, लखनऊ के चिकन उद्योग, आगरा, कानपुर में चमड़ा उद्योग तथा भदोही के कालीन उद्योग में ५० हजार बालिका एवं बालक श्रमिक श्रम कार्यों में संलग्न है। एक बड़ी संख्या में बालिकाएं घर के भीतर अथवा बाहर लम्बे घण्टों तक कार्य करती है। समाज शास्त्रीय अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि लगभग ९५ प्रतिशत बालिकाओं को कम उम्र में श्रम साध्य कार्यों में लगा दिया जाता है। जो प्रतिवर्ष ३१५ दिन तक १० घण्टे रोजाना कार्य करती है। दस वर्ष की उम्र तक वह जलाने की लकड़ी, पानी निकालना, घास-पात हटाना, पशु भोजन, लकड़ी संग्रह जैसे कार्यों में लगी होती है।

जहाँ तक बालिका श्रमिक के कारणों का प्रश्न है तो अध्ययनों से जो कारण स्पष्ट हुए हैं उनमें गरीबी, परिवार का अशान्तिपूर्ण वातावरण, व्यावहारिक शिक्षा का अभाव, बेरोजगारी, अपहरण, अज्ञानतावश बच्चों द्वारा घर छोड़ना तथा औद्योगीकरण एवं नगरीकरण आदि महत्वपूर्ण कारण हैं।

बालक एवं बालिका श्रम दोनों ही बचपन को पीड़ा पहुँचाते हैं। जिन कार्यों में वे लगे हैं वे उनके स्वास्थ्य को कुप्रभावित करती है। वे दमा रोग चर्म रोग, आँखों की कमजोरी, श्वसन रोग आदि से पीड़ित होते है उनमें किशोरावस्था से पूर्व ही प्रौढ़ावस्था के लक्षण परिलक्षित होने लगते हैं।

बालिका श्रमिकों की उपस्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है, जिस समाज में व्यक्ति का बचपन कुण्ठित एवं उत्पीड़ित हो तो इससे बढ़कर दूसरा कोई अमानवीय कृत्य हो ही नहीं सकता इससे उनका जीवन कुण्ठित होता है। उनका बौद्धिक एवं शारीरिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। जिसका प्रभाव राष्ट्र के भावी विकास पर पड़ता हैं अधिकांश बालिका श्रमिक असंगठित

हिन्दू की रक्त-शिराओं मं, अब शौर्य जगाना ही होगा। जैसे भी हो अब भारत को, बलवान बनाना ही होगा।।

से जुड़े है इसी प्रकार १ अप्रैल २००१ को जिन सामानों के आयात पर मात्रात्मक प्रतिबन्ध हटाये गये उनमें सबसे ज्यादा संख्या २०८ कृषि क्षेत्र के सामानों की थी इन दो सालों में जिन १४२९ सामानों पर से मात्रात्मक प्रतिबन्ध हटाया गया उनमें से बहुत से सामान हमारे देश में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है उन्हें बाहर से मंगाने का कोई औचित्य ही नहीं है। कृषि के समानों में फ्रांस का पनीर, स्वीटजरलैण्ड के चाकलेट, अमेरिका के मुर्गे मांस, दूध, दुग्ध, उत्पाद, फल सब्जियाँ, चाय, काफी मसाले, गेहूँ, चावल, मक्का एवं मोटे अनाज, नारियल एवं नारियल तेल उत्पाद तिलहन, चीनी, मिठाइयाँ, चटनी, अचार, मुरब्बे, फ्रूट्ज, जूस, शरबत, पेय पदार्थ, बियर एवं उसके अन्य उत्पाद बेरोकटोक भारतीय बाजार में आ रहे हैं। ठीक इसी तरह बाहर के कई देशों से चीनी का आयात हो रहा है। पिछले १९९९-९८ के मध्य ७० लाख टन अनाज बाहर से आया। देश में चीनी के भंडार में ५० लाख टन से अधिक चीनी भरी होने के बावजूद ५.५ लाख टन बाहर से और मंगाई गई आयातित चीनी पर टैक्स न होने के कारण सरकार को भी लगभग ७५० करोड़ रुपये का नुकसान अलग से हुआ। विगत छः महीने की अवधि में ही ३० हजार टन से ज्यादा चीनी का आयात किया जा चुका है। जिसके परिणाम स्वरूप देश को सैकड़ों करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ी।

देश में इस समय पाकिस्तान, इग्लैण्ड, ब्राजील समेत कई अन्य देशों से चीनी का आयात किया जा रहा है। यह सारे देश अपने-अपने देशों में चीनी के निर्यात पर लगभग ८० प्रतिशत की सब्सिडी दे रहे है। जिसके परिणामस्वरूप उन देशों की ६५ रुपये प्रतिकिलो की लागत वाली चीनी हमारे देश में १०.५० रु. प्रति किलोग्राम की दर से बेची जा रही है। आज एक बात तो निश्चित है कि जबतक विदेशी चीनी आयातित होगी तब तक हमारी चीनी का उत्पादन मूल्य मिलना ही संभव नहीं है और जब तक चीनी मिलों को उत्पादित चीनीं का उचित मूल्य नहीं मिलेगा तब तक गन्ने का पूरा दाम नहीं मिल सकता है यह स्वतः ही स्पष्ट है। यहीं स्थिति कमोवेश हर क्षेत्र की है। विश्व व्यापार संगठन में अपने अन्य सहयोगी संगठन अर्न्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के सहयोग से भारत के विशाल बाजार पर अपना शिंकजा कस लिया है। भारतीय मजदूर संघ ने सर्वप्रथम विश्व व्यापार संगठन की असलियत को पहचानते हुए सर्वप्रथम १६ अप्रैल २००२ को दिल्ली में मोड़ो-तोड़ो-छोड़ो नामक नारे के साथ मजदूरों का विशाल प्रदर्शन किया जिससे समूचे देश में विश्व व्यापार संगठन के खिलाफ नवचेतना का संचार निश्चित रूप से हुआ है।

## मिजोरम में भारतीय मजदूर संघ की चार यूनियन बनीं

*ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित क्षेत्र और देश के सर्वाधिक शिक्षित राज्यों में से एक मिजोरम में राष्ट्रवादी मजदूर संगठन **'भारतीय मजदूर संघ'** ने जड़ें जमानी शुरू कर दी है। हाल तक आतंक प्रभावित इस राज्य में राष्ट्रवादी संगठनों का प्रवेश अघोषित रूप से प्रतिबंधित था। गत दिनों राजधानी एजल में दो दिवसीय अधिवेशन करके भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने यह प्रमाणित कर दिया है कि यदि मन में लक्ष्य के प्रति दृढ निष्ठा हो तो मार्ग स्वयं निकल आता है। मिजोरम में इस समय चार मजदूर यूनियनें भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध है और उनके सदस्यों की संख्या १०,००० है दो दिवसीय प्रदेश सम्मेलन राजधानी के सबसे बड़े सभाकक्ष बनापा में संपन्न हुआ। अधिवेशन का आरंभ परंपरागत प्रार्थना के साथ हुआ। एक कार्यकर्ता ने बीएमएस के गीत को मिजो भाषा में गाया। अधिवेशन में श्री पीवी साविनलिना को पुनः मिजोरम प्रदेश भारतीय मजदूर संघ का अध्यक्ष चुना गया।*

*जाग उठे श्रमिक फिर से, विजय ध्वजा फहराने। अगड़ाई ले चले पुत्र हैं, माँ के कष्ट मिटाने।।*



# भारत फिर से गुलामी की ओर

- अखिलेश पाण्डेय, संगठन मंत्री-भा.म.स., कानपुर नगर

विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) की शर्तों से बंधने के बाद भारत के आर्थिक विकास और औद्योगिक उन्नति में कितनी कारगर सिद्ध हो रहा है ? इस प्रश्न का उत्तर ढूँढ पाना अब बहुत कठिन नहीं रह गया है।

कॉग्रेस की तत्कालीन सरकार ने अपने क्षुद्र स्वार्थ हेतु आर्थिक सुधारों के नाम पर विश्व के चौधरी देशों के दबाव में जो समझौता या करार किया उसके दुष्परिणाम आज सब के सामने है। सर्वेक्षण के मुताबिक आज देश के लगभग चार लाख छोटे बड़े कारखाने बन्द हो चुके है या बन्दी के कगार पर है तथा व्यापार, उद्योग, कृषि एवं शेयर बाजार में निराशा एवं जबरदस्त मंदी विद्यमान होने के कारण आने वाले समय में बेरोजगारी का आंकड़ा २० करोड़ के मुकाबले ४५ करोड़ का ऑकड़ा पार करने की संभावना है। यह सब तथाकथित आर्थिक सुधारों के नाम पर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा भारत में अपना लंगर डाल देने के बाद से भारत का अतिलाभप्रद उपभोक्ता बाजार के रूप में परिवर्तित कर दिया गया हैं विदेशी निवेश के नाम पर स्वदेशी उत्पादों को तिरस्कृत करते हुए देश की प्रभुसत्ता को पूंजीवादियों, साम्राज्यवादियों के हार्थो सौपने का घिनौना षड़यंत्र चल रहा है।

विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) के हाथों ठगी का शिकार हो चुकी भारत की अर्थव्यवस्था अब बिना ब्रेक की गाड़ी की तरह से आर्थिक गुलामी की ओर निश्चित रूप से जा रही है। स्वदेशी उद्योगों की सहायता का नजरिया अपनाये बिना आर्थिक हालत नहीं सुधारे जा सकते हैं। हर वस्तु पर कस्टम शुल्क घटा देने के कारण ही बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने अपने माल से भारत के बाजारों को पाट दिया है। जब कि कस्टम सुधारों का रूख राष्ट्रीय औद्योगिक ऐजेंडा के पक्ष में होना चाहिए था।

विश्व व्यापार संगठन नामक पंचायत में अमीर देशों की जो लाबी है अमेरिका उसका मुखिया है एवं उसकी शर्तें ही विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) की दिशा तय कर रही है। वहां के कस्टम नियमों को प्रतिकूल बताकर आर्थिक आजादी की मांग करता है। इस चौधराहट के बल पर ही वह अपने लिये बाजार तैयार करता है। उदाहरण के लिए देश में भारतीय चीनी मिल संघ परेशान है उनकी चीनी न बिकने के कारण देश में काफी बड़ा स्टाक पहिले से है। आयतित चीनी के कारण चीनी के दाम गिर गये है। दूसरी तरफ सरकार मजबूर है क्योंकि (W.T.O.) पर दस्तखत करके सरकार अपने हाथ पहिले ही कटा चुकी है। आयात को रोकना या नियंत्रित करना बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के हाथों में है।

केन्द्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री श्री राजीव प्रताप रूढ़ी ने कहा कि सरकार का चीनी आयात पर रोक लगाने का कोई इरादा नहीं है जब तक जनता कम दरों पर आयातित चीनी की मांग करती रहेगी तब तक वाणिज्य एवं उद्योग विभाग इसमें आड़े नहीं आयेगा। उत्पादन की बढ़ती लागत और अपेक्षाकृत कम कीमत की प्राप्ति के चलते प्रति क्विंटल २५० रु० से ३०० रु० तक का नुकसान हो रहा है। जहाँ उत्पादन लागत १४५०-१५०० रु. है प्रति क्विंटल के मुकाबले औसत विक्रय मूल्य १२००-१५०० रु. प्रति क्विंटल ही है क्योंकि मौजूदा अर्न्तराष्ट्रीय बाजार में मूल्य घरेलू चीनी उत्पादन की लागत से भी कम है। (W.T.O.) की शर्तों के तहत भारत को कुल खपत का ३ प्रतिशत अनिवार्य रूप से आयात करना है। इस के साथ सरकार ने २००१ में ७१४ एवं २००२ मं ७१५ विदेशी समानों के लिए भारतीय बाजार खोलकर समस्या में अत्यधिक वृद्धि कर दी है। कुल आयातित विदेशी सामानों की सूची लगभग १०४०० के करीब है। जिसमें ६८०० सामानों की आयात पर कोई रोकटोक नहीं है। एक अप्रेल २००१ को जिन ७१४ विदेशी सामानों के लिए देश का बाजार खोला गया उनमें से १४६ सामान कृषि एवं पशुधन

*जाग उठा है आज देश का, वह सोया अभिमान, प्राची की चंचल किरणों पर आया स्वर्ण विहान*

होगा,उसे कर संग्रहकर्ता का वेतन ही दिया जाएगा। उसे सूचित किया गया कि अभी भी वह अंशकालिक तौर पर कर संग्रह का कार्य भी करता है, इसलिए द्वितीय श्रेणी के लिपिक का वेतनमान उसे नहीं मिल सकता। इसी के साथ वर्षो तक लिपिक पद पर कार्य कर लेने के पश्चात उसे आदेश दिया गया कि वह अब कर संग्रह का सारा कार्य देखेगा, मगर द्वितीय श्रेणी लिपिक पद पर उसकी नियुक्ति का आदेश वापस ले लिया गया ।ऐसा आदेश न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया याचिकाकर्ता ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देते हुए इसे संविधान प्रदत्त समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धान्त के प्रतिकूल बताया। याचिका स्वीकार कर ली गई। द्वितीय श्रेणी के लिपिक के वेतनमान के अनुरूप वेतन देने के आदेश न्यायालय ने पारित कर दिए। (२००० ए०एल०जे० १६३३)

## कार्यवाहक प्राचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया क्या ?

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने व्यवस्था दी है कि डिगरी कालेज में भी प्राचार्य का स्थान रिक्त होने पर नियमित नियुक्ति न होने तक कार्यवाहक प्राचार्य की नियुक्ति कॉलेज में सेवारत प्राध्यपकों की वरिष्ठता के क्रम में होनी चाहिए ।

निर्णय में कहा गया है कि वरिष्ठतम प्राध्यापक की नियुक्ति कार्यवाहक प्राचार्य के पद पर की जानी चाहिए । यदि कोई ऐसी अपरिहार्य परिस्थितियां हों, जिनमें वरिष्ठतम प्राध्यापक की कार्यवाहक प्राचार्य के पद पर नियुक्ति करना विद्यालय के हित में नहो, तो वरिष्ठता के क्रम में दूसरे स्थान पर आने वाले प्राध्यापक की नियुक्ति कार्यवाहक प्राचार्य के पद की जानी चाहिए । यदि वह भी किन्हीं कारणों से विद्यालय के हित में न हो, तो तीसरे वरिष्ठतम प्राध्यापक की नियुक्ति कार्यवाहक प्राचार्य के पद पर की जानी चाहिए ।

निर्णय में इंटरमीडिएट कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य की नियुक्ति की इसी प्रकार की व्यवस्था को एक अन्य निर्णय में संगत मानते हुए स्वीकार किया गया । इसी प्रकार यह व्यवस्था डिगरी कालेज व इंटरमीडिएट कालेज, दोनों में समान रूप से प्रभावी हो गई ।(२००० ए एल जे १६६२)

## निलम्बन दौरान निर्वाह भत्ता देना अनिवार्य

अपीलार्थी स्वतन्त्र भारत मिल में कार्यरत थे। उनकें आरोप पत्र दिया गया और निलम्बित कर दिया गया। कर्मचारियों नेइस बात पर जोर दिया कि उन्हें निर्वाह दिया जाना चाहिए । औद्योगिक न्यायाधिकरण ने निर्वाह भत्ता दिलानेसे इन्कार कर दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी निर्वाह भत्ता नहीं दिलाया। इस प्रकार यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष गया। उच्चतम न्यायालय ने अपील स्वीकृत करते हुए निर्णय में कहा कि मालिक और कर्मचारी के सामान्य सम्बन्धों में आधारभूत परिवर्तन धारा ३३ औद्योगिक विवाद अधिनियम ने उत्पन्न किया है ।

धारा ३३ के अन्तर्गत मालिक को निलम्बन के अधिकार दिये गये हैं । निलम्बन के दौरान वेतन देने का दायित्व नहीं रह जाता है और कर्मचारी पर काम करने का दायित्व नहीं रह जाता है लेकिन जब तक जांच कार्यवाही चले, सेवायोजक द्वारा निर्वाह भत्ता देना आवश्यक है । निर्वाह भत्ता वेतन नहीं है । दोनों पक्षों का कोई प्रभाव न्यायाधिकरण पर नहीं होता है ।प्रबन्ध-तन्त्र निर्णय की प्रतीक्षा सरलता से कर सकता है, लेकिन कर्मचारी अनिश्चित काल के लिए प्रतीक्षा नहीं कर सकता है । उसे निर्वाह भत्ता दिलाया जाना चाहिए । यदि सेवा नियमों में इस सम्बन्ध में कोई नियम नहीं है तो कर्मचारी को पूरा वेतन निर्वाह भत्ते के रूप में दिया जाना चाहिए ।

राम लखन प्रति पीठासीन अधिकारी २००० (३६) इलाहाबाद लॉ रिपोर्ट ५२४

*हिन्दी देश की एकता की कड़ी है - डॉ० जाकिर हुसैन*



# न्यायालय निर्णय

- रमाकान्त शुक्ल, प्रदेश वित्त सचिव-भा.म.स.

## कर्मचारी की जन्म तिथि का निर्धारण कैसे ?

इलाहाबाद उच्च्व न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सेवाओं में भर्ती नियमावली की व्याख्या करते हुए व्यवस्था दी कि सरकारी नौकरी में प्रवेश करते समय कर्मचारी की हाईस्कूल या उसके समकक्ष परीक्षा के प्रमाणपत्र में उल्लिखित आयु अथवा यदि कर्मचारी ने ऐसी कोई परीक्षा पास नहीं की हो या उसने नौकरी लग जाने के पश्चात ऐसी परीक्षा पास की हो, जिसमें उसकी जन्म तिथि का उल्लेख है, अथवा ऐसी स्थितियों के न होने पर उसके द्वारा नौकरी में प्रवेश करते समय जो जन्म तिथि पंजिका में दर्ज कराई गई हो, वही जन्म तिथि उसकी सही जन्म तिथि मानी जाएगी । उसी से उसकी आयु का निर्धारण होगा। उसके सेवाकाल के दौरान उसकी सेवा में संबंधित सभी मामले उसी के आधार पर तय होंगे । इन मामलों में प्रोन्नति के लिए पात्रता, समय से पूर्व सेवानिवृत्ति, सेवानिवृत्ति के लाभों का निर्धारण, सेवानिवृत्ति की समय सीमा सहित कोई भी मामला हो, कोई प्रार्थनापत्र या ज्ञापन जन्मतिथि में सुधार के लिए किन्हीं भी परिस्थितियों में स्वीकार नहीं किया जाएगा निर्णय में कहा गया है कि यह तो कानूनी स्थिति है । इसके बावजूद न्यायालय ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से याचिकाकर्ता की मूल जन्मपत्री न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा। यह पाया गया कि प्रस्तुत की गई मूल जन्मपत्री सादे कागज पर हाथ में लिखा नकल किया गया कागज चिपका हुआ है, जिसके कारण मूल जन्मपत्री को पढ़ पाना असंभव है ।

प्रस्तुत मामले में याचिकताकर्ता लोक निर्माण विभाग में सेवारत अधिशाषी अभियंता ने अपनी जन्म तिथि को चुनौती दी थी तथा सरकारी अभिलेखों में दर्ज आयु से भिन्न आयु बताते हुए जन्मपत्री प्रस्तुत कर आयु को कम सिद्ध करने का प्रयास किया था (२००० ए०एल०जे० १८१८)

## दो पदों पर काम करते रहने पर

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि यदि कोई नियुक्ति के मूल पद पर सेवारत रहते हुए किसी बेहतर वेतनमान वाले पद पर भी पर्याप्त लंबी अवधि तक सेवा कार्य करता है, तो अधिक वेतनमान वाले पद पर अस्थायी की हैसियत से काम करने के उपरान्त भी अधिक वेतनमान वाले पद पर देय अधिक वेतन पाने का अधिकारी है ।

निर्णय में उच्चतम न्यायालय के निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया कि याचिका ने निस्तारण तक लगभग ढाई वर्ष की अवधि सेवा करते हुए बीत जाने पर कर्मचारी प्रोन्नति पर देय वेतन पाने का अधिकारी है ।

प्रस्तुत मामला बहराइच जिला परिषद में सेवारत एक कर संग्रहकर्ता का था । उसे द्वितीय श्रेणी का लिपिक नियुक्त कर दिया गया । नियुक्ति पत्र मिल जाने पर भी उसे वेतन कर संग्रहकर्ता का ही दिया जाता था रहा और उससे कार्य द्वितीय श्रेणी के लिपिक का लिया जाता रहा । जब उसने द्वितीय श्रेणी के लिपिक के वेतनमान की मांग की, तो उसे जिला परिषद अध्यक्ष की ओर से कहा गया कि उसकी प्रोन्नति इस शर्त के साथ की गई थी कि वह द्वितीय श्रेणी लिपिक का वेतन पाने का अधिकारी नहीं

(२) सामान्य रूप से अनिवार्य सेवा समाप्ति का आदेश संविधान के अनुच्छेद ३११ के अन्तर्गत दंड नहीं माना जायेगा ।

(३) उत्तम प्रशासन के लिए यह आवश्यक है कि व्यर्थ हो गये हिस्सों को हटा दिया जाये लेकिन अनिवार्य सेवा निवृत्ति का आदेश सम्बन्धित अधिकारी के सम्पूर्ण सेवा अभिलेखों को ध्यान में रख कर पारित होना चाहिए। कोई भी विरूद्ध टिप्पणियां जो गोपनीय फाइलों में हों उन्हें भी विचार में लिया जाना आवश्यक है।

(४) असूचित टिप्पणी भी विचार में ली जा सकती है ।

(५) विभागीय जॉच को बचाने के उददेश्य से अनिवार्य सेवा समाप्ति का आदेश पारित नहीं होना चाहिए ।

(६) यदि किसी अधिकारी को विरूद्ध टिप्पणी के बावजूद प्रोन्नति दी गई है तो यह तथ्य अधिकारी के पक्ष में जाते हैं।

(७) दंडात्मक रूप में अनिवार्य सेवा निवृत्ति लादी नहीं जायेगी ।

इस मामले में में प्रत्यर्थी गुजरात राज्य में नर्वदा विकास विभाग में अधिशाषी अभियन्ता थे । उनके विरूद्ध अनुशसनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ हुई। उन्हें निलम्बित कर दिया गया और निलम्बन के दौरान ही अनिवार्य रूपसे उनको सेवानिवृत्त करदिया गया । इस समय लगभग १६ महीने उनकी सेवा काल में बाकी थे । इस आदेश के विरूद्ध गुजरात उच्च न्यायालय में रिट याचिका प्रस्तुत की गई और उच्च न्यायालय ने इस आदेश को दंडात्मक मानकर निरस्त कर दिया । राज्य की ओर से उच्चतम न्यायालय में अपील की गई ।

उच्चतम न्यायालय में यह पाया कि सम्बन्धित अधिकारी की गोपनीय अभिलेख में कोई विधि विरूद्ध टिप्पणी नहीं है। उन्होंने सफलता पूर्वक सेवा कार्य पूरा किया था। वह एक वर्ष से निलम्बित थे, राज्य सरकार के पास पर्याप्त समय जाँच कार्यवाही को पूरा करने के लिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया । जॉच कार्यवाही को पूरा करने के बजाय अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्त करना निश्चित रूपसे जॉच कार्यवाही के स्थान पर दूसरे रास्ते से अधिकारी को दंडित करना है । राज्य द्वारा प्रस्तुत की गई अपील इस मामले में उच्चतम न्यायालय में निरस्त कर दी । २००१ (८९) एफ एल आर - १७३

## सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट

धारा २३ व २४ सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, रजिस्ट्रार को यह अधिकार नहीं देता है कि रजिस्ट्रार किसी भी सोसायटी की प्रबन्ध समिति को समाप्त कर दें । यदि कोई समिति धारा २४ में पारित निर्देशों का पालन नहीं करती है तो रजिस्ट्रार अधिक से अधिक सोसायटी के विरूद्ध धारा १२ डी और धारा १३, १३ बी, के अन्तर्गत कार्यवाही कर सकता है। धारा १२ डी के अनुसार रजिस्ट्रार 'रजिस्ट्रेशन निरस्त करने का अधिकार रखता है । उसे समिति समाप्त करने का अधिकार नहीं है । धारा १३ ए और १३ बी में भी रजिस्ट्रार को यह अधिकार नहीं दिया गया है। रजिस्ट्रार इस संदर्भ में जो आधारा १३ बी में दिए गये हैं उन पर न्यायालय को प्रार्थना पत्र दे सकता है कि सोसायटी का विघटनकर दिया जाये । आगरा में सिरडी साई बाबा मंदिर की सोसायटी 'श्री साई संस्थान' के नाम से निबन्धित थी तथा उसके अध्यक्ष ने अक्टूबर २००० में त्यागपत्र दे दिया और इस त्यागपत्र की सूचना उन्होंने डिप्टी रजिस्ट्रार को भी भेजी । डिप्टी रजिस्ट्रार ने सोसायटी के सचिव को एक कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया और सोसायटी के सभी कागजात मांगे। एक अन्य सदस्य ने यह भी शिकायत लिखित रूप में भेजी कि सोसायटी की कोई सामान्य या वार्षिक बैठक नहीं की जाती है । स्पष्टीकरण और शिकायतकर्ता को सुनने के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार ने यह निर्णय दिया कि सोसायटी का कार्य सही प्रकार से नहीं चल रहा है। और

*सहकर अत्याचार युगों से स्वाभिमान फिर जागा, दूर हुआ अज्ञान पार्थ का धनुषवाण फिर जागा।।*

सोसायटी की प्रबन्ध समिति विघटित की जाती है। इसके साथ ही डिप्टी रजिस्ट्रार ने एक परामर्श समिति को मान्यता प्रदान कर दी और तीन महीने में निर्वाचन करने का आदेश किया। इस आदेश के विरूद्ध रिट याचिका को इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया कि डिप्टी रजिस्ट्रार का आदेश नियम विरूद्ध होते हुए भी आदेश के अनुपालन में सोसायटी के चुनाव सम्पन्न हो गये और निर्वाचित कार्य समिति द्वारा सोसायटी का कार्य संचालन किया जा रहा है, जब कि रिट याचिका उन लोगों ने दाखिल की है जो सोसायटी पर अलोकतांत्रिक ढंग से कब्जा बनाये रखना चाहते हैं। गलत कार्य करने वाले को रिट याचिका में परतोष नहीं दिया जायेगा। सोसायटी का कार्य यदि निर्वाचित कार्य समिति द्वारा संचालित है तो उसमें हस्तक्षेप करना सहीं नहीं है। इस कारण डिप्टी रजिस्ट्रार का आदेश विधि विरूद्ध होते हुए भी अब हस्तक्षेप योग्य नहीं रह गया है।

प्रबन्ध समिति साई संस्थान प्रति - डिप्टी रजिस्ट्रार २००१ (१) एन बी ई एस आर - ४६५

## न्यायालय की भूलों का प्रभाव

बलिया जनपद न्यायालय में याची तृतीय श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। उन्हें प्रोन्नति मिली और उनको कुछ अन्य कर्मचारियों से ज्येष्ठता भी प्रदान कर दी गई। प्रतिबंधित कर्मचारियों ने इस सम्बन्ध में जनपद न्यायाधीश को प्रतिवेदन दिया। जनपद न्यायाधीश ने यह पाया कि याची एक तदर्थ कर्मचारी था और १९६० के शासकीय आदेश के अनुसार उन्हें वार्षिक वेतन वृद्धि का भी अधिकार नहीं है। उनके द्वारा एक कारण बताओ नोटिस याची को जारी कर दिया गया। याची ने उसका विस्तृत उत्तर दिया, लेकिन उन्होंने याची को प्रोन्नति के पूर्व के प्रारम्भिक वेतनक्रम में पदावनति कर दिया तथा जो धनराशि उनको प्रोन्नति पद पर प्राप्त हुई थी उसमें १०००-१००० रुपये की ९० किश्तों में वेतन से कटौती के आदेश कर दिये।

इस आदेश के विरूद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिट याचिका प्रस्तुत हुई। उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति ने याचिका को सुनने के पश्चात यह पाया कि उच्च न्यायालय द्वारा प्रशासकीय स्तर पर जो विभिन्न आदेश समय-समय पर जारी कर दिये गये हैं उनसे जनपद न्यायाधीश के समक्ष गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रशासकीय पक्ष में उच्च न्यायालय द्वारा जो आदेश जारी किया गया वे मौके की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखे बिना जारी किये गये तथा नियमों के विरूद्ध उच्च न्यायालय को प्रशासकीय स्तर पर जनपद न्यायाधीश के लिए उचित पथ प्रदर्शक आदेश जारी करना चाहिए। यह मामला इस बात का उदाहरण है कि जनपद न्यायाधीशों को आदेश जारी किये जाने के समय नियमों का ध्यान नहीं रखा गया, अन्यथा इस प्रकार के आदेश कभी भी पारित नहीं किया जा सकते। माननीय न्यायमूर्ति ने अपने निर्णय में यह भी लिखा कि टिप्पणी निश्चित रूपसे कड़वाहट भरी है, लेकिन विवशता में ऐसा लिखना पड़ा। याची को पूर्णतः अस्थाई रूप से २ महीने के लिए प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त किया गया, लेकिन यह अस्थाई तदर्थ नियुक्ति दो महीने के बजाय लगभग १ वर्ष तक चलती रही। कर्मचारियों के लिए परीक्षा १९८३ में ली गई, जिसका परिणाम १९८५ में प्रकाशित किया गया। ४८ प्रत्याशियों की सूची में याची का नाम ३९वें क्रम संख्या पर आया १२१ को नियमित नियुक्ति दी गई। सूची की जीवन अवधि एक वर्ष थी। सन् १९८६ में जिला न्यायाधीश ने इस सूची के शेष व्यक्तियों को बेरोजगार कर दिया। याची ०१ सितम्बर १९८२ से बेरोजगार रहा। उसने उच्च न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। उच्च न्यायालय ने विशेष परिस्थितियों में याची को नौकरी में लिये जाने का आदेश दिया। इस आदेश में उनकी सेवाएं नियमित किये जाने का आदेश/निर्देश था, जबकि वास्तव में याची सेवारत नहीं था।

उच्च न्यायालय द्वारा जारी इस पत्र

*जाग उठी है श्रमिक सेना जाग उठा वनवासी। चला उदधि को आज बांधने ईश्वर का विश्वासी।।*

से ही अनेकानेक भ्रम उत्पन्न हो गये । एक ऐसा व्यक्ति था जो भर्ती के लिए हुई परीक्षा में सफल नहीं हुआ था और आदेश के समय कार्यरत नहीं था फिर भी उसे नौकरी में नियमित किये जाने का आदेश पारित हो गया और इसी प्रकार का एक अन्य आदेश उसके बाद भी पारित हो गया जिसमें याची को ज्येष्ठता प्रदान कर दी गई और वह प्रोन्नति भी पा गया । इन परिस्थितियों में जिला न्यायाधीश के समक्ष उच्च न्यायालय के निर्देशों को मानने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं था, लेकिन इस सबसे बलिया जिला न्यायालय में सेवारत कर्मचारी के मध्य विचित्र परिस्थिति उत्पन्न हो गई । याची को पिछले दरवाजे से प्रवेश मिल गया था । एक व्यक्ति जो सेवा में नहीं था उसे ज्येष्ठता भी प्रदान कर दी गई थी । उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के कारण जिला न्यायाधीश भी भ्रमित हुए और उन्होंने अन्य कर्मचारी के ऊपर याची को ज्येष्ठता प्रदान कर दी । उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति ने इन सारी परिस्थितियों को देखते हुए यह पाया कि इस मामले में याची की अपनी कोई भूल नहीं है । इस कारण जो ६०,००० रुपये के लगभग विभिन्न भेत्त व प्रोन्नति वेतन उसे मिल चुका है उसकी कटौती नहीं होनी चाहिए, लेकिन उसे तदर्थ कर्मचारी का स्तर प्रदान किया जाना व वही वेतन क्रम प्रदान किया जाना गलत नहीं है। रिट याचिका आंशिक रूप से स्वीकृत कर दी गई। (यह निर्णय इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि उच्च न्यायालय के स्तर पर भी प्रशासकीय पक्ष में किसी प्रकार की भूल संभव है और उन भूलों का कितना व्यापक प्रभाव पड़ता है। रवीन्द्र नाथ चौबे - प्रति जिला न्यायाधीश, बलिया, २००१ (८९) फैक्ट्री लेवर रिपोर्ट - ११३

## पेंशन निरस्त करने के आधार

राजनीतिक पेंशन किन परिस्थितियों में मिलनी चाहिए ? इस मामले में अयोध्या प्रसाद प्रति भारत संघ के मामले में विचार किया गया । गृह मंत्रालय भारत सरकार ने अपने परिपत्र २१ मई, १९७५ के द्वारा महालेखाकार उत्तर प्रदेश को यह सूचना प्रेषित की कि याची को रु० २०० की मासिक राजनीतिक पेंशन स्वीकृत की जाती है । नवम्बर १९८२ में यह आदेश निरस्त कर दिया गया । इस संबंध में याची ने केन्द्र सरकार के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और इस बात पर जोर दिया कि भारतीय सुरक्षा नियमों के अन्तर्गत ६ महीने की अवधि के लिए उसे बन्द किया गया था । भारत सरकार ने बिना किसी स्पष्टीकरण को सुने और तथ्यों को विचार में लिए ही पेंशन निरस्त कर दी । उच्च न्यायालय ने यह पाया कि जो राजनीतिक पेंशन स्वाधीनता सेनानियों को दी जाती है उसके अनुसार ६ महीने जेल में बन्द रहना पेंशन पाने के लिए पर्याप्त आधार है । केन्द्र सरकार ने इस मामले में याची की पेंशन गलत तरीके से निरस्त कर दी और उनसे पेंशन की राशि वापस मांगना भी गलत था उच्च न्यायालय ने उन्हें फिर से पेंशन दिए जाने का आदेश पारित कर दिया और सन् १९७७ से बकाया पेंशन राशि दिए जाने का भी आदेश किया । उल्लेखनीय है कि याची श्री अयोध्या प्रसाद १९४४ में डी.आई.आर. के अन्तर्गत बांदा जेल में बन्द रखे गये थे । इस प्रकार स्वाधीनता सेनानी के साथ हुआ अन्याय लगभग १९ वर्ष के बाद उच्च न्यायालय द्वारा समाप्त हो सका। (यहाँ यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के रिट-याचिका निस्तारण में केवल दो वर्ष का समय केन्द्र और राज्य सरकार को भेजे गये प्रतिवेदन के निस्तारण में लगा । एक स्वाधीनता संग्राम सेनानी की पेंशन की राशि पाने के लिए इतना लम्बा समय लगना बहुत ही खेदजनक है । इससे स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार इन मामलों में कैसा नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाती है)। २००१ (४३) इलाहाबाद लॉ रिपोर्ट - ५३

*बढ़ रहे हैं हम निरन्तर चिर विजय की कामनायें*



# क्या हिन्दुस्तान में खाद्य समस्या फिर से आएगी?

*- एन० के० अवस्थी*

भारत एक कृषि प्रधान देश है ८० % भारत वासी कृषि के ऊपर आधारित हैं। लेकिन गुलामी के समय (ब्रिटिश काल) भारत की कृषि पर आवश्यकता के अनुसार ध्यान नहीं दिया गया। सिंचाई के साधन मुहैय्या नहीं कराए गए। उत्तम किस्म के बीजों का शोध नहीं किया गया कृषि को उद्योग के रूप में विकसित नहीं किया गया परिणाम स्वरूप देश में अकाल पड़ने लगे भारतवासी भूख से मरने लगे जबकि देश कृषि प्रधान था लेकिन ब्रिटिश हुक्मरानों को इससे कोई लेना देना नहीं था वह देश वासियों को अपना गुलाम समझते थे।

भारत स्वतंत्र हुआ कृषि की ओर ध्यान दिया गया सिंचाई के साधन बने सिंचाई के निजी साधन भी बने उत्तम किस्म के बीजों का प्रादुर्भाव हुआ कृषि के क्षेत्र में हरित क्रांति का अभियान चलाया और भारत अस्थाई रूप से खाद्य समस्या से उबर गया ऐसा वाह्य दृष्टि कोण से आम भारतीय को प्रतीत हो रहा है लेकिन यह स्थित अस्थाई है। भारत में हरित क्रांति के नाम पर अंधी दौड़ हो रही है। इससे अस्थाई लाभ तो मिल सकता है लेकिन २० वर्ष बाद भारत में खाद्य समस्या पुनः आ जाएगी इस कथन का आधार है भारत में वर्तमान समय में हरित क्रांति नाम तो भारतीय है लेकिन क्रान्ति लाने के लिए जिन साधनों का जो प्रयोग किया जा रहा है वह विदेशी है यदि देश का किसान विदेशी अनुसंधान से निर्मित यूरिया पर डी०ए०पी० का प्रचुर मात्रा में १००% करके भूमि की ऊर्जा मात्र १० या २० साल में तेजी से निकाल लेगा तो ऊर्जा समाप्त भूमि में २० वर्ष बाद उत्पादन क्या होगा ? इसलिए हरित क्रांति प्राप्त करने के लिए भारतीय मूल आधारित साधनों का ही प्रयोग करना पड़ेगा अर्थात कम्पोस्ट खाद का प्रतिशत अधिक एक पुट के रूप में यूरिया पर डी० ए० पी० का प्रयोग छिड़काव के रूप में करना पड़ेगा।

विदेशी शोध के १००% प्रयोग से भारत के खाद्य उत्पादन की गुणवत्ता दिन पर दिन गिरती जा रही है, गुणवत्ता ही नहीं पौस्टिकता भी घटती जा रही है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों से भारत का गेहूँ/चावल गुणवत्ता के अभाव में पुनः वापिस आ रहा है उसके भेजने व वापिस लाने का खर्चा सम्बन्धित संस्था के खातों में निरर्थक रूप से खर्चो में दिखाया जा रहा है। पौस्टिकता का भी अभाव हो रहा है भारत के सामान्य नागरिक को २० वर्ष पूर्व २७४९ कैलोरी भोजन में प्राप्त हो रही थी वर्तमान में २२११ कैलोरी प्राप्त हो रही है माने ५३८ कैलोरी कम प्राप्त हो रही है जबकि चीन, ब्राजील में २७५७ व २७६७ कैलोरी प्राप्त हो रही है। इतना ही नहीं भारत में खाद्य व्यवस्था को योजनाबद्ध तथा ईमानदारी से चलाया जा रहा है इसमें भी उच्च प्रशासनिक भारी खामी है भारत में खाद्यान के रख रखाव के लिए १० हजार करोड़ रूप ये प्रति वर्ष खर्च तो किया जा रहा है फिर भी खाद्यान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने में १७२ करोड़ का खाद्यान नष्ट हो रहा है और भण्डारण हानि ५८ करोड़ की आ रही है यदि यह व्यवस्था ईमानदारी से सुधार ली जाए तो यही खाद्यान २३० करोड़ का खाद्यान गरीब मजदूरों को जो इसको उत्पादित कर रहे हैं मुफ्त में बांटा जा सकता है।

करना यह होगा कि क्रांति को यह न मान लिया जाए कि स्थाई रूप से हरित क्रांति प्राप्त हो गई। इसके लिए कम्पोस्ट खाद पर आधारित रहना पड़ेगा जिसके लिए गाय ही सर्वोच्च है इस हेतु गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करना पडेगा जिस समय भारत सोने की चिड़िया था जहां, दूध दही की नदियां बहती थीं उस समय गाय राष्ट्रीय पशु था। यह मान्यता शोधयुक्त है इसमें पुनः विचार करने की आवश्यकता नहीं है। इससे खाद्यान के उत्पाद में स्थाई वृद्धि होगी और स्थिरता रहेगी भूमि का क्षरण कम होगा और पौस्टिकता का भी बचाव किया जाएगा अन्यथा भारतवासियों में नाना प्रकार की बीमारियां फैलेंगी।

*अनगिन जीवन धारा मिलकर इस धरती पर आई, गंगा यमुना के जल सी हो, भेद अभेद समाई।*

भारत की जनसंख्या पर ईमानदारी से नियंत्रण किया जाना चाहिए। भारत की जनसंख्या गुणात्मक आंकड़ों से बढ़ रही है जबकि उत्पाद कभी भी गुणात्मक आंकड़ों से नहीं बढ़ सकता इस नियंत्रण में धर्म व जाति का कोई आधार नहीं होना चाहिए किसी धर्म में यह नहीं लिखा है कि इतने बच्चे पैदा किए जाएं इनको पैदा करने वाला उन्हें भोजन भी नहीं करा सकें। जहाँ तक धर्म का प्रश्न है मगर जनसख्या नियंत्रण में चीन में धर्म आड़े नहीं आ रहा है तो भारत में धर्म आड़े क्यों आ रहा है ? यही इस समय राष्ट्र का धर्म है, जो राष्ट्र का धर्म है वहीं राष्ट्र के नागरिकों का धर्म होना चाहिए। देश में चावल व गेहूँ को ही नहीं ज्वार, बाजरा व मक्का का उत्पादन गिरना प्रारम्भ हो गया है। पिछले वर्ष चावल का उत्पादन १२८.४६ लाख मैट्रिक टन हुआ था लेकिन इस वर्ष चावल का उत्पादन ८१ लाख मैट्रिक टन हुआ अर्थात पिछले साल से ४७.४६ लाख मैट्रिक टन कम हुआ। ज्वार, बाजरा, मक्का का भी उत्पादन कम हुआ और गेहूँ का भी उत्पादन का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है २५० लाख मैट्रिक टन उसे भारत प्राप्त करने नहीं जा रहा है। इसलिए समय रहते भारत के कृषि वैज्ञानिक एवं खाद्य संगठन के लगे लोग इस विषय में ईमानदारी से सोचें और भारतीय दर्शन पर आधारित कार्य करें। यह कहाँ का भारतीय दर्शन है कि भारत का नागरिक भूख से मरे और खाद्यान रख-रखाव के संगठन अपनी व्यक्तिगत जेबें भरे इस प्रवृत्ति में सुधार न हुआ तो समस्या विकराल रूप ले सकती है और तभी भारत की खाद्य समस्या से स्थाई रूप से निपटा जा सकता है।

## संस्कृति

*राष्ट्र की सांस्कृतिक स्वतंत्रता तो अत्यन्त महत्व की है, क्योंकि संस्कृति ही राष्ट्र के सम्पूर्ण शरीर में प्राणों के समान संचार करती है। प्रकृति के तत्वों पर विजय पाने के प्रयत्न में तथा मानवानुभूति की कल्पना में मानव जिस जीवन दृष्टि की रचना करता है। वह उसकी संस्कृति है। संस्कृति कभी गतिहीन नहीं होती अपितु वह निरन्तर गतिशील है, फिर भी उसका अपना एक अस्तित्व है। नदी के प्रवाह की भांति निरन्तर गतिशील होते हुए भी वह अपनी निजी विशेषताएं रखती है जो उस सांस्कृतिक दृष्टिकोण को उत्पन्न करने वाले समाज के संस्कारों में तथा उस सांस्कृतिक भावना से अन्य राष्ट्र के साहित्य, कला, दर्शन, स्मृति, शास्त्र, समाज-रचना, इतिहास एवं सभ्यता के विभिन्न अंग-अंगों में व्यक्त होती है।*

*- पं. दीनदयाल उपाध्याय*

*हम अगस्त बन महासिंधु को, अंजुलि में पी जायें, तीन डगो में सृष्टि नाप लें, कालकूट पी जायें।*



# धारणाधिकार

*- श्रीमती आशा सक्सेना, सदस्य कार्यसमिति*

**1. धारिणाधिकार (लिएन) - क्या है ?**

धारणाधिकार का मतलब उस पदवी (खिताब) या अधिकार (हक) से होता है जो सरकारी कर्मचारी को किसी स्थायी पद को मौलिक रूप से धारण करने के लिए मिलता है। यह अधिकारी को उसे किसी पद पर मूल रूप से धारण करने के लिए मिलता है। यह अधिकार उसे किसी पद पर मूल रूप से रूप से नियुक्ति होने पर मिलता है भले ही वह पद सावधिक (टेन्योर) पद हो। (परिभाषा-अध्याय ३ मद ३६ देखें)। यह भी कहा जा सकता है कि किसी कर्मचारी का स्थायी पद पर स्थायीकरण कर दिया जाये तो उसे स्थायी पद का धारणधिकार मिल जाता है। [एफ- आर 9 (13)]

**2. 1.4.1988 से धारणाधिकार की नयी धारणाः**

1.4.1988 से यह निर्णय किया गया कि किसी सरकारी कर्मचारी को उस सेवाकाल में केवल एक बार ही स्थायी किया जायेगा, वह भी प्रवेश के ग्रेड में। इस प्रकार उसकी पदोन्नती पर यदि वह किसी नियमित पद पर हो - उसे उच्चतर पद पर धारणाधिकार मिल जायेगा, हालांकि वह अस्थायी होगा।

धारणाधिकार का अर्थ अब यह होगा कि सरकारी कर्मचारी को किसी नियमित पद का अधिकार या पदवी होगी, भले ही वह पद स्थायी हो या अस्थायी। इस प्रकार किसी ग्रेड में धारणाधिकार का लाभ उन सभी कर्मचारियों को होगा चाहे वे अपने प्रवेश के पहले ग्रेड में स्थायी कर दिये गये हों, या उन्हें जब किसी उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत किया गया हो तो उन्होंने प्रोबेशन निर्धारित न हो और उन्हें नियमित आधार पर पदोन्नति किया गया है।

पिछले पैरा में जिस प्रकारा की चर्चा की गई उसके लिए शर्त केवल यही है कि अगर आगे चलकर किसी समय उस ग्रेड में उपलब्ध पदों की सख्या से उन पदों के हकदार व्यक्तियें की संख्या अधिक हो जाय तो सबसे कनिष्ठ (जूनियर) होगा उसे निचले पद पर पदावनत कर दिया जायेगा। उदाहरण के लिए, धारणाधिकार के हक वाला कोई अपनी इतर (फारेन) सेवा या डेपुटेशन से वापिस लौटे और उसके लिए कोई पद खाली न हो तो उसे ग्रेड के सबसे कनिष्ठ कर्मचारी को पदावनत कर दिया जायेगा। यदि लौटने वाला कर्मचारी खुद ही सबसे कनिष्ठ हो तो उसे ही निचले पद पर पदावनत किया जा सकता है। [ कार्मिक व प्रशि. विभाग, का ज्ञा. सं. 18011/1/85 इस्टे/डी.दि. 28.3.1988,

**3. केन्द्रीय सिविल सेवाओं में समय से स्थायीकरण :**

संघ-लोक सेवा आयोग ने 1996–97 की अपनी 47वीं वार्षिक रिर्पोट में स्थायीकरण में होने वाले विलम्ब पर टिप्पणी की है। इस विषय में सरकार ने सारी प्रक्रिया के सरलीकरण के जो आदेश जारी किये हैं, उनके समय से अनुपालन पर जोर दिया है। [ कार्मिक विभाग, का. ज्ञा. सं. 18011/2/98 स्था. (ग) दिनांक 28.8.98]

**4. डेपुटेशन या इतर (फारेन) सेवा पर जाने की स्थिति में धारणधिकार :**

(क) किसी सरकारी कर्मचारी को किसी दूसरे विभाग या सरकार या पब्लिक सेक्टर या कारपोरेशन या स्वायत्त

*लेकर शस्त्र-शास्त्र को कर में शत्रु हृदय दहलाने, पृथ्वी के हम अमर पुत्र हैं, जग को चले जगाने।*

संस्था आदि में जनहित में भेजा जा सकता है।

(ख) सरकारी कर्मचारी अपनी इच्छा से किसी विज्ञापन या परिपत्र के संदर्भ में नियमित माध्यम से प्रार्थना पत्र भेजकर किसी दूसरे केन्द्र सरकार के विभाग/कार्यालय में जा सकता है।

पहली, यानी (क) में दी गई सूरत में सरकारी कर्मचारी का यदि वह स्थायी हो तो अपने विभाग में धारणधिकार रहेगा। यदि वह अर्ध-स्थायी या अस्थायी हो तो भी वह लौट सकेगा। हालांकि उसका धारणधिकार नहीं रहेगा। दूसरी, यानी (ख) में दी सूरत में उसकी स्थिति इस प्रकार होगी :

(i) **यदि वह स्थायी हों** - दो साल तक धारणाधिकार रहेगा जिसे विशेष रूप से तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है।

(ii) **अर्ध-स्थायी** - वह दो साल या विशेष स्थिति में तीन साल के भीतर लौट सकता (क्वासी परमानेण्ट) है बशर्ते वह पद अभी भी जारी हो।

(iii) **अस्थायी** - पुराने विभाग से कोई संबध नही रहेगा। उसे इस्तीफा देना होगा। [ गृह मंत्रालय, का. ज्ञा. सं. ६०/३७/६३ इस्टे(ए)/, दिनांक १४.७.१९६७]

**५. विकासशील देशों के लिए सरकार के आधार पर डेपुटेशन की स्थिति में धारणाधिकार :**

एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के विकासशील देशों के विदेशी नियुक्ति अनुभाग के द्वारा सरकार से सरकार के आधार पर डेपुटेशन होने पर सरकारी कर्मचारी के धारणाधिकार की स्थिति इस प्रकार होगी :

(i) **स्थायी** - धारणाधिकार शुरूआत में दो साल के लिए होगा जिसे बाद में पांच साल तक बढ़ाया जा सकेगा।

(ii) **अर्ध-स्थायी** - इनके मामले में धारणधिकार का प्रश्न ही नहीं है। किन्तु स्थायीकरण और अस्थायी के लिए इनके बारे में विचार किया जायेगा और पांच साल की अधिकतम सीमा तक इनकी सेवा को लगातार सेवा का निर्धारण करने में जोड़ा जा सकेगा।

## *सफलता का राजमार्ग*

*'एक लक्ष्य अपनाओ। उस लक्ष्य को ही अपना जीवन कार्य समझो। हर क्षण उसी का चिंतन करो, उसी का स्वप्न देखो, उसी के सहारे जीवित रहो। मस्तिष्क, मांसपोशियां, नसे आदि शरीर के प्रत्येक अंग उसी विचार से ओत-प्रोत हो और अन्य प्रत्येक विचारकों किनारे पड़ा रहने दो। सफलता का यही राजमार्ग है, इसी मार्ग पर चलकर अब तक आध्यात्मिक महापुरूष पैदा हुए हैं। अन्यों को केवल बोलने वाले यन्त्र मात्र समझो।*

*- स्वामी विवेकानन्द जी*

*भारत की संताने हम सब, श्रमिक हैं भाई-भाई, माता का सम्मान बढ़ाने, यह मंगल बेला आई।*

*With Best Compliments From :*

# J. K. DRUGS & PHARMACEUTICALS

***Manufacturers of :***

Bulk Drug & Intermediate Products

Plot No. A-2, BIJNOR ROAD
UPSIDC INDUSTRIAL AREA, GAJRAULA-244235
JYOTIBA PHULE NAGAR (U.P.)
Tel : (05924) 252592,252593 Fax. : 05924-252314

4302

*With Best Compliments From :*

WHEN IT COMES TO
**COMMUNICATION,**
WE SPEAK ONE LANGUAGE...
**GLOBAL!!**





***TCIL'S AREA OF EXPERTISE***

- *Investment Plan Studies*
- *Design*
- *Planning and Procurement*
- *Engineering*
- *Installation, Testing & Commissioning*
- *Quality Control*
- *Techno-economic Feasibility Studies*
- *Project Supervision*
- *Operations and Maintenance*
- *Human Resource Development*
- *Manufacturing Consultancy*
- *Software Development*
- *Network Development*
- *Postal Consultancy*
- *Training*
- *Managerial Support*

TCIL has been spearheading the telecommunications industry for the past 24 years. This experience has helped us develop a strong instinct when it comes to communication. Empowered with this instinct TCIL senses the need to develop the telecom sector across the globe - whenever and wherever the need be!

As a major service provider, TCIL has joint ventures with renowned global conglomerates and has successfully executed telecom projects on turnkey basis, spanning over 50 nations worldwide. Having transformed rural Africa into the land of Digital Network, Fibre Optical Cables, WLL Systems, TCIL has now set its sights on Algeria and Afghanistan to make them a part of the global vision. Having established itself in the field of telecom, TCIL is now expanding into Basic, Cellular, GMPCs and Internet Services.

Little wonder then, when it comes to global communication we speak just one language ... global!!

**TCIL FOCUSSED VISION, GLOBAL MISSION**